जयपुर, शनिवार, 7 जून, 2025
www.mahanagartimes.com
जयपुर
जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित
मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 28 | अंक : 196
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी
महानगर टाइम्स



# पीएम ने तिरंगा लहराकर चिनाब आर्च ब्रिज का किया उद्घाटन

## कश्मीर को जोड़ने वाली पहली ट्रेन भी शुरू

पीएम मोदी सबसे आखिर में कटरा पहुंचे। यहां के रेलवे स्टेशन पर उन्होंने कश्मीर को जोड़ने वाली कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। नॉर्दर्न रेलवे ने बताया कि नॉर्दर्न रेलवे 7 जून से कटरा-श्रीनगर रूट पर वंदे भारत ट्रेन सर्विस शुरू कर देगी। आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर टिकट बुकिंग की जा सकेगी। हफ्ते में 6 दिन दो ट्रेनें कटरा और श्रीनगर के बीच चलेंगी। ट्रेन में दो ट्रैवल क्लास हैं।

# हमने चुनौती को ही चुनौती देने का रास्ता चुना : मोदी

महानगर संवाददाता

**श्रीनगर।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पहलगाम हमले के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर का दौरा किया। उन्होंने यहां के रियासी जिले में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का तिरंगा दिखाकर उद्घाटन किया। इसके बाद अंजी ब्रिज और कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन कटरा-श्रीनगर वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई।

### ‘कश्मीर के लोगों ने सपने देखना ही छोड़ दिया था’

पीएम ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में जनता अपनी पसंद के नुमाइंदे चुन सके, यह भी आतंकवाद के चलते चुनौती बन गया था। बरसों तक आतंक सहने के बाद जम्मू-कश्मीर ने इतनी बर्बादी देखी थी कि लोगों ने सपने देखना ही छोड़ दिया था। आतंकवाद को ही भाग्य मान लिया था। हमने इसे बदलकर दिखाया है। आज यहां का नौजवान नए सपने भी देख रहा है। लोग जम्मू-कश्मीर को फिर से फिल्मों, खेलों का हब बनते देखना चाहते हैं। हमने इसे माता खीर भवानी के मेले में भी देखा। उन्होंने कहा कि 3 तारीख से अमरनाथ यात्रा शुरू हो रही है। ईद का भी माहौल है। ये सब आतंकी हमले से डिगने वाला नहीं है। नरेंद्र मोदी का वादा है कि विकास रुकने नहीं दूंगा। कोई बाधा आएगी तो उसे मोदी का सामना करना पड़ेगा। आज 6 जून है। एक महीने पहले 6 मई की रात पाकिस्तान पर कयामत बरसी थी। पाकिस्तान कभी ऑपरेशन सिंदूर सोचेगा तो अपनी शिकस्त याद आएगी। पाकिस्तान ने कभी नहीं सोचा था कि भारत उनके यहां अंदर जाकर आतंक के ठिकानों पर हमला करेगा। आतंक की इमारतें खंडहर बन गई हैं। पाकिस्तान बौखला गया है। उसने गुस्से में जम्मू, पुंछ समेत कई इलाकों में घर, मंदिर, गुरुद्वारों पर शेलिंग की। आपने जैसे मुकाबला किया, वह हर देशवासी ने देखा। आपके साथ देशवासी पूरी शक्ति से खड़े हैं।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर मां भारती का मुकुट है। ये मुकुट अलग-अलग रत्नों से जड़ा हुआ है। यहां की संस्कृति, संस्कार, जड़ी-बूटियों का संसार, यहां के युवाओं में जो टैलेंट है, वह मुकुट मणि की तरह चमकता है। ये हमारी सरकार का सौभाग्य है कि इस प्रोजेक्ट ने हमारे कार्यकाल में गति पकड़ी और हमने इसे पूरा करके दिखाया। रास्ते में आने-जाने की मुश्किलें, मौसम की परेशानी, लगातार पहाड़ों से गिरते पत्थर, ये प्रोजेक्ट पूरा करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन हमारी सरकार ने चुनौती को ही चुनौती देने का रास्ता चुना है। हमने चुनौती को ही चुनौती देने का रास्ता चुना।



### पेरिस के एफिल टावर से ऊंचा है चिनाब आर्च ब्रिज

चिनाब आर्च ब्रिज रियासी जिले में बक्कल और कौड़ी के बीच बना है। इसे 2003 में मंजूरी मिली थी। शुरुआती प्लान के मुताबिक इसे 2009 तक तैयार हो जाना था, लेकिन इसे पूरा होने में 22 साल लग गए। यह सवा किमी से ज्यादा लंबा है और नदी से ऊंचाई 359 मीटर है। यह पेरिस के एफिल टावर (330 मीटर) से 29 मीटर ऊंचा है। लागत 1486 करोड़ रुपए है।

### आतंक, पाकिस्तान, कश्मीर टूरिज्म पर बोले

पीएम ने कहा कि दुर्भाग्य से हमारे पड़ोस का देश, मानवता का विरोधी, मेलजोल का विरोधी है। वह ऐसा देश है जो गरीब की रोजी-रोटी का भी विरोधी है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, वह इसी का उदाहरण है। पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। हमने 6 मई को उस पर कयामत बरसा दी।

### केबल स्टे अंजी ब्रिज का भी उद्घाटन

पीएम ने मोदी ने अंजी खड्ड पर बने भारत के पहला केबल स्टे रेल ब्रिज का भी उद्घाटन किया। यह पुल नदी तल से 331 मीटर की ऊंचाई पर बना है। 1086 फीट ऊंचा एक टावर इसे सहारा देने के लिए बनाया गया है, जो करीब 77 मंजिला बिल्डिंग जितना ऊंचा है। यह ब्रिज अंजी नदी पर बना है जो रियासी जिले के कटरा को बनिहाल से जोड़ता है। चिनाब ब्रिज से इसकी दूरी महज 7 किमी है। पुल की लंबाई 725.5 मीटर है। इसमें से 472.25 मीटर का हिस्सा केबल्स पर टिका है।

### कनाडा के पीएम ने मोदी को जी7 समिट का भेजा न्योता

**नई दिल्ली।** कनाडा ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जी7 देशों की समिट में शामिल होने के लिए न्योता भेजा है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने पीएम मोदी को फोन कर समिट के लिए बुलाया है। मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। मोदी ने आमंत्रण के लिए कार्नी का आभार जताया और कनाडा के चुनाव में जीत हासिल करने पर बधाई भी दी। साथ ही कहा कि उन्हें समिट में कार्नी से मुलाकात का बेसब्री से इंतजार है। यह समिट कनाडा के अल्बर्टा प्रांत के कनानास्किस में 15 से 17 जून तक होगी। भारत को यह न्योता समिट शुरू होने के ठीक 8 दिन पहले मिला है।

## मुख्यमंत्री वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना, पहली बार एसी ट्रेन में रवाना हुए यात्री

# तीर्थस्थलों की सनातन संस्कृति को जोड़ने में बड़ी भूमिका : भजनलाल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना की ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस बार योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों को फर्स्ट एसी राजस्थान वाहिनी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन के माध्यम से दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से रवाना किया गया। तीर्थयात्री रामेश्वरम एवं मदुरैई के तीर्थ स्थलों की यात्रा करेंगे। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ नागरिकों से ट्रेन में चढ़कर मुलाकात की और उनकी सुगम एवं सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।




इस मौके पर आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वरिष्ठजन हमारे लिए अमूल्य धरोहर हैं और समाज का एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। इनके अनुभव और आदर्श हमें जीवन में सही राह पर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत इस साल 50 हजार वरिष्ठजनों को पहली बार एसी ट्रेनों से 13 विभिन्न तीर्थस्थलों की यात्रा करवाई जा रही है। साथ ही लगभग छह हजार श्रद्धालुओं को हवाई जहाज से नेपाल में भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य एवं राज्य के बाहर देवस्थान विभाग द्वारा प्रबंधित 593 राजकीय मंदिरों की मासिक भोग राशि में वृद्धि, विभिन्न मंदिरों में उत्सव मनाना, मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं जनसुविधाओं के विकास कार्य सहित अनेक काम किए हैं। कार्यक्रम में देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि बजट घोषणा के अनुसार यह पहली ट्रेन है। हमने पिछली बार छूट चुके आवेदकों को भी यात्रा का अवसर दिया है। 21 हजार यात्री संख्या को बढ़ाकर 56 हजार किया है। इनमें 6 हजार को हवाई मार्ग से यात्रा करवाई गई।

### ‘ट्रेन नहीं राजस्थान की छवि है यह’

तीर्थ यात्री ट्रेन को राजस्थान की छवि के अनुसार जैसलमेरी माटी का रंग दिया गया था। हर डिब्बे पर यहां के ऊंट, मोर और यहां की संस्कृति को दर्शाया गया था। यह ट्रेन पैलेस ऑन व्हील्स के जैसी राजसी वैभव दिखा रही थी। एक डिब्बा सेना को समर्पित किया गया था, जिस पर सेना में राजस्थान के वीरों के योगदान को दिखाया गया था। ट्रेन में वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा और स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखा गया है। ट्रेन में डॉक्टर की टीम है जो पूरे 8 दिन साथ रहेगी। इसके साथ ही सरकार की ओर से व्यवस्थापक भी हैं, रेलवे के 80 कर्मचारी यात्रियों को भोजन सहित सभी सुविधा मुहैया करवाएंगे।

## सर्वसमाज को संस्कार, अनुशासन, धैर्य, कर्तव्य निष्ठा और मातृभूमि के प्रति कर्तव्य परायण की राह बताने वाले भगवान सिंह का महाप्रयाण

# ब्रह्मर्षि रोलसाहबसर ब्रह्मलीन



## सीएम, पूर्व सीएम सहित मंत्रियों और धार्मिक संतों ने युगपुरुष के अंतिम दर्शन कर दी विदाई

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्री क्षत्रिय युवक संघ के संरक्षक भगवानसिंह रोलसाहबसर का गुरुवार देर रात निधन हो गया। वे जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल भर्ती थे और वेंटिलेटर पर थे। उनके निधन की सूचना प्रसारित होते ही ना केवल क्षत्रिय समाज वरन सभी समाजों में शोक की लहर व्याप्त हो गई।

उनकी पार्थिव देह को जयपुर में संघ शक्ति भवन में अंतिम दर्शनों के लिए रखा गया। अंतिम संस्कार झोटवाड़ा के लता सर्किल स्थित मोक्षधाम में हुआ। क्षत्रिय युवक संघ प्रमुख लक्ष्मण सिंह बैण्यांकाबास ने मुखाग्नि दी। रोलसाहबसर का अंतिम संस्कार वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ स्वरूप हुआ। इसमें क्षत्रिय युवक संघ के स्वयंसेवकों ने मंत्रोच्चार कर यज्ञ-समिधाओं के साथ घी की आहुति देते हुए अंत्येष्टि की। संघ की ही एक शाखा प्रताप फाउंडेशन के अध्यक्ष महावीर सिंह सरवड़ी पूरे समय मौजूद रहे। उनके निधन पर 100 से अधिक स्वयंसेवकों ने श्रद्धास्वरूप मुंडन कराकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### अंतिम दर्शन के लिए लोगों का लगा तांता

संघ शक्ति कार्यालय में श्री क्षत्रिय युवक संघ के संरक्षक रोलसाहबसर की पार्थिव देह के अंतिम दर्शन करने वालों का सुबह से तांता लगा रहा। तेज गर्मी में भी आमजन के साथ नेता वहां आते रहे और ब्रह्मपुरुष की पार्थिव देह पर श्रद्धासुमन अर्पित करते रहे। उनकी शवयात्रा में बड़ी संख्या में संघ परिवार, समाज, संघ और राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोग शामिल रहे। झोटवाड़ा बाजार ने उनकी पार्थिव देह पर पुष्पवर्षा कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### युवाओं में सुसंस्कार का किया बीजारोपण : सीएम



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झोटवाड़ा स्थित संघ शक्ति भवन में क्षत्रिय युवक संघ के संरक्षक रोलसाहबसर की पार्थिव देह के अंतिम दर्शन कर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने रोलसाहबसर के योगदान का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन युवा पीढ़ी में सुसंस्कार और अनुशासन का बीजारोपण करने में लगा दिया। उन्होंने ना केवल क्षत्रिय समाज बल्कि सर्वसमाज के लिए जिस समर्पण, निष्ठा और सेवाभाव से काम किया, वह सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

### राजर्षि थे भगवान सिंह रोलसाहबसर : गोपाल शर्मा



सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने संघ शक्ति भवन जाकर रोलसाहबसर को अंतिम प्रणाम कर पुष्प चक्र अर्पित किया। उन्होंने कहा कि भगवान सिंह रोलसाहबसर राजर्षि थे। उनका देवलोकगमन समाज और राष्ट्र के लिए बड़ी क्षति है, वे सामाजिक आत्मबल, अनुशासन, मर्यादा और वैचारिक दृढ़ता के प्रतीक थे। शर्मा ने कहा कि रोलसाहबसर का संपूर्ण जीवन सेवा, समर्पण और संस्कारों की जीवंत मिसाल रहा।

### ये हुए अंतिम संस्कार में शामिल

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी एवं प्रेमचंद बैरवा, कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, बाबूसिंह राठौड़, विधायक हाकम अली, विधायक छोटूसिंह भाटी, विधायक रविन्द्र सिंह भाटी, विधायक विक्रम सिंह, विधायक मनोज न्यांगली, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां, पूर्व मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास, नरपत सिंह राजवी, हेमाराम चौधरी, भंवर सिंह भाटी, धर्मेन्द्र सिंह राठौड़, यशवर्धन सिंह झेरली, भाजपा नेता श्रवण सिंह बगड़ी, राजेंद्र सिंह शेखावत, सूरज सोनी, रवि नैय्यर, एएजी सुरेन्द्र सिंह नरुका, गजेन्द्र सिंह राजावत, प्रेमसिंह बनवासा, श्रीराजपूत सभा भवन के अध्यक्ष रामसिंह राजावत के साथ पूरी कार्यकारिणी, बद्रीसिंह राजावत, राजपूताना संघ के अध्यक्ष भंवर सिंह रैटा, पराक्रम राठौड़, अभिमन्यु राजवी, महेन्द्र खेड़ी सहित दो सौ से अधिक क्षत्राणियों ने पार्थिव देह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इनके अलावा अनेक सामाजिक नेता और पार्षद मौजूद रहे।

संबंधित खबर पृष्ठ 3 पर

## सुप्रीम कोर्ट का फैसला : एग्जाम भी एक ही शिफ्ट में होगा

# नीट पीजी-2025 की परीक्षा अब 3 अगस्त को होगी

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** नीट पीजी 2025 की परीक्षा अब 3 अगस्त को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने 6 जून को नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज को परीक्षा की तारीख आगे बढ़ाने की अनुमति दे दी है। अब यह परीक्षा एक ही शिफ्ट में कंप्यूटर बेस्ड मोड में ली जाएगी। इससे पहले नीट पीजी परीक्षा 15 जून को दो शिफ्टों में होनी तय थी, लेकिन कोर्ट ने 30 मई को आदेश दिया था कि परीक्षा केवल एक ही शिफ्ट में कराई जाए। साथ ही एनबीई को यह छूट भी दी थी कि वह जरूरत पड़ने पर परीक्षा की तारीख आगे बढ़ा सकता है। एनबीईएमएस ने कोर्ट को बताया कि उन्हें परीक्षा के लिए देशभर में 250 से ज्यादा शहरों में 1,000 से अधिक केंद्रों की जरूरत होगी। परीक्षा कंप्यूटर आधारित है, इसलिए इतने बड़े स्तर पर व्यवस्थाएं करने के लिए और समय जरूरी था।

# चिकित्सा मंत्री की पत्नी प्रीति कुमारी पंचतत्व में विलीन



**नागौर (मसं)।** चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर की पत्नी प्रीति कुमारी की सोमवार को खींवसर के पास पदमसर तिराहे स्थित श्मशान घाट में राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि हुई। उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के लिए सुबह से ही लोगों का का तांता लगा रहा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अंत्येष्टि में शामिल हुए और शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने मोक्षधाम पहुंच कर प्रीति कुमारी की पार्थिव देह के अंतिम दर्शन किए और पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अंतिम यात्रा में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, मंत्री के.के. विश्नोई, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र प्रचारक निंबाराम, सांसद झालावाड़ दुष्यंत सिंह, सी.आर. चौधरी, पूर्व विधायक मोहनराम चौधरी, भाजपा नेता अशोक सैनी सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## मस्क की कंपनी को टेलीकॉम मिनिस्ट्री से मिली मंजूरी

# भारत में हाई स्पीड सैटेलाइट इंटरनेट देगी स्टारलिंक

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स को स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस भारत में ऑपरेट करने के लिए टेलीकॉम डिपार्टमेंट का लाइसेंस मिल गया है। अब उसे सिर्फ इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथराइजेशन सेंटर यानी (इन-स्पेसई) के अप्रूवल का इंतजार है।

रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है। स्टारलिंक तीसरी कंपनी है, जिसे भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस ऑपरेट करने का लाइसेंस मिला है। इससे पहले वनवेब और रिलायंस जियो को मंजूरी मिली थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक स्टारलिंक भारत में 840 रुपए में महीनेभर अनलिमिटेड डेटा देगा। आधिकारिक तौर पर मस्क की कंपनी ने इसकी जानकारी नहीं दी है।

## बड़ी राहत — सस्ते होंगे लोग, 20 साल में 20 लाख के लोन पर करीब 1.48 लाख का फायदा

# रिजर्व बैंक ने ब्याज दर 0.50 फीसदी घटाई

महानगर संवाददाता

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) बैंकों को दिए जाने वाले कर्ज की दर यानी रेपो रेट में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। अब रेपो रेट 5.50 प्रतिशत रह गई है। इससे बैंकों को आरबीआई से कम ब्याज पर कर्ज मिलेगा।



ब्याज में इस कटौती को बैंक अपने ग्राहकों को ट्रांसफर करते हैं, तो आने वाले दिनों में लोन सस्ते हो सकते हैं। लोन सस्ते होने पर लोगों की मौजूदा ईएमआई भी घट जाएगी। ब्याज दरों में कटौती का फैसला मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की 4 से 6 जून तक चली मीटिंग में लिया गया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 6 जून की सुबह इसकी जानकारी दी।

आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। महंगाई कंट्रोल करने के लिए इसे बढ़ाया-घटाया जाता है। ताजा कटौती के बाद 20 साल के लिए लिए गए 20 लाख के लोन पर करीब 1.48 लाख का फायदा मिलेगा। इसी तरह 30 लाख के लोन पर 2.22 लाख का फायदा होगा। नए और मौजूदा ग्राहकों दोनों को इसका फायदा मिलेगा। गौरतलब है कि आरबीआई ने फरवरी में हुई मीटिंग में ब्याज दरों को 6.5 प्रतिशत से घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया था। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की ओर से ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई थी। दूसरी बार अप्रेल में हुई मीटिंग में भी ब्याज दर 0.25 प्रतिशत घटाई गई। अब तीसरी बार दरों में कटौती हुई है। यानी, मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी ने तीन बार में ब्याज दरें 1 प्रतिशत घटाई हैं।

### हाउसिंग डिमांड बढ़ने पर होगा ज्यादा निवेश

रेपो रेट घटने के बाद बैंक भी हाउसिंग और ऑटो जैसे लोन्स पर ब्याज दरें कम करते हैं। ब्याज दरें कम होने पर हाउसिंग डिमांड बढ़ेगी। ज्यादा लोग रियल एस्टेट में निवेश कर सकेंगे। इससे रियल एस्टेट सेक्टर को बूस्ट मिलेगा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि कैश रिजर्व रेश्यो (सीआरआर) में 1 प्रतिशत की कटौती करके इसे 4 प्रतिशत से घटाकर 3 प्रतिशत करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि आरबीआई के इस कदम से 2.5 लाख करोड़ फाइनेंशियल सिस्टम में आएंगे। सीआरआर वह पैसा है जो बैंकों को अपने कुल जमा का एक हिस्सा आरबीआई के पास रखना होता है। इससे आरबीआई ये कंट्रोल करता है कि बाजार में कितना पैसा रहेगा।




### आरपीएससी ने 9 जून तक जानकारी अपडेट करने का दिया मौका

# बिना योग्यता आवेदन करोगे तो हो जाओगे डिबार!

## सावधान! फर्जी दस्तावेज व झूठी जानकारी पड़ सकती है भारी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रतियोगी परीक्षाओं में बढ़ते फर्जी आवेदकों पर सख्ती दिखाते हुए राजस्थान लोक सेवा आयोग ने भर्तियों में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए कड़ा रुख अपनाया है। आयोग ने साफ कर दिया है कि अगर किसी उम्मीदवार ने बिना योग्यता और अनुभव के आवेदन किया है तो उसे न केवल संबंधित परीक्षा से डिबार कर दिया जाएगा, बल्कि भविष्य की सभी सरकारी भर्तियों से भी वंचित किया जा सकता है। इतना ही नहीं डिबार किए गए अभ्यर्थियों की जानकारी अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ भी साझा की जाएगी।

फिलहाल आयोग ने अपात्र उम्मीदवारों को राहत देते हुए उन्हें आवेदन वापस लेने का मौका दिया है, लेकिन इसके लिए अंतिम तारीख 9 जून तय की गई है। इसके बाद आवेदन नहीं लौटाने वालों पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 217 के तहत कार्रवाई होगी। आयोग ने अक्टूबर 2024 में असिस्टेंट प्रोफेसर (संस्कृत कॉलेज एजुकेशन) भर्ती परीक्षा में ऐसे ही 14 उम्मीदवारों के खिलाफ अदालत में मामला दर्ज कराया है।

### फर्जी दस्तावेज वालों की खैर नहीं

यदि किसी ने आवेदन के साथ फर्जी डिग्री या प्रमाणपत्र लगाए हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। आयोग ने बताया कि ऐसे कई मामलों में एफआईआर दर्ज हो चुकी है। उम्मीदवारों को सावधान किया गया है कि किसी भी बहकावे में नहीं आएं और गलत दस्तावेज नहीं लगाएं।




### इनका कहना है...

"उम्मीदवारों को स्वयं आवेदन प्रक्रिया में सजग रहना चाहिए और विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़कर ही फॉर्म भरना चाहिए। गलत जानकारी देना या फर्जीवाड़ा करना अब कोई हल्की बात नहीं रही, यह आपके कॅरियर को खत्म भी कर सकता है।"

*रामनिवास मेहता, सचिव, आरपीएससी*

### एआई तकनीक से हो रही है जांच

आयोग की आईटी शाखा ने खास सॉफ्टवेयर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक की मदद से रैंडम चैकिंग शुरू कर दी है। इसमें यह पाया गया कि कई उम्मीदवारों ने योग्यता और अनुभव नहीं होते हुए भी आवेदन कर दिए हैं।

### ई-मित्र की लापरवाही से बढ़ी परेशानी

कई बार ई-मित्र संचालक बिना जांचे-परखे किसी भी भर्ती का फॉर्म भर देते हैं। कई उम्मीदवारों को तो यह भी नहीं पता होता कि वे पद के लिए योग्य हैं या नहीं। संचालक उन्हें भ्रमित कर अन्य फार्म भी भरवा देते हैं, जिससे ना केवल आयोग की व्यवस्था बिगड़ती है, बल्कि वास्तविक उम्मीदवारों के साथ भी अन्याय होता है।

### इन भर्तियों में है मौका

| | |
|---|---|
| सहायक निदेशक (विज्ञान और तकनीक विभाग) | 09 पद |
| उपाचार्य/अधीक्षक आईटीआई- | 36 पद |
| उप कारापाल | 73 पद |
| सहायक मत्स्य विकास अधिकारी | 08 पद |
| बॉयोकेमिस्ट | 13 पद |
| अनुसंधान सहायक | 26 पद |
| कनिष्ठ रसायनज्ञ पीएचईडी और भू-जल विभाग में कुल | 14 पद |
| सहायक विद्युत निरीक्षक | 09 पद |
| तकनीकी सहायक | 03 पद |
| अन्य समूह पद- कुल | 68 पद |

### धोरों की धरती आने वालों में सबसे ज्यादा विदेशी पर्यटक अमेरिका और ब्रिटेन से





# घूमने के मामले में अमेरिकियों की पहली पसंद बना राजस्थान

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** धोरों की धरती और गुलाबी नगर को पसंद करने वाले उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अकेले अमेरिकी नहीं है। उनके देश से हर साल बड़ी संख्या में लोग राजस्थान आ रहे हैं और आंकड़ों की बात की जाए तो यहां आने वाले विदेशी पर्यटकों में सबसे ज्यादा संख्या अमेरिकियों की है। बाकी देशों के पर्यटकों का नंबर इनके बाद आता है।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति अपने परिवार सहित पिछले दिनों जयपुर घूमने आए थे। तेज गर्मी के बावजूद उन्होंने जयपुर को काफी पसंद किया। उनकी यात्रा को राजस्थान में अमेरिकियों के पर्यटन के लिहाज से अहम माना गया था, लेकिन पर्यटन विभाग के आंकड़े बताते हैं कि पिछले तीन वर्ष से राजस्थान आने वाले अमेरिकी पर्यटकों की संख्या ना सिर्फ सबसे ज्यादा है, बल्कि लगातार बढ़ भी रही है। इसके पीछे एक बड़ा कारण राजस्थान पर्यटन का प्रचार और देश के अन्य पर्यटन स्थलों से राजस्थान की बेहतर कनेक्टिविटी को माना जा रहा है।

### करीब 20 फीसदी विदेशी पर्यटक आ रहे प्रदेश में

एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष-2024 तक भारत में कुल 96,57,003 विदेशी पर्यटकों का आगमन हुआ, जिनमें से 20,72,407 विदेशी पर्यटकों ने राजस्थान की यात्रा की। विदेशी पर्यटकों की यह संख्या राजस्थान पर्यटन की अहमियत इसलिए भी दर्शाती है कि वर्ष-2023 की तुलना में वर्ष-2024 में प्रदेश में विदेशी पर्यटकों की संख्या में 21.92 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। साथ ही वर्ष-2025 के पहले तीन महीने में 7,88,735 विदेशी पर्यटक राजस्थान आ चुके हैं।



### प्रमुख दस देश जहां से पर्यटकों ने किया राजस्थान का रुख

| क्रमांक | देश | 2022 | 2023 | 2024 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | यूएसए | 64891 | 135275 | 157817 |
| 2. | यूके | 29532 | 96394 | 128994 |
| 3. | फ्रांस | 34999 | 97157 | 125469 |
| 4. | इटली | 14886 | 56388 | 77868 |
| 5. | जर्मनी | 18303 | 60220 | 77797 |
| 6. | ऑस्ट्रेलिया | 15841 | 48140 | 68283 |
| 7. | स्पेन | 17420 | 41552 | 45344 |
| 8. | आयरलैंड | 5239 | 20609 | 26779 |
| 9. | कनाडा | 7918 | 18437 | 25834 |
| 10. | जापान | 4659 | 16229 | 25748 |

### ट्रेवल मार्ट साबित हो रहे हैं फायदेमंद

विभाग के संयुक्त निदेशक दलीप सिंह राठौड़ के अनुसार पर्यटन विभाग द्वारा विदेशों में आयोजित होने वाले ट्रेवल मार्ट व फेयर्स में भागीदारी का ही परिणाम है कि राजस्थान में विदेशी पर्यटकों में इजाफा हो रहा है। इंटरनेशनल एंड फ्रेंच ट्रेवल मार्ट, टॉप रेसा, पेरिस फ्रांस, टूरिज्म एक्सपो, जापान, वर्ल्ड ट्रेवल मार्केट लंदन आदि में भागीदारी फायदेमंद साबित हो रही है।

### यूरोपीय देशों से भी आ रहे हैं पर्यटक

यूएसए व यूके के अलावा दस से अधिक यूरोपीय देशों से पर्यटक लगातार राजस्थान का रुख कर रहें हैं। इनमें यूरोप से यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, इटली, जर्मनी, स्पेन, आयरलैंड, नीदरलैंड, बेल्जियम, पोलैंड, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, रशियन फेडरेशन। इनके अलावा कनाडा, मैक्सिको, ब्राजील, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, मॉरिशस और एशियाई देशों के अलावा बांग्लादेश, इजराइल, थाईलैंड, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, ईरान, चीन, सिंगापुर, जापान आदि देशों से भी राजस्थान में पर्यटक आ रहे हैं।

### 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' में भाग लेकर की किसानों से सीधी बात, खेतों का दौरा कर उन्नत तकनीक की दी सीख

# खेत में उतरे केंद्रीय मंत्री... प्रगतिशील किसान से ली खेती की जानकारी

महानगर संवाददाता

**जयपुर/किशनगढ़/रेवाड़ी।** केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी शुक्रवार को हरियाणा के रेवाड़ी जिले के बावल स्थित चौधरी चरणसिंह कृषि विश्वविद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने विकसित कृषि संकल्प अभियान में भाग लेकर किसानों से सीधा संवाद किया।

मंत्री ने विश्वविद्यालय में पौधरोपण कर अभियान की शुरुआत की और किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। चौधरी ने कहा कि अब समय आ गया है कि किसान लैब से लैंड की सोच के साथ खेती करें और वैज्ञानिकों के साथ मिलकर कृषि में नई क्रांति लाएं। मंत्री ने किसानों को अत्यधिक कीटनाशकों और यूरिया के उपयोग से बचने की सलाह दी। उन्होंने उदाहरण देकर समझाया कि जैसे ज्यादा दवा इंसान को नुकसान पहुंचाती है, वैसे ही खेत में ज्यादा रसायन डालने से मिट्टी बीमार हो जाती है। कार्यक्रम में किसानों ने अपने सुझाव और समस्याएं भी साझा कीं, जिन पर मंत्री ने समाधान का भरोसा दिलाया।



### धारूहेड़ा गांव में किया खेत का दौरा

इसके बाद मंत्री चौधरी ने रेवाड़ी के धारूहेड़ा गांव में प्रगतिशील किसान यशपाल के खेत का दौरा किया। वहां उन्होंने ऑर्गेनिक सब्जियों, दलहन और अन्य फसलों की खेती का अवलोकन किया और जैविक खेती को किसानों के लिए फायदेमंद और जरूरी बताया। उन्होंने यशपाल की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे किसान दूसरों के लिए प्रेरणा हैं।

## पूरी तरह चिकित्सा विभाग के अधीन हुई आरजीएचएस

**जयपुर (मसं)।** राज्य सरकार के कर्मचारियों के कैशलेस इलाज के लिए लागू की गई राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम अब पूरी तरह से चिकित्सा विभाग के अधीन कर दी गई है। इस योजना में शिकायतों के निस्तारण के लिए वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को अपील अधिकारी बनाया गया था, लेकिन अब यह प्रावधान भी हटा दिया गया है। इस बारे में वित्त विभाग ने शुक्रवार को आदेश जारी कर दिए।

आरजीएचएस योजना का प्रशासनिक नियंत्रण अभी तक वित्त विभाग के पास था और वहीं से इसकी मॉनिटरिंग भी हो रही थी। वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को इसका अपील अधिकारी बनाया गया था, लेकिन गुरुवार को सरकार ने इस योजना को चिकित्सा विभाग के अधीन कर दिया और इसका प्रशासनिक ढांचा वहां शिफ्ट कर दिया गया। इसके पीछे तर्क यह दिया गया है कि यह मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना से मिलती हुई योजना है, इसलिए समन्वय की दृष्टि से इसे चिकित्सा विभाग के अधीन किया गया है। वहीं शुक्रवार को एक अन्य आदेश जारी कर वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अपील अधिकारी की जिम्मेदारी भी खत्म कर दी गई। हालांकि अब अपील अधिकारी कौन होगा यह स्पष्ट नहीं किया गया है।

गौरतलब है कि आरजीएचएस योजना में पिछले दिनों वित्त विभाग की जांच में कई तरह की गड़बड़ियां सामने आई हैं और फर्जी क्लेम्स के मामले में 119 से ज्यादा अस्पताल और दवाई की दुकानों को योजना से निलंबित किया गया है।

## लालकोठी में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ




### अब एक ही छत के नीचे जटिल सर्जरी से लेकर मां-बच्चे की देखभाल तक की संपूर्ण सुविधा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजधानी के लोगों के लिए अच्छी खबर है। अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल अब शहर के नए, बड़े और अत्याधुनिक परिसर लालकोठी में शिफ्ट हो गया है। शुक्रवार को लालकोठी में अस्पताल का भव्य शुभारंभ हुआ। इसमें प्रसिद्ध अभिनेता राजीव खंडेलवाल और रिटायर्ड एयरफोर्स ऑफिसर वर्लीन पंवार, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र कटारा की मौजूद रहे। राजीव ने इसे जयपुर के लिए एक बड़ा तोहफा बताया, वहीं वर्लीन ने महिलाओं-बच्चों की सेहत को लेकर हॉस्पिटल की पहल की सराहना की। ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. मिहिर थानवी और डॉ. मुजाहिद सलीम ने बताया कि मरीजों को यहां प्री और पोस्ट सर्जरी फुल केयर मिलती है। जनरल सर्जन डॉ. रत्नेश जेनाव ने बताया कि मिनिमल इनवेसिव सर्जरी से मरीजों को कम दर्द और जल्दी रिकवरी होती है।

### सेवा और स्वास्थ्य ही सच्चा संकल्प है : कटारा

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र कटारा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा ही सच्चा समर्पण है। यह अस्पताल जयपुरवासियों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। कटारा ने कहा कि अस्पताल में अत्याधुनिक तकनीक, अनुभवी डॉक्टर और सुपर स्पेशलिटी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# किराणा दुकानों पर यूरिया नहीं बेचें, होगी कार्रवाई

### गांवों में किराणा, दूध डेयरी दुकानों पर बिक रही खेतों की खाद पर सरकार सख्त

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अब किराणा, डेयरी या दूध सहित अन्य दुकानों पर किसानों से संबंधित उत्पाद बेचने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कृषि आयुक्तालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार अतिरिक्त निदेशक कृषि अनुसंधान एचएस मीणाा ने आदेश जारी किया है कि गांवों, कस्बों और दूरस्थ स्थानों पर ऐसा देखने में आ रहा है कि किराणा सहित अन्य दुकानों पर बीज, डीएपी, यूरिया आदि बेचा जा रहा है। ये दुकानें पूरी तरह से अवैध हैं। ऐसे में किसानों को गलत सामग्री भी दी जा रही है। साथ ही धोखे की भी संभावना रहती है। सरकार की ओर से यह आदेश दिया गया है कि अनधिकृत दुकानों पर डीएपी, यूरिया और अन्य किसान सामग्री नहीं बेची जाए। सरकार की ओर से लगातार भ्रमण और निरीक्षण किया जाएगा। ऐसे में अगर किसी किराणा, दूध डेयरी आदि पर किसानों से संबंधित सामग्री बेचान होती पाई गई तो तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में उनका लाइसेंस खत्म किया जाएगा।



# नौतपा के बीच बरसात ने घटाया वायु प्रदूषण

### धरती के नहीं तपने से बढ़ेंगी फसल की बीमारियां, किसानों के लिए वरदान साबित होगी बरसात



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सूर्य को सबसे बड़ा डॉक्टर कहा जाता है, विशेषज्ञों ने यह बात हवा में ही नहीं कही है। इस बात को आयुर्वेद और योग भी स्वीकारते हैं। यही कारण है कि सूर्य की किरणों की कमी या अधिकता को भी असरकारी बताया गया है। इस बार हिंदी माह ज्येष्ठ में पड़ने वाले नौतपा के नौ दिनों में सूरज की गर्मी खंडित हुई। इन नौ दिनों में ना सिर्फ आंधी आई, बल्कि बरसात ने भी धरती को तपने नहीं दिया। पर्यावरण की दृष्टि से देखें तो इसका कृषि पर सकारात्मक असर पड़ा है, साथ ही वायु प्रदूषण पर सकारात्मक असर पड़ा है।

गौरतलब है कि इस वर्ष नौतपा की शुरुआत 25 मई से हुई थी, जो 2 जून को खत्म हो गया, लेकिन इस बार इन नौ दिनों में आमजन को एक बार भी नहीं लगा कि नौतपा चल रहा है। तापमान में अधिकता ही नहीं बढ़ी, बल्कि तापमान में गिरावट भी आई। नौ दिनों में नौतपा के दूसरे ही दिन बरसात और आंधी ने तापमान में गिरावट दर्ज करवाई, जबकि 27 मई को भी यही हाल रहा। 2 जून को तो प्रदेश के अनेक हिस्सों में तेज बरसात और आंधी ने नौतपा को पूर्ण खंडित किया। इस बीच शेखावाटी के सीकर, मुकुंदगढ़, रींगस आदि क्षेत्र में जोरदार बारिश हुई। राजधानी जयपुर और सवाई माधोपुर सहित पूर्वी राजस्थान में भी बरसात हुई।

### नौतपा के खंडित होने का वैज्ञानिक असर

नौतपा के खंडित होने का सबसे ज्यादा असर किसी एक पर नहीं, सभी पर बराबर होगा, लेकिन किसान को यह सीधा प्रभावित करेगा। धूप की तेजी से कीट और हानिकारक जीवाणुओं का सीधा नाश होता है। घरों में भी महिलाओं को इस दौरान अपने मसालों को धूप दिखाने के लिए कहा जाता है। इससे उनमें वर्षभर कीड़े नहीं पड़ते हैं, जबकि घरों में भी दीवारों की सभी प्रकार की सीलन या मकड़ियों का नाश हो जाता है। जब सूरज की तपन ही नहीं लगी तो इसका नकारात्मक असर होगा और मसालों में जल्द कीड़े पड़ सकते हैं या वे खराब होंगे। बीमारी पैदा करने वाले जीवाणु भी पैदा होंगे।

### वायु की गुणवत्ता बढ़ी, आया सुधार

प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के राजधानी में लगाए गए छह स्थानों पर प्रदूषण सूचक यंत्रों ने दर्शाया कि पूरे नौ दिनों में वायु गुणवत्ता में कितना सुधार आ गया। जहां 20 से 24 मई तक वायु गुणवत्ता में बदलाव देखा जा सकता है। एमआई रोड स्थित पुलिस आयुक्तालय पर 21 मई को इंडेक्स 315 पीएम बता रहा था। वहीं 25 मई को बरसात के बाद घटकर 97 पर आ गया। मुरलीपुरा में यह मात्र 51 और आदर्श नगर में 82 पीएम ही दर्शाया गया, जबकि 2 जून को इन छहों स्थानों पर औसतन इंडेक्स 102 पीएम के आसपास ही रहा। दो जून के बाद तो यह औसत घटता ही गया और वायु की गुणवत्ता कुछ क्षेत्रों में बहुत उच्च हो गई। इन सघन वृक्षों वाले क्षेत्रों में बुजुर्गों के लिए सीधी ऑक्सीजन मिल रही था।

### नौ दिनों में नौतपा का कृषि पर असर

कृषि विशेषज्ञ बताते हैं कि नौतपा के दौरान रबी की फसल के बाद जमीन की गहरी जुताई करने पर उसमें से हानिकारक बैक्टीरिया, फंगस, जर्मस और निमटोड की मात्रा घट जाती है। ये फसलों के लिए हानिकारक होते हैं। इससे किसानों को फायदा मिलता है। इस बार नौतपा के कमजोर होने से किसानों को अपनी फसलों को बचाने के प्रति जागरूक रहना होगा और लगातार कृषि वैज्ञानिकों से सलाह लेते रहना होगा।

### वैदिक कृषि के अनुसार

कृषि वैज्ञानिक डॉ. योगेश शर्मा के अनुसार वैदिक कृषि में नौतपा का महत्व भी बताया गया है। इससे मृदा का तापमान बढ़ता है। मिट्टी में रहने वाले सूत्र कृमि, कीड़े और टिड्डी दलों के अंडे स्वतः ही नष्ट हो जाते हैं। शर्मा ने इसे आधुनिकता से जोड़ते हुए बताया कि वर्तमान में सॉयल टेस्ट भी मिट्टी की मॉइस्चर नापने के लिए किया जाता है। इससे मिट्टी का तापमान पता चल जाता है। इस बार मिट्टी का तापमान कम रहेगा तो फसल में कीट पैदा होने की आशंका रहेगी।

### गुणवत्ता का औसत

| दिनांक | पीएम अनुसार |
|---|---|
| 25 मई | 115 |
| 26 मई | 119 |
| 27 मई | 118 |
| 28 मई | 150 |
| 29 मई | 180 |
| 30 मई | 185 |
| 31 मई | 190 |
| 01 जून | 150 |
| 02 जून | 110 |

### जून में बरसात का कृषि पर असर

कृषि विशेषज्ञों ने इसका कई स्तर पर फसल या मृदा की क्वालिटी पर असर बताया।

- मूंगफली की बुआई के लिए नौतपा में आई बरसात अच्छी है। क्योंकि अब धरती को पर्याप्त मॉइश्चर मिल गया है। धरती को किसान फाड़कर हवा लगने देगा। वह जुताई करेगा। शेखावाटी क्षेत्र में अच्छी बरसात हुई है, वहां मूंगफली की पैदावार भी बहुत होती है, इसलिए ये बरसात उस क्षेत्र में प्रचुर मात्रा में मूंगफली की पैदावार बढ़ाएगी।
- चारे की कमी जून में होती है, लेकिन जून में आई बरसात पशुओं के लिए पर्याप्त चारा पैदा कर देगी। जहां पानी की पर्याप्त सुविधा होगी, वहां लंबी अवधि वाला बाजरा भी बोया जा सकेगा। ज्वार भी पैदा किया जा सकेगा।
- सबसे अधिक फायदा कद्दूवर्गीय सब्जियों में होगा, जहां तेज गर्मी के कारण तुरई, लौकी, करेला, टिंडा, तरबूज और खरबूज की फसल में नर फूलों की अधिकता थी, वहीं बरसात से स्त्री वर्गीय पुष्प आएंगे और उनकी पैदावार तेजी से बढ़कर लोगों को प्रचुर मात्रा में सब्जियां उपलब्ध कराएगी।

### भगवान सिंह रोलसाहबसर की क्षत्रिय समाज को अध्यात्म से जोड़ने में रही महत्वपूर्ण भूमिका

# 'संस्कार से विमुख होते समाज को वापस से संस्कार की राह पर लाए'



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भगवान सिंह रोलसाहबसर ने क्षत्रिय समाज को ही नहीं, अपितु सभी समाजों को एक डोर में बांधने का काम करते हुए, पाश्चात्यीकरण की ओर मुड़ रहे युवाओं को संस्कार, अनुशासन, धैर्य, कर्तव्य निष्ठा और मातृभूमि के प्रति कर्तव्य परायण की सीख दी। रोलसाहबसर बाड़मेर के गेहूं रोड पर आलोकायन आश्रम में रहते थे। यहां शिविर लगाकर समाज के युवाओं को संस्कार, अनुशासन, धैर्य, कर्तव्य निष्ठा और मातृभूमि के प्रति कर्तव्य परायणता के साथ वैदिक रीति-नीति का ज्ञान कराया जाता है। रोलसाहबसर यथार्थ गीता के प्रणेता पूज्य स्वामी अड़गड़ानंदजी महाराज के संपर्क में आए। उनके मार्गदर्शन में भारत की पश्चिमी सीमा से लेकर कोलकाता व सुदूर दक्षिण तक उन्होंने स्वामीजी का संदेश समाज तक पहुंचाया। 4 जुलाई 2021 को भगवान सिंह रोलसाहबसर ने श्री क्षत्रिय युवक संघ के संघ प्रमुख के रूप में लक्ष्मण सिंह बैण्यां का बास को उत्तरदायित्व सौंपा और खुद संरक्षक व मार्गदर्शक की भूमिका में आ गए। संघ का दायित्व लक्ष्मण सिंह और प्रताप फाउंडेशन का प्रभार महावीर सिंह सरवड़ी को सौंप दिया।

**पूरे क्षत्रिय समाज में शोक की लहर**

भगवान सिंह रोलसाहबसर का जन्म 2 फरवरी, 1944 को सीकर के रोलसाहबसर गांव में हुआ था। वे अपने माता-पिता मेघसिंह और गोम कंवर की 5वीं संतान थे। भगवानसिंह रोलसाहबसर का विवाह सिवाना के ठाकुर तेजसिंह की बेटी के साथ हुआ था। रोलसाहबसर बाड़मेर में गेहूं रोड स्थित ग्राम्य आलोकायन आश्रम में रहते थे। यहां पर कैंप लगाकर समाज के युवाओं को संस्कार, अनुशासन, धैर्य, कर्तव्य निष्ठा और मातृभूमि के प्रति कर्तव्य परायण की सीख दी जाती थी। यहां पर गर्मियों में 15 दिन का शिविर होता है। इस आश्रम में कई नेताओं ने शिरकत की। रोलसाहबसर हमेशा राजनीति से दूर रहे। समाज के उत्थान और विकास के लिए वे हमेशा तत्पर रहे। उनके निधन से पूरे क्षत्रिय समाज में शोक की लहर है।

**तनसिंहजी के विचारों से प्रभावित थे रोलसाहबसर**

श्री क्षत्रिय युवक संघ के संस्थापक तनसिंहजी के विचारों से भगवानसिंह रोलसाहबसर काफी प्रभावित थे। वे कहा करते थे कि मैं जब बाड़मेर आता हूं तो लगता है कि तनसिंहजी का सामिप्य हूं। वे मेरे सामने बैठे हैं और मुझे समाज को संस्कार की राह पर लाने की बात कह रहे हैं। इसीलिए उन्होंने बाड़मेर को ही अपनी कर्मस्थली बनाया। वे अपने प्रवास के बाद अपना अधिकांश समय आश्रम में व्यतीत करते थे। उनके संबोधनों में तनसिंहजी के साथ ही आयुवानजी हुडील का असर साफ देखा जाता रहा है। उनका अध्यात्म और संस्कारित कर्म के प्रति लगाव में हुडील का दर्शन देखा जाता है। आयुवान सिंह हुडील भी क्षत्रिय संघ के प्रमुख रह चुके हैं।

## जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीकरण में आ रही परेशानी होगी दूर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सीमा वृद्धि के साथ ही गांवों और कस्बों में आ रही जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र और विवाह पंजीकरण की बाधाएं अब दूर होंगी। स्वायत्त शासन विभाग की अधिसूचना के माध्यम से झोटवाड़ा, सांगानेर, आमेर व बस्सी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत और राजस्व गांव के क्षेत्र को नगर निगम ग्रेटर व हैरिटेज की सीमा में वृद्धि करते हुए शामिल किया गया है। ऐसी स्थिति में पिछले कुछ दिनों से पंचायतीराज विभाग के आदेश के बाद संबंधित ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी रजिस्ट्रार ने जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीकरण का कार्य करना बंद कर दिया था।

जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के आदेश से अब नगर निगम क्षेत्र में सम्मिलित राजस्व गांव एवं ग्राम पंचायत को पहचान पोर्टल पर मैप करवा दिया गया है। इससे संबंधित राजस्व गांव व ग्राम पंचायत के लोगों को अपने क्षेत्र के नगर निगम जोन से जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन बनवाने की सुविधा मिल सकेगी।

सहायक निदेशक डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि जीवनांक शाखा की ओर से झोटवाड़ा पंचायत समिति के अंतर्गत आने वाले राजस्व गांव व ग्राम पंचायत के क्षेत्र को नगर निगम जोन झोटवाड़ा में, सांगानेर पंचायत समिति के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को नगर निगम जोन जगतपुरा में, आमेर पंचायत समिति के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को नगर निगम जोन आमेर में तथा बस्सी पंचायत समिति के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को नगर निगम जोन आदर्श नगर में शामिल किया गया है। इससे आमजन को अब संबंधित नगर निगम जोन में जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन के प्रमाण पत्र मिल सकेंगे।

## अक्षय पात्र ने 10 जिलों में चलाया स्वच्छता-प्लास्टिक मुक्त राजस्थान अभियान

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अक्षय पात्र संस्था ने समाज के प्रति अपने कर्त्तव्य निर्वाहन के लिए विश्व पर्यावरण दिवस पर एक विशेष मुहीम चलाई। अक्षय पात्र फाउंडेशन ने दस जिलों में एक विशेष स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान का आयोजन किया। इस राज्यव्यापी अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जनजागरूकता और स्वच्छ भारत मिशन को प्रोत्साहित करना था। फाउंडेशन के 500 स्वयंसेवकों ने श्रमदान से पूरे राजस्थान के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों स्कूल परिसर, सार्वजनिक चौराहे, बड़े मंदिर एवं धरोहर स्थल एवं अन्य प्रमुख स्थलों की सफाई की। वहां से लगभग 3 टन प्लास्टिक अपशिष्ट को हटाया। पूरे क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त घोषित किया गया। अक्षय पात्र फाउंडेशन के प्रदेश उप-उपाध्यक्ष रघुपति दास ने बताया कि प्लास्टिक हटाने का मुख्य कारण यह था कि कुछ ऐसे स्थान है जहा पर गौवंश प्लास्टिक थैलियां खाता है और अकाल मौत का ग्रास बनता है। पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त समाज आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अक्षय पात्र इस क्षेत्र में अपने सतत प्रयास कर रहा है।



### रोलसाहबसर ने जो समाज को दिया, वह अतुल्य है : दीयाकुमारी

डिप्टी सीएम दीयाकुमारी ने संघ शक्ति कार्यालय पहुंचकर पार्थिव देह के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि रोलसाहबसर ने जो समाज को दिया वह अतुल्य है। हम उनकी बताी राह पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देंगे।

### जनसेवा के कार्यों में मिलता रहा मार्गदर्शन : गजेंद्र सिंह

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि उनकी स्मृति मेरे मन-मस्तिष्क में सदा विद्यमान रहेगी। हम उनके बताए पथ पर चलते रहेंगे। सदा ही जनसेवा के कार्यों में उनका मार्गदर्शन मिलता रहा। रोलसाहबसरजी का देहावसान मेरे लिए निजी क्षति और पितृतुल्य व्यक्तित्व की विदाई है। उनके साथ बिताए क्षण और उनकी दी हुई सीखें उनकी स्मृति अक्षुण्ण रखेंगे।

### समाजसेवा के क्षेत्र में योगदान सदैव रहेगा स्मरणीय : राजर्वधन राठौड़

कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि रोलसाहबसर का जीवन सामाजिक चेतना, संगठनात्मक सशक्तिकरण और युवा जागरण को समर्पित रहा। उन्होंने अपने सादगीपूर्ण जीवन, अनुशासन और दृढ़ नेतृत्व से समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। समाजसेवा के क्षेत्र में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

### युवाओं में जगाया राष्ट्रभक्ति और सेवा का भाव : राजे

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने रोलसाहबसर के पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि भगवानसिंहजी का जीवन समाज सेवा, संगठन निर्माण और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा को समर्पित रहा। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने संघ के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रभक्ति और सेवा का भाव जागृत किया, जिसे भुलाया नहीं जा सकता।

### सादा और अनुशासित जीवन जीने वाले थे रोलसाहबसर : गहलोत

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संघ शक्ति कार्यालय पर रोलसाहबसर की पार्थिव देह पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि रोलसाबसर सादा जीवन जीने वाले, अनुशासित और समाज को दिशा देने वाले व्यक्तित्व थे। राजस्थान के सामाजिक जीवन में उनका योगदान याद किया जाएगा। मैं व्यक्तिगत रूप से उनके स्नेह और सादगी से प्रभावित रहा हूं।

### रोलसाहबसर देश की बात पहले करते थे : डॉ. पूनियां

भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने कहा मेरी रोलसाहबसर से मुलाकात उनसे कई सालों पहले ट्रेन में हुई थी। जब वे उदयपुर आ रहे थे। इस मुलाकात के बाद उनसे आत्मीय रिश्ता जुड़ गया। उन्होंने संस्कारी युवा शक्ति को पूरे प्रदेश में तैयार किया। वे ऐसी शख्सियत थे जो तमाम मुद्दों के इतर देश के लिए सोचते थे। आज उनकी बेहद जरूरत थी, लेकिन वे हमारे बीच नहीं रहे। मुझे व्यक्तिगत तौर पर क्षति हुई, लेकिन समाज और देश को भी क्षति हुई है। आज देश में एकजुटता और समरसता की जरूरत है।

### रोलसाहबसर प्रेरणादायक व्यक्तित्व थे : मदन राठौड़

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने रोलसाहबसर को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि रोलसाहबसर का जीवन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत रहा है। उन्होंने सामाजिक उत्थान और युवा पीढ़ी को संस्कारित करने के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दिया। वे समर्पित संगठनकर्ता, दूरदृष्टा चिंतक और प्रेरणादायक व्यक्तित्व थे। समाज को जागृत करने में उनकी भूमिका सदैव स्मरणीय रहेगी। राठौड़ ने कहा कि युवा उनके विचारों को आत्मसात करें और समाज सेवा व राष्ट्र निर्माण के पथ पर अग्रसर रहें।

### रोलसाहबसर के बताए मार्ग को अपनाकर दें सच्ची श्रद्धांजलि : राजेन्द्र राठौड़

पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि समर्पित संगठन के नेतृत्वकर्ता, अनुशासित जीवन जीने वाले और समाज को संस्कार की राह बताने वाले रोलसाबहसर को सच्ची श्रद्धांजलि उनके बताए मार्ग पर चलकर ही दी जा सकती है।

### रोलसाहबसर का समाज के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा : पायलट

पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि क्षत्रिय युवक संघ के संरक्षक भगवान सिंह रोलसाहबसर का समाज के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद डोटासरा ने कहा कि रोलसाहबसर के परिवार और अनुयायियों के प्रति मेरी संवेदना है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं परिवारजनों को संबल प्रदान करें।

## जल मंदिर का उद्घाटन



**जयपुर (मसं)।** वार्ड 148 आनंदपुरी मालियों की बगीची के बाहर शुक्रवार को यशवंती डंगायच की स्मृति में पार्षद महेश सैनी ने जल मंदिर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भामाशाह महेश डंगायच, भाजपा कार्यकर्ता निक्की गुर्जर, अजय सैनी, राहुल मीणा, गौरव शर्मा, गौतम सैनी, हर्ष सैनी, सोनू गुर्जर, अंकित मीना, गौरव सैनी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## योग के जरिए प्रदेश को देश-विदेश तक पहुंचाने की तैयारी

### इस बार धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर मनेगा योग दिवस

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस इस बार प्रदेश के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर मनाया जाएगा, ताकि योग के जरिए प्रदेश के इन प्रमुख स्थलों को देश और दुनिया तक पहुंचाया जा सके। इसके लिए पर्यटन विभाग और देवस्थान विभाग को विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून की तैयारियों के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई सभी संबंधित विभागों की बैठक में यह तय किया गया कि इस बार योग दिवस के प्रमुख आयोजन प्रदेश और जिलास्तर के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर किए जाएं। जैसे जयपुर गलता पीठ और गोविंददेवजी मंदिर तथा भरतपुर में डीग महल या ऐसे ही अन्य स्थानों पर योगाभ्यास के कार्यक्रम हों। सरकार की योजना है कि इन स्थानों पर हुए योगाभ्यास को देश-विदेश में इस तरह प्रचारित किया जाए कि ये प्रमुख धार्मिक और पर्यटक स्थल भी देश-विदेश तक पहुंच सकें और ज्यादा से ज्यादा लोग प्रदेश के इन प्रमुख स्थलों के बारे में जान सकें। बैठक में पर्यटन और देवस्थान विभाग को निर्देश दिए गए कि प्रदेश के ऐसे प्रमुख स्थानों का चयन करें और वहां योग दिवस पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में योगाभ्यास करने के लिए पहुंचें, इसके लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं करें। सरकार की तैयारी है कि योग के जरिए प्रदेश में धार्मिक और अन्य पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा पर्यटक यहां आ सकें।

## ग्रामीण राजस्थान में परिवार नियोजन की नई सखी बनी 'सखी' हेल्पलाइन



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान में परिवार नियोजन को लेकर अब जमीनी बदलाव देखने लगे हैं। राज्य की कुल प्रजनन दर (टीएफआर) 2.4 से घटकर 2.0 पर आ गई है, जो प्रतिस्थापन स्तर की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कोई भी आधुनिक गर्भनिरोधक साधनों के उपयोग (एमसीपीआर) में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है-यह आंकड़ा अब 62.1 फीसदी तक पहुंच गया है, जो यह संकेत देता है कि दम्पति अब परिवार नियोजन को लेकर पहले से अधिक जागरूक और सक्रिय हो गए हैं। यह जानकारी जयपुर प्रेस क्लब में आयोजित एक मीडिया वर्कशॉप में दी गई, जिसका आयोजन 'विकल्प' परियोजना द्वारा किया गया। विकल्प परियोजना के तहत आयोजित इस वर्कशॉप का उद्देश्य मीडिया को ग्रामीण भारत, विशेषकर राजस्थान में बदलती परिवार नियोजन प्रवृत्तियों और सरकार के प्रयासों से अवगत कराना था, ताकि यह विषय अधिक संवेदनशीलता और सटीकता के साथ जनमानस तक पहुंच सके। राज्य परिवार कल्याण विभाग के परियोजना निदेशक सुरेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि अब महिलाएं गर्भनिरोधक के अस्थायी और रिवर्सिबल साधनों को अपनाने में रुचि दिखा रही है। पैरिटी 0-1 (जिनके 0 या 1 बच्चा है) महिलाओं में कोई भी आधुनिक गर्भनिरोधक साधन अपनाने की दर 18.6 फीसदी से बढ़कर 31.5 फीसदी हो गई है।

कार्यशाला में उपस्थित डॉ. सुमन मित्तल ने बताया कि यदि नवदम्पत्ति शादी के बाद परिवार नियोजन अपनाकर पहले बच्चे में दो साल की देरी और दो बच्चों में कम से कम तीन साल का अंतर रखतें हैं तो महिला का स्वास्थ्य बेहतर रहता है और यह मातृ मृत्यु दर को भी कम करने में सहायक होता है। विकल्प परियोजना द्वारा एक नई पहल के रूप में 'सखी हेल्पलाइन' (टोल फ्री नं - 1800 202 5862) शुरू की गई है, जो प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक महिलाओं और दंपतियों को निशुल्क और गोपनीय परामर्श सेवा प्रदान करती है।

इस सेवा में प्रशिक्षित महिला सलाहकार सरल भाषा में मार्गदर्शन देती हैं। परियोजना निदेशक अरुण नायर ने कहा कि पहले बच्चे के जन्म में देरी और बच्चों के बीच अंतराल न केवल महिला के शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं। बल्कि मानसिक, भावनात्मक और आर्थिक रूप से पूरे परिवार को सशक्त बनाते हैं।

## जोशी की न्यायिक अभिरक्षा 13 तक बढ़ाई

### पीठासीन अधिकारी ने आधा घंटा की अकेले में बात

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ईडी मामलों की विशेष अदालत ने जल जीवन मिशन में घोटाले से जुड़े मामले में पूर्व मंत्री महेश जोशी की न्यायिक अभिरक्षा की अवधि 13 जून तक बढ़ा दी है। इसी दिन जोशी की जमानत अर्जी पर भी बहस होनी है।

सुनवाई के दौरान शुक्रवार को महेश जोशी को न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया। इस दौरान पीठासीन अधिकारी खगेन्द्र कुमार शर्मा ने अदालत में सभी वकीलों सहित लोगों को बाहर निकाल दिया। वहीं पीठासीन अधिकारी ने करीब आधा घंटे तक जोशी से अकेले में बातचीत की। इसके बाद कोर्ट में उपस्थित वकीलों ने दावा किया है कि पीठासीन अधिकारी ने डायस से ही जेलर को फोन कर महेश जोशी के लिए जेल में अलग से व्यवस्था करने को कहा।

गौरतलब है कि गत सुनवाई में अदालत में मौखिक रूप से ईडी से सवाल जवाब किए गए थे। अदालत ने मामले के अनुसंधान अधिकारी से पूछा था कि गवाहों के बयानों के दौरान उनकी वीडियोग्राफी क्यों नहीं की गई।

इस पर जांच अधिकारी ने रिकॉर्ड देखकर जवाब देने के लिए अदालत से समय मांगा था। इस पर अदालत ने जमानत अर्जी पर 13 जून तक सुनवाई टाल दी थी। जल जीवन मिशन घोटाले में मामला दर्ज होने के बाद ईडी ने महेश जोशी को गिरफ्तार किया था। इस दौरान जोशी की पत्नी के निधन होने के चलते कोर्ट ने उन्हें दो बार अंतरिम जमानत दी थी।

## जल संरक्षण और वृक्षारोपण का लिया संकल्प

### 'रन फॉर एनवायरमेंट' में दौड़े डॉ. सतीश पूनियां, जवानों-युवाओं के साथ दिखा पर्यावरण के प्रति जोश

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** आमेर का नाहरगढ़ जैविक उद्यान शुक्रवार सुबह पर्यावरण के प्रति समर्पण और देशभक्ति के अनोखे संगम का गवाह बना। यहां 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के तहत आयोजित 'रन फॉर एनवायरमेंट' कार्यक्रम में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने जवानों, युवाओं और आमजन के साथ दौड़ लगाई। डॉ. पूनियां ने सिर्फ दौड़ में हिस्सा नहीं लिया, बल्कि खुद श्रमदान और वृक्षारोपण भी किया। साथ ही वे तिरंगा यात्रा में भी शामिल हुए और उपस्थित जनसमूह को जल और पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई।

पूनियां ने कहा कि हम सब मिलकर इस जन अभियान से जुड़ें और हरित, स्वच्छ एवं समृद्ध राजस्थान के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि हमें अपने भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए आज ही प्रकृति की ओर लौटना होगा। इस कार्यक्रम में सीआरपीएफ और सीआईएसएफ के जवान, एनएसएस और एनसीसी के कैडेट्स, अधिकारी, स्थानीय युवा और बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए।

## हर कांग्रेस कार्यकर्ता लगाए 11 पौधे : अभिषेक चौधरी



### वैशालीनगर में कांग्रेस नेताओं ने किया पौधरोपण

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी वैशाली नगर के वैशाली मंडल की ओर से झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी प्रियकांत (पिंकी) गौड़, विधायक प्रत्याशी अभिषेक चौधरी के मुख्य आतिथ्य, ब्लॉक अध्यक्ष उमराव सिंह यादव, मंडल अध्यक्ष मुकेश कड़वा की अध्यक्षता में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। अतिथियों ने पौधरोपण कर सभी कार्यकर्ताओं को 11-11 पौधे लगाने का संकल्प कराया। मंचासीन सभी अतिथियों का मंडल अध्यक्ष मुकेश कड़वा एवं वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर वार्ड 30 और वार्ड 31 के अध्यक्षों की सर्वसम्मति से नियुक्ति के लिए एक सभा का आयोजन किया गया। सर्वसम्मति से वार्ड 30 से हरि सिंह बुंदेला और वार्ड 31 से आशीष यादव को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। ब्लॉक संगठन महासचिव अमर मंडावरा ने बताया कि प्रभारी प्रियकांत गौड़ एवं विधायक प्रत्याशी अभिषेक चौधरी ने दोनों नवनियुक्त अध्यक्षों को माला पहनाकर स्वागत किया। अभिषेक चौधरी सभी कार्यकर्ताओं एवं वार्ड अध्यक्ष को संगठन को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया। झोटवाड़ा ग्रामीण के अध्यक्ष मांगीलाल बुनकर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## विधायक सराफ ने किया सीवरेज जेटिंग मशीन का लोकार्पण




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मालवीय नगर क्षेत्र को सीवर जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए एक बड़ी पहल की गई है। विधायक कालीचरण सराफ ने अपने विधायक कोष से 32 लाख रुपए की लागत से एक अत्याधुनिक सीवरेज जेटिंग मशीन नगर निगम जयपुर ग्रेटर के मालवीय नगर जोन को भेंट की है। इस मशीन को शुक्रवार को नगर निगम गैराज में डीसी करण सिंह को सुपुर्द किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

भाजपा नेता नटवर कुमावत ने बताया कि मालवीय नगर में लंबे समय से सीवर लाइन जाम रहने की समस्या थी। ऐसे में यह नई मशीन केवल मालवीय नगर के लिए समर्पित रहेगी, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इस मौके पर भाजपा जयपुर शहर उपाध्यक्ष ब्रह्माकुमार सैनी, पार्षद रमेश सैनी, दिनेश गौड़, नरेश शर्मा, हिमांशु जैन, जयश्री गर्ग, मंडल अध्यक्ष मोहित मूलचंदानी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## निर्जला एकादशी पर सिविल लाइंस में सेवा का उत्सव

### विधायक गोपाल शर्मा के नेतृत्व में कई स्थानों पर हुए कार्यक्रम



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** निर्जला एकादशी पर सिविल लाइंस क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर सेवा उत्सव के रूप में मनाया गया। विधायक गोपाल शर्मा के नेतृत्व में कई स्थानों पर आइसक्रीम, शर्बत और शीतल पेय वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। चंपा नगर गुर्जर की थड़ी, खातीपुरा रोड पर आइसक्रीम और शीतल पेय, वहीं कंडेरा समाज की ओर से जैकब रोड पर प्राचीन शिव हनुमान मंदिर के बाहर आइसक्रीम वितरित की गई। इस दौरान कंडेरा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश चंद कंडेरा, राजस्थान युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र कंडेरा, प्रदेश अध्यक्ष प्रभु नारायण, शारदा देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश गुर्जर, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा चौहान, राहुल धानका समेत बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## गोपाल गौशाला में पिलाया शीतल पेय, भेंट किया वाटर कूलर



**नवलगढ़ (मसं)।** निर्जला एकादशी के अवसर पर शुक्रवार को ग्राम बड़वासी में श्री गोपाल गौशाला की ओर से श्रद्धालुओं व राहगीरों को शीतल पेय पिलाया गया। अध्यक्ष एडवोकेट कमलेश कुमावत ने बताया कि नंदीशाला में सुबह से प्रारंभ हुआ कार्यक्रम दिनभर चलता रहा। इस सेवा में ग्रामीणों व युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सभी ने जलपान कर पुण्य अर्जित किया। कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने बताया कि निर्जला एकादशी के अवसर पर श्रद्धालुओं दान की भावना से बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसी क्रम में भामाशाह हरीश राव ने अपने पुत्र हिमांशु राव की पुण्य स्मृति में गौशाला को एक वॉटर कूलर भेंट किया। इस अवसर पर योगेश सोनी, अरुण दूत, सुरेन्द्र सैनी कलवानिया, गिरीश मिश्रा, डॉ. अरविंद भुरिया, हनी सिंह शेखावत, महेश सीगड़, योगेश सेवदा, पंकज सीगड़ , संजीव सूंडा आदि गणमान्य नागरिक मौजूद रहें। सचिव मुकेश सीगड़ ने सभी कार्यकर्ताओं, दानदाताओं व ग्रामवासियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके सेवा भाव की सराहना की।

## नगर परिषद के कार्मिकों ने पिलाया ठंडा शरबत



**नीमकाथाना (मसं)।** निर्जला एकादशी पर क्षेत्र में दान-पुण्य का दौर चला। सामाजिक संगठनों व समाजसेवी लोगों की ओर से शहर भर में जगह-जगह शीतल पेय की व्यवस्था की गई। इसी कड़ी में नगर परिषद कार्यालय के बाहर भी राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया गया। परिषद के कार्मिक यहां से गुजर रही महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों सहित हर नागररिक को छाया में बैठाकर सेवा करते नजर आए। इसको लेकर कार्मिकों में उत्साह व खुशी का माहौल दिखाई दिया।

## निर्जला एकादशी पर 9 क्विंटल ठंडाई का किया वितरण



**लालसोट (मसं)।** विधानसभा क्षेत्र लालसोट मुख्यालय व उपखंड रामगढ़ पचवारा पर निर्जला एकादशी पर 9 क्विंटल ठंडाई का वितरण किया गया। उपखंड मुख्यालय लालसोट नगर परिषद के सामने श्याम देव परिवार के तत्वावधान में सभापति पिंकी चतुर्वेदी के नेतृत्व में 6 क्विंटल दूध से निर्मित ठंडाई का वितरण किया गया। इस दौरान सभापति प्रतिनिधि सोनू बिनोरी, विनोद गोयल, मुरारी लाल सैनी, दिनेश लोग्या, महेंद्र सोखिया सहित श्याम देव परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर उपखंड मुख्यालय रामगढ़ पचवारा स्थित बस स्टैंड पर आमजन के सहयोग से तीन क्विंटल दूध से निर्मित ठंडाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर दिनेश बीड़ी वाला, समाजसेवी मोहनलाल, सोनी पंडित, मोनू लालसोट, सूरजमल मीणा, हीरालाल मीणा, भरत मीणा सहित कई समाजसेवी मौजूद रहे।

## व्यापारियों ने राहगीरों व आमजन को पिलाया शरबत



**नवलगढ़ मुकुंदगढ़ (मसं)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में मुकुंदगढ़ मंडी बस स्टैंड पर व्यापारियों ने राहगीरों व आमजन को रसना, शरबत व ठंडा पानी पिलाया। इस अवसर पर मुकुंदगढ़ वैश्य समाज अध्यक्ष मनोज गोयल, मुकुंदगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल शर्मा, गोविन्द शर्मा, शिव कुमार सैनी, विप्र सेना अध्यक्ष नागर पचलगिया, विष्णुकांत जांगिड़, भानाराम सैनी, सुभाष मीणा, योगेश गोयल आदि ने अपनी सेवाएं दी।

## सिविल न्यायालय परिसर में किया मिल्क रोज वितरण



**चाकसू (मसं)।** दी बार एसोसिएशन चाकसू की ओर से निर्जला एकादशी के अवसर पर सिविल न्यायालय परिसर में मिल्क रोज वितरण किया गया। कार्यक्रम में न्यायालय परिसर में उपस्थित पक्षकारों, अधिवक्ताओं, न्यायालय स्टॉफ व राहगीरों को मिल्क रोज पिलाया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम संख्या-15 स्वाती व्यास व न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम संख्या-19 जयश्री मीणा ने बार एसोसिएशन की प्रशंसा करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में ठंडा शरबत वितरण से राहत मिलती है, जो स्वास्थ्य के लिए उत्तम है। इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष एनएल शर्मा, महासचिव दुर्गा प्रसाद बैरवा, पूर्व अध्यक्ष हरप्रीत सिंह, रमेश चौधरी, पूर्व महासचिव श्रवण लाल शर्मा, लोकेश शर्मा, सुनील शर्मा, जितेंद्र गौतम, एडवोकेट राजेश चौधरी आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## आईआईटी परिणाम में विनीत को मिली 109वीं रैंक



**नीमकाथाना (मसं)।** आईआईटी के घोषित परीक्षा परिणाम में स्थानीय समाजसेवी शंभू दयाल हलवाई के प्रपौत्र विनीत गोयल पुत्र मनोज गोयल को संपूर्ण भारत में 109वीं रैंक हासिल हुई, जिससे क्षेत्र वासियों, समाज व परिजनों में खुशी का माहौल है। विनीत ने भविष्य में भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी बनने की इच्छा जताई। विनीत को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। परिणाम पर उत्साहित बड़ी संख्या से लोग घर पहुंचे और विनीत का मुंह मीठा करवाकर खुशी व्यक्त की। इसी कड़ी में घर पहुंचे अग्रवाल ट्रस्ट संरक्षक दौलत राम गोयल, नगर परिषद उपसभापति महेश मेंगोतिया, पूर्व पालिका अध्यक्ष व उद्यमी त्रिलोक चंद दीवान, अशोक अग्रवाल, उद्यमी महेंद्र गोयल सहित कई समाज संगठनों से जुड़े लोगों ने विनीत को उज्जवल भविष्य की शुभकामएं दी।

### आए-दिन लगता है जाम, जनप्रतिनिधि व अधिकारी नहीं कर रहे सुनवाई

# फागी कस्बे में कई समस्याओं को लेकर लोग परेशान

महानगर संवाददाता



**फागी।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा के फागी विधानसभा क्षेत्र में आए-दिन जाम लगने, टूटी सड़कों सहित अन्य समस्याओं से स्थानीय लोग परेशान हैं। यह समस्या आज की नहीं है, यहां पर वर्षों से लोग राजनीति का शिकार हो रहे हैं। किसी भी पार्टी की सरकार आए, जनप्रतिनिधियों द्वारा हर बार विकास के दावे किए जाते हैं, लेकिन धरातल पर कार्य शून्य होता है।

कस्बे की मुख्य समस्या जाम की है, जहां मुख्य बाजार से गुजर रहे भारी वाहनों के चलते आम लोगों के साथ-साथ यहां खरीददारी करने आने वाले लोग भी परेशान हैं, जिनको अपने वाहन खड़े करने के लिए जगह तलाशनी पड़ती है। फागी व्यापार महासंघ के प्रवक्ता राजाबाबू गोधा ने बताया कि हाल ही में फागी नगर पालिका के अधिशासी अभियंता राजपाल बुनकर व नवनियुक्त थाना अधिकारी ग्यासुद्दीन खां को भी इस समस्या के लिए मोखिक व दूरभाष पर अवगत कराया, लेकिन उन्होंने भी इस विषय पर ध्यान नहीं दिया। गोधा ने बताया कि जनप्रतिनिधियों के साथ ही स्थानीय अधिकारियों, पुलिस व उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन किसी के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। आमजन की सुनवाई करने वाला कोई नहीं है। यही नहीं कस्बे में कानून व्यवस्था भी चौपट है। पुलिस थाने की सीएलजी मीटिंग में भी हमेशा यही मुद्दा उठता है, लेकिन आज तक सही समाधान नहीं हो सका।

गोधा ने बताया कि उच्च अधिकारियों से कई बार बाजार में यातायात कर्मी लगाने के लिए गुहार कर चुके हैं, लेकिन इस पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि बाजार में मुख्य रोड पर अतिक्रमण के चलते भी हाल बेहाल हैं। कानून व्यवस्था की अनदेखी के चलते बाजार में जगह-जगह ट्रक, ठेले, बस, टेंपो खड़े रहते हैं, जिससे आवागमन अवरुद्ध रहता है। लोगों ने उप मुख्यमंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक उच्चाधिकारियों से फागी कस्बे की यातायात, सड़क, अतिक्रमण सहित अन्य समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने की मांग की है।

## खाद-बीज की दुकानों का निरीक्षण, 7 विक्रेताओं को नोटिस



महानगर संवाददाता

**लालसोट।** किसानों को समय पर खरीफ फसलों की बुआई के लिए गुणवत्तापूर्ण उर्वरक, बीज व दवा की उपलब्धता को मध्यनजर रखते हुए शुक्रवार को कृषि विभाग के अधिकारियों की टीम ने संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार दौसा रामराज मीना के नेतृत्व में लालसोट बाजार स्थित कृषि आदान विक्रेताओं की दुकानों व गोदामों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान बाजरा व मूंगफली बीज के 5 नमूने लिए, जिन्हें जांच के लिए बीज परीक्षण प्रयोगशाला में भिजवाया जाएगा। जांच में नमूने अमानक पाए जाने पर सम्बन्धित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सहायक निदेशक कृषि विस्तार अशोक मीना ने बताया कि अनियमितता बरतने पर 7 खाद-बीज विक्रेताओं को मौके पर ही कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिवस में रिकॉर्ड पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए गए। जैसे ही कृषि विभाग की टीम लालसोट पहुंची तो कई खाद-बीज विक्रेता दुकानों को बंद कर भाग गए। ऐसे विक्रेताओं को नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मीना ने किसानों को सलाह दी कि केवल पंजीकृत विक्रेताओं से ही खाद-बीज खरीदे और संबंधित पंजीकृत फर्म से बिल अवश्य लें। निरीक्षण के दौरान कृषि अधिकारी दौसा रामजीवन मीना, वरुण शर्मा, सहायक कृषि अधिकारी लालसोट चरत लाल मीना, शिवकुमार मीना, कृषि पर्यवेक्षक रामकिशोर मीना सहित कई किसान मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत नयावास में बगीचे का पत्रकार दल ने किया निरीक्षण

महानगर संवाददाता



**रामगढ़ पचवारा।** जल ग्रहण विकास व संरक्षण विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई परियोजना के तहत उपखंड मुख्यालय की ग्राम पंचायत नयावास में चारागाह भूमि पर 40 बीघा में 46 लाख रुपए की लागत से निर्मित बगीचे का पत्रकार दल ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नरेगा अधीक्षण अभियंता सीताराम मीणा ने बगीचे की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बगीचे से ग्राम पंचायत की निजी आय बढ़ेगी। बगीचे में 5 हजार पेड़ों को विकसित किया जा रहा है, जिसमें आंवाला, नींबू, करौंदा, जामुन, नीम खेजड़ा, बबूल सहित कई औषधीय पौधों को तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक साल के अंदर यह बगीचा ग्राम पंचायत के हैंडओवर कर दिया जाएगा, जिससे ग्राम पंचायत की निजी बढ़ेगी। पत्रकारों के निरीक्षण के दौरान नरेगा अधीक्षक अभियंता सीताराम मीणा, विकास अधिकारी योगेश कुमार मीणा, जीटीए विनोद मीणा, सरपंच प्रतिनिधि अर्जुन लाल मीणा, ग्राम विकास अधिकारी मिथुन बरोलिया, कनिष्ठ सहायक राम प्रसाद, वाटरशेड सहायक अभियंता रवि कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## अब तक दस हजार से अधिक लोग देख चुके प्रेरणादायक फुले फिल्म

महानगर संवाददाता



**नीमकाथाना।** मेघवंश जागृति संस्थान के सौजन्य से संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रणजीत मेहरानिया ने एक जन जागरूकता अभियान चलाकर ऐतिहासिक व प्रेरणादायक फुले फिल्म का निशुल्क प्रदर्शन शहर के लक्ष्मी टॉकीज सिनेमा घर में प्रारंभ किया, जो फुले प्रेमियों की मांग व उनकी भावनाओं को ध्यान में रखते हुए निरंतर जारी है। मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष सुभाष चंद सिंघल ने बताया कि अब तक के अभियान में मेघवंश संस्थान की ओर से 28 निशुल्क शो आयोजित करवाकर करीब दस हजार लोगों को यह फिल्म दिखाई जा चुकी है। फुले फिल्म नीमकाथाना के लक्ष्मी टॉकीज में लगातार चार सप्ताह से निशुल्क चल रही है और अब पांचवें सप्ताह में प्रवेश कर चुकी है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड भी है। मैनेजमेंट कमेटी के महासचिव राजेंद्र प्रसाद मेहरानिया ने बताया कि 28वें स्पेशल शो में कलकत्ता से बुद्धिजीवी वर्ग का एक समूह फिल्म देखने लक्ष्मी टॉकीज आया और इस फिल्म को उत्साह के साथ देखा। मैनेजमेंट कमेटी के उपाध्यक्ष भगवान सहाय बौद्ध ने बताया कि डॉ. कपूर सिंह जोरासिया, पूर्व सीबीईओ शिवनारायण मेहरड़ा, प्रधानाचार्य दामोदर प्रसाद टेलर, शिला अग्रवाल आदि ने भी सपरिवार फिल्म देखी। साथ ही योद्धा कोचिंग के निदेशक विक्रम सिंह के नेतृत्व में 35 विद्यार्थियों ने फुले फिल्म देखकर अपने आपको गौरवान्वित महसूस किया।

## भाजपा के संकल्प से सिद्धि अभियान तहत होंगे कई कार्यक्रम



महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** केंद्र की मोदी सरकार के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण के उपलक्ष्य में भाजपा संकल्प से सिद्धि अभियान चलाएगी। जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि भाजपा के संकल्प सिद्धि अभियान की शुरुआत के लिए शुक्रवार को सवाई माधोपुर जिले की बैठक जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक में विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि इस पूरे माह में जिले में संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत कई कार्यक्रम होंगे, जिसके तहत प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री के संदेश को प्रत्येक कार्यकर्ता तक पहुंचाया जाएगा। वहीं डॉक्टर, समाज, व्यापारी व प्रबुद्धजनों की बैठक आयोजित होगी। बैठक में मुख्य अतिथि संकल्प से सिद्धि अभियान के प्रदेश संयोजक व खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, गंगापुर सिटी नगर सभापति शिवरतन अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. भरत मथुरिया, संकल्प से सिद्धि अभियान के जिला संयोजक सुरेश जैन, सहसंयोजक जमनालाल वैष्णव, जिला महामंत्री हरिओम गर्ग, पूर्व प्रधान लल्लू लाल मीणा मंचासीन रहे।

## प्रिंस डिफेंस अकादमी में दिलाई पर्यावरण संरक्षण की शपथ



महानगर संवाददाता

**सीकर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने प्रिंस डिफेंस अकादमी के विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर शर्मा ने छात्रों को सीकर को स्वच्छ रखने, पृथ्वी व पर्यावरण की रक्षा करने और स्वच्छता के प्रति सदैव जागरूक रहने का संकल्प दिलाया। आयुक्त ने विद्यार्थियों को सूखा व गीला कचरा अलग-अलग संग्रहित करने, गीले कचरे से घरेलू खाद तैयार करने के लाभ बताए और सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक के प्रतिबंधित उत्पादों के स्थान पर कपड़े व जूट के थैलों का प्रयोग पर्यावरण के लिए सुरक्षित विकल्प है। इस अवसर पर नगर परिषद द्वारा प्रिंस डिफेंस अकादमी के छात्रों को कपड़े के थैले वितरित किए गए। शर्मा ने आम नागरिकों से भी आग्रह किया कि वे पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और सीकर को स्वच्छ व हरित शहर बनाने में सहयोग करें।

## दार्जिलिंग में यूथ डवलपमेंट सेमिनार के लिए रोवर स्काउट रवाना



महानगर संवाददाता

**लालसोट।** राजेश पायलेट राजकीय पीजी कॉलेज के रोवर स्काउट हर्ष शर्मा व अभिषेक प्रजापत दार्जिलिंग में आयोजित नेशनल लेवल यूथ डवलपमेंट सेमिनार में राजस्थान का प्रतिनिधत्व करेंगे। इस 5 दिवसीय कार्यक्रम के लिए भामाशाह पुरुषोत्तम जोशी, स्काउट सचिव श्रीकांत शर्मा, रोवर लीडर रामकेश माली ने उन्हें माला पहनाकर दार्जिलिंग के लिए रवाना किया। महाविद्यालय के रोवर प्रभारी रामभरोसी बैरवा ने बताया कि नेशनल लेवल यूथ लीडरशिप डवलपमेंट सेमिनार एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसका उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व कौशल व क्षमता को विकसित करना है। इस सेमिनार में देश से समस्त राज्यों से युवा भाग लेंगे और नेतृत्व के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे। यूथ समिति अध्यक्ष हर्ष शर्मा ने कॉलेज प्राचार्य सुभाष पहाड़िया और सीओ स्काउट प्रदीप सिंह को चयन के लिए धन्यवाद दिया।

## भृगु ऋषि गौशाला में नानी बाई को मायरा कथा शुरू

**नवलगढ़ (मसं)।** ग्राम गोल्याना भृगुऋषि गौशाला में संत योगी शांतिनाथ महाराज, मोतीनाथ महाराज, राजू दास महाराज, ब्रह्मचारी गणेश चैतन्य महाराज, प्रेम मूर्ति हेमंतदास महाराज, अमरदास महाराज, अनिल नाथ महाराज, श्रवण दास महाराज, रामदास महाराज, कृष्णा किशोरी व्यास के सानिध्य में नानी बाई को मायरा कथा शुरू हुई। गौशाला संचालक महंत योगीदास महाराज ने बताया कि कथा से पूर्व संतों के सानिध्य में भव्य कलशयात्रा निकाली गई, जिसका चिराना के गणेश मंदिर पर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद कलशयात्रज्ञ कथा मंडप पहुंची, जहां शिव परिवार की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की गई। नानी बाई रो मायरा कथा की मुख्य यजमान मानसिंह शेखावत की धर्मपत्नी सज्जन कंवर चिराना, अजीत सिंह, रणजीत सिंह ने पूजा-अर्चना की।





## वंदे गंगा जल संरक्षण महाअभियान कार्यक्रमों का निरीक्षण

**चाकसू (मसं)।** वंदे गंगा जल संरक्षण महा-अभियान के अंतर्गत उपखण्ड क्षेत्र चाकसू में दूसरे दिन आयोजित कार्यक्रमों का जिला कलेक्टर जितेन्द्र सोनी ने भ्रमण कर निरीक्षण किया। चाकसू उपखण्ड अधिकारी शिवचरण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि चाकसू के अंतर्गत ग्राम पंचायत आकोड़िया में फल वाटिका का शुभारम्भ व पौधरोपण किया गया। सिंथेटिक मैट पर कबड्डी मैच का आयोजन हुआ, जिसमें विजेता टीम को जिला कलेक्टर ने प्रोत्साहित किया। जल संरक्षण अभियान के तहत शपथ कार्यक्रम का आयोजन हुआ और कलशयात्रा निकाली गई। वहीं विद्युत ग्रिड में साफ-सफाई कर श्रमदान किया गया और शिव डूंगरी बांध पर सरोवर पूजन व श्रमदान कार्यक्रम किया गया।



# 'जल संरचनाओं के संरक्षण व पुनरुद्धार कार्यों में लाएं तेजी'

### जिला परिषद सभागार में ग्रामीण विकास व पंचायतीराज विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

महानगर संवाददाता



**सवाई माधोपुर।** जिले में ग्रामीण विकास व पंचायतीराज विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में जिला प्रमुख सुदामा मीणा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वामित्व योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीब मुक्त गांव योजना, पीएम आदर्श ग्राम योजना, डांग क्षेत्र विकास, सांसद व विधायक कोष और सीएसआर के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। जिला प्रमुख ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु से पूर्व ऐसे गांव, जहां जल निकासी की समस्या होती है, वहां पोखरों, तराई क्षेत्रों व जलमार्गों की समुचित सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव से बचाव के लिए नालियों की नियमित सफाई के भी निर्देश दिए। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों, नालियों, पोखरों व पेयजल से संबंधित कार्यों के प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए ।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया ने समस्त ब्लॉक विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के अंतर्गत नाड़ी, पोखर, मेड़बंदी व अन्य जल संरचनाओं के संरक्षण व पुनरुद्धार कार्यों में तेजी लाएं और सभी प्रगति विवरण पोर्टल पर समय पर अपलोड करें। उन्होंने सभी बीडीओ को निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में सोख्ता गड्ढों का निर्माण कार्य समय पर पूर्ण किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। साथ ही स्वामित्व योजना में लंबित प्रकरणों का अगले तीन सप्ताह में निस्तारण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीब मुक्त गांव योजना की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सर्वेक्षण में प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजना से लाभान्वित करने का पूर्ण ध्यान रखा जाए।

# गोपाल लालवानी को मिला सिंधु सेवा सम्मान-2025



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सिंधु चौपाल सिंधु सेवा सम्मान-2025 के अंतर्गत सिंधु संस्कृति प्रचार संस्था एवं पूज्य सिंधी समाज सेवा समिति सेक्टर-6 वार्ड 72 मानसरोवर का सम्मान किया गया। सिंधु चौपाल की तरफ से जयप्रकाश बूलचंदानी ने अध्यक्ष गोपाल लालवानी को शॉल ओढ़ाकर और शील्ड देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में नरेश लालवानी, किशोर आसवानी, अशोक कुमार मेठवानी, रमेश हेमनानी, हरीश गुरबानी, दिलीप खुशलानी, टेकचंद रेवानी, लीलाराम पंजाबी, मनोज तोतलानी, खुशाल चंद तोलानी, गागन दास मधरानी, आशा लालवानी, ज्योति कंवलानी, कोमल गेहिजा, कविता लालवानी, संगीता बलवानी, रितिका तोलानी, कन्हैया लाल आडवाणी और पऊमल आडवाणी, मुख्य संरक्षक नरेश माखीजा, किशन लाल छत्तानी, सुंदर ठाकुर एवं अशोक रावतानी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## 15 जून को गाजियाबाद से सिक्किम जाएगा श्रद्धालुओं का पहला जत्था

# पांच वर्ष बाद फिर शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

महानगर संवाददाता

जयपुर। कैलाश मानसरोवर की यात्रा पांच वर्ष बाद फिर शुरू होने जा रही है। इस बार देश भर से 750 श्रद्धालुओं ने यात्रा के लिए पंजीकरण कराया है। इसमें कुछ यात्री राजस्थान के भी है। 15 जून को गाजियाबाद से 50 श्रद्धालुओं का पहला समूह सिक्किम के लिए रवाना किया जाएगा। यात्रा का समापन 25 अगस्त को होगा। केन्द्र सरकार ने उत्तर प्रदेश सरकार को यात्रा से जुड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। राज्य सरकार के निर्देश पर उप्र राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने इसकी



तैयारियां शुरू कर दी हैं। यात्रा के लिए जाते समय श्रद्धालुओं को गाजियाबाद के इंदिरापुरम में स्थित कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन में चार दिन और वापसी में एक दिन ठहराया जाएगा। कोविड महामारी और भारत-चीन सीमा विवाद के कारण पांच वर्ष पहले यात्रा रोक दी गई थी। उसके बाद अब इस यात्रा को दोबारा शुरू किया जा रहा है। कैलाश मानसरोवर चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में स्थित है। श्रद्धालुओं के पंजीकरण के बाद गाजियाबाद के इंदिरापुरम में स्थित कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन में यात्रा शुरू होने से पहले चार दिन ठहराया जाएगा। इसी दौरान श्रद्धालुओं का मेडिकल, वीजा का कार्य भारत सरकार द्वारा कराया जाएगा। साथ ही आइटीबीपी के जवान एक दिन प्रशिक्षण देंगे। यात्रा से वापस आने पर श्रद्धालुओं को एक दिन और इंदिरापुरम में रोका जाएगा। यूपी सरकार ने श्रद्धालुओं को ठहराने एवं अन्य इंतजाम के लिए 1.35 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कर दी है।

### सिक्किम के रास्ते यात्रा की शुरुआत

यात्रा की शुरुआत सिक्किम से की जाएगी। गाजियाबाद से पहले 50-50 श्रद्धालुओं के चार समूह को सिक्किम से नाथुला दर्रा के रास्ते भेजा जाएगा। गाजियाबाद से उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रा के रास्ते से जाने वाले श्रद्धालुओं के पहले समूह को गाजियाबाद से चार जुलाई को भेजा जाएगा। 500 श्रद्धालुओं को सिक्किम के रास्ते और 250 को उत्तराखंड के रास्ते भेजा जाएगा।

### उत्तराखंड के रास्ते से कम खर्च

उत्तराखंड के रास्ते से जाने वाले श्रद्धालुओं को करीब 1.75 लाख से दो लाख रुपए खर्च करने पड़ते हैं, सिक्किम के रास्ते से 2.75 लाख से तीन लाख खर्च करने पड़ते हैं। उप्र के मूल निवासियों को यात्रा की प्रतिपूर्ति के रूप में सरकार एक लाख की आर्थिक मदद करती है। इसके लिए बैंक खाते का विवरण, पैन कार्ड आधार कार्ड और यात्रा को पूर्ण करने का प्रमाण धर्मार्थ कार्य विभाग को सौंपना पड़ता है।

# निर्भय होकर करें भगवान की भक्ति : गोस्वामी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन चांदपोल के सामने स्थित मंदिर श्री माधो बिहारी जी में महंत योगेश चंद्र स्वामी के सान्निध्य में आयोजित भागवत कथा में ललित सम्प्रदायाचार्य महंत संजय गोस्वामी ने कहा कि गुरु की कृपा से ही प्रभु की प्राप्ति संभव है। प्रह्लाद जी को बचपन से ही नारद जी ने प्रभु भक्ति में लगा दिया था जो प्रभु प्राप्ति में सहायक बना। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति निर्भय होकर करनी चाहिए। आयोजक देवेश स्वामी ने बताया कि 7 जून को श्रीराम जन्म के बाद श्रीकृष्ण जन्म (नंदोत्सव) के रूप में धूमधाम से मनाया जाएगा। आठ जून को गिरिराज धरण, गोवर्धन पूजन, 9 जून को महारास, रुक्मणी विवाह की कथा होगी। 10 जून को सुदामा चरित्र, कलियुग वर्णन, परीक्षित मोक्ष की कथा एवं कथा का विश्राम होगा। कथा का समय शाम 4 से 7 बजे रहेगा



# गोविंददेवजी सहित प्रमुख वैष्णव मंदिरों में निर्जला एकादशी आज

## श्रद्धालु करेंगे जल से भरे मटके-पंखी-फलों का दान

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** वैष्णव मतावलंबी शनिवार को निर्जला एकादशी का व्रत रखेंगे। छोटीकाशी के सभी प्रमुख वैष्णव मंदिर गोविंददेवजी, राधा दामोदर जी, गोपीनाथजी में शनिवार को एकादशी उत्सव मनाया जाएगा। शुक्रवार को एकादशी से जुड़ी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। ठिकाना मंदिर श्री गोविंददेवजी में निर्जला एकादशी को भारी संख्या में दर्शनार्थियों के आने के कारण दर्शन की व्यवस्थाओं में बदलाव किए हैं ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो। शुक्रवार को पुलिस के आला अधिकारियों ने मंदिर प्रबंधन के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एकादशी को सुबह मंगला से शयन झांकी तक ठाकुरजी भक्तों को करीब 16 घंटे दर्शन देंगे। मंगला झांकी में दर्शनार्थियों की संख्या अधिक रहने के कारण झांकी के दर्शन का समय बढ़ाया गया है। मंगला झांकी सुबह साढ़े चार से साढ़े छह बजे तक होगी। लगातार दो घंटे ठाकुरजी भक्तों को दर्शन देंगे।

इतनी देर दर्शन केवल जन्माष्टमी, होली, दीपावली, देवउठनी एकादशी और अंग्रेजी नववर्ष पर ही होते हैं। दर्शनार्थियों को धूप और तपन से बचाने के लिए मंदिर के बाहर से जगमोहन तक छाया की व्यवस्था की गई है। पूरे परिसर में टैंट लगाया गया है। जगह-जगह पंखे और कूलर भी लगाए गए हैं। पीने के पानी की व्यवस्था के लिए पांच जगह मंदिर की ओर से प्याऊ लगाई गई। सभी को सुविधापूर्वक दर्शन हो इसके लिए करीब 200 स्वयंसेवक और पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। पुलिस और प्रशासन के उच्चाधिकारी व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रखेंगे।



### दो बैरिकेडिंग से होंगे दर्शन

एकादशी को मंदिर में जूते-चप्पल खोलने की कोई व्यवस्था नहीं रहेगी। ऐसे में दर्शनार्थियों को अपने जूते-चप्पल खोल कर ही मंदिर में प्रवेश करना होगा। हालांकि चप्पल-जूते पहनकर दर्शन करने पर रोक नहीं है। लेकिन ऐसे दर्शनार्थियों को जगमोहन से बाहर से दर्शन करने होंगे। चप्पल-जूते पहनकर आने वालों के लिए अलग से बैरिकेटिंग की गई है। नंगे पांव आने वाले श्रद्धालु जगमोहन से दर्शन कर सकेंगे। दोनों बैरिकेटिंग का निकास जय निवास उद्यान से होगा। जगमोहन में खड़े रहने, रील बनाने,फोटो खींचने की मनाही रहेगी।

### घर से ही भरकर लाने होंगे मटके

एकादशी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु जल से भरे मटके दान करते हैं। लोग मंदिर से ही मटके में पानी भरकर वहीं रख जाते हैं। लोगों को मटके में अपने घर से या मंदिर के बाहर से पानी भर कर लाना होगा। क्योंकि भारी भीड़ होने के कारण पानी के टैंकर से जलापूर्ति संभव नहीं हो पाती। इसलिए मंदिर में जल भरने की कोई व्यवस्था नहीं रहेगी। श्रद्धालु जल से भरे मटके, हाथ पंखी और आम का दान करेंगे। ये सामान बाद में जरुरतमंदों को वितरित किया जाएगा।

# निर्जला एकादशी पर शरबत, मिल्क रोज, गन्ने का रस वितरण कर कमाया पुण्य

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** निर्जला एकादशी (स्मार्त) पर शुक्रवार को विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं की ओर से शरबत, मिल्क रोज, गन्ने का रस वितरण किया गया। कई स्थानों पर आइसक्रीम और फल भी बांटे गए। हर प्रमुख चौराहे पर स्टॉल लगाकर दोपहर से देर शाम तक पुण्य कमाने का सिलसिला जारी रहा। मुख्य मार्गों पर ठाकुरजी का छोटा सा दरबार भी सजाया गया। जहां भजनों के बीच राहगीरों और वाहन चालकों को शीतलपेय पिलाया गया। झोटवाड़ा और हवामहल क्षेत्र में विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं की ओर से जगह-जगह शर्बत पिलाया गया। हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य ने हाथोज धाम में श्रद्धालुओं को आइसक्रीम वितरित की। चारदीवारी में विभिन्न स्थानों पर उन्होंने राहगीरों को शर्बत पिलाया। सड़क से गिलास उठाकर कचरा पात्र में डाल कर सफाई का संदेश भी दिया। न्यू सांगानेर रोड के पालिका मार्केट पर राहगीरों को शरबत पिलाया गया। राहुल शर्मा, कविता सैनी, रिया शर्मा, प्रियंका राजपूत, राहुल मचेरिया, गौरव, गोविंदा सैनी, देव कुमार ने अपनी टीम के साथ इस कार्य में सहयोग किया। रामगंज बाजार स्थित मंदिर श्री लाडलीजी में महंत संजय गोस्वामी के सान्निध्य में निर्जला एकादशी पर्व पर ठाकुरजी को केसर, पिस्ता, बादाम युक्त मक्खन, रबड़ी, श्रीखंड, मेवा, आमरस, फलों तथा विशेष व्यंजनों का भोग लगाया गया।



# साधकों को कराए दिमाग की शक्ति जगाने के प्रयोग

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सन टू हुमन संस्था की ओर से सीकर रोड पर भवानी निकेतन में आयोजित नया दृष्टिकोण वाले शिविर में शुक्रवार को हजारों साधकों ने सुबह योगाभ्यास किया। सभी साधकों ने सूर्य वंदना, नटराज ध्यान और लंबी गहरी श्वास के प्रयोग किए। इस दौरान शरीर को शक्तिशाली बनाने वाले नाभि झटका प्रयोग भी करवाए। इस दौरान ऊर्जा से संबंधित प्रश्न-उत्तर किए।

सन टयू ह्यूमन के प्रमुख सूत्रधार परमालय ने इस मौके पर कहा कि हमें भौतिक शरीर तक ऊर्जा को पहुंचाने के लिए धारा बनानी होगी। ब्रेन तक ऊर्जा को लेकर जाएंगे उतनी पॉजिटिविटी आएगी। नेगेटिविटी अपने आप कम हो जाएगी।

उन्होंने लार और नाभि से जुड़े हुए कई उपयोगी और महत्वपूर्ण जानकारी दी। सभी ने साधना करते हुए लार रोकी और नाभि झटका प्रयोग भी किया। इसके बाद लयबद्ध होकर धार्मिक भजनों पर नृत्य किया। लगभग 30 मिनट तक सभी उम्र के लोगों ने प्रकृति के साथ खुद को जोड़ते हुए आनंद की अनुभूतियों को अनुभव किया। परमालय ने कहा कि हमारे शरीर में जो ऊर्जा बनती है इसे ब्रेन तक पहुंचानी होती है। इस भौतिक शरीर में हर समस्या का समाधान हमारा ब्रेन ही करता हैं। शुद्ध विचार, शुद्ध शरीर और शुद्ध भाव की निरंतरता ही आपको अपने जीवन में लक्ष्य की ओर ले जाते हैं। जीवन में निरंतरता जरूरी है। हमें भोजन की प्रक्रिया के बारे में ही नहीं पता। भोजन और व्यायाम दोनों साथ में हो जाए तो आपकी निरंतरता बढ़ेगी।

ब्रेन में इतनी ताकत होती है कि हर चीज का सिग्नल देती है। ब्रेन मालिक है। मीडिया प्रभारी राजेश नागपाल ने बताया कि इस मौके पर ब्रेन की शक्ति जगाने के प्रयोग करवाए।

आयोजन से जुड़े संजय माहेश्वरी, नरेंद्र वैद्य, अजय मित्तल कमल सोमानी, आलोक तिजारिया, प्रमोद मालपानी, विवेक लड्ढा सहित अन्य उपस्थित रहे।



# धूमधाम से मनाया बिल्वेश्वर महादेव मंदिर का पाटोत्सव

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ग्राम सेवक समाज नाहरी का नाका शास्त्रीनगर स्थित बिल्वेश्वर महादेव मंदिर का पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर शिव परिवार और राम दरबार की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

गाजेबाजे के साथ शिव परिवार और राम दरबार की प्रतिमाओं को नगर भ्रमण कराया गया।

अभिषेक-श्रृंगार कर फूलों की मनमोहक झांकी सजाई गई। इसके बाद संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। अध्यक्ष कैलाश चंद सैनी और महामंत्री नवल किशोर ने बताया कि आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान की प्रसादी ग्रहण की।

# सिक्किम के राज्यपाल करेंगे धर्मसंस्थापनार्थाय पुस्तक का लोकार्पण

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रभुदयाल चतुर्वेदी स्मृति समिति के तत्वावधान में लेखक कन्हैया लाल चतुर्वेदी की पुस्तक 'धर्मसंस्थापनार्थाय' का लोकार्पण समारोह 8 जून को शाम 6 बजे रामबाग सर्किल स्थित एसएस जैन सुबोध पीजी कॉलेज के चाणक्य सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की गरिमा बढ़ाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांभर स्थित नाथ सम्प्रदाय आश्रम के प्रमुख संत रमण नाथ महाराज करेंगे। इसके अलावा प्रसिद्ध फिल्म निर्माता-निर्देशक पद्मश्री डॉ. चन्द्र प्रकाश द्विवेदी, राज्य सूचना आयुक्त हरियाणा प्रदीप कुमार शेखावत विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में उपस्थित रहेंगे। समिति अध्यक्ष विमल कुमार सोनी एवं सचिव सत्यनारायण गुप्ता ने बताया कि पुस्तक 'धर्मसंस्थापनार्थाय' भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों एवं धर्म की स्थापना के ऐतिहासिक, दार्शनिक और सामाजिक पहलुओं को विश्लेषित करती है। यह पुस्तक न केवल पाठकों को प्रेरित करेगी बल्कि समकालीन भारतीय समाज के बौद्धिक विमर्श में एक सशक्त हस्तक्षेप भी सिद्ध होगी।

## राज्यपाल ने किया प्रो. रेणु जोशी को सम्मानित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** एस.एस. जैन सुबोध पीजी महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) रेणु जोशी को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े ने सम्मानित किया है। यह कार्यक्रम राजस्थान पर्यावरण एवं ऊर्जा संरक्षण केंद्र द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, डॉ. समित शर्मा (आईएएस), पद्म श्री लक्ष्मण सिंह लापोडिया, मोहित प्रताप सिंह, सीईओ, राजस्थान पर्यावरण एवं ऊर्जा संरक्षण केंद्र, जयपुर सम्मिलित थे। प्रो. (डॉ.) रेणु जोशी को वर्ल्ड एनवायरमेंट डे सबमिट 2025 में पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देने के उपलक्ष में सम्मानित किया गया।




## फ्रांस में गूंजी भारतीय संगीत की स्वर लहरी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कलाकार सरिता राव ने हाल ही अपनी सांगीतिक फ्रांस यात्रा के दौरान भारतीय सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत कर भारतीय संगीत और योग संस्कृति को भरपूर प्रसारित और प्रचारित किया। सरिता ने पेरिस, मोंटपेल्लिएर, ब्रिटनी, ला रोशेल और आर्ल्स जैसे प्रमुख सांस्कृतिक शहरों में प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान उन्होंने कई फ्रांसीसी संगीतज्ञों और योग शिक्षकों के साथ मिलकर कार्यशालाओं और जुगलबंदियों का आयोजन किया। जिनमें भारतीय रागों की गहराई और शुद्धता को बारीकी से साझा किया गया। उनके साथ फ्रांसीसी संगीतकार जेरमी फॉशर, कावा ब्रास बैंड के निदेशक हमीद खान कावा और ला रोशेल के प्रसिद्ध गिटार वादक पास्कल डुकोर्टियोक्स ने भी मंच साझा किया।

# कर्तव्य, पराक्रम, विनम्रता का संदेश देते हैं हनुमानजी



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** न्यू सागांनेर रोड सोडाला स्थित श्री झटपट बालाजी एवं राधा गोविंद मंदिर में हो रही संगीतमय हनुमान कथा में शुक्रवार को हनुमान जी की भक्ति और शक्ति पर प्रवचन हुए। व्यासपीठ से कथावाचक धनश्री महाराज ने कहा कि हनुमान जी भक्ति, सेवा, शक्ति और समर्पण के साक्षात प्रतीक है। कलिकाल में उनका स्मरण आत्म विश्वास बढ़ाता है। हनुमान जी के जीवन प्रसंग हमें कर्तव्य, पराक्रम और विनम्रता का संदेश देते हैं। झटपट बालाजी मंदिर समिति के अध्यक्ष विनय दुबे ने बताया कि हनुमान कथा का श्रवण कर श्रोता जीवन में सकारात्मक ऊर्जा महसूस कर रहे हैं।

# गोविंददेवजी मंदिर में पंच कुंडीय सुवृष्टि कुंडीय गायत्री महायज्ञ

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** देश-प्रदेश में अच्छी वर्षा की कामना के साथ गोविंददेवजी मंदिर में रविवार को सुबह आठ से दस बजे तक महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में पंच कुंडीय सुवृष्टि कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसमें भगवान देवराज इंद्र और वरुण देवता का भावभरा आह्वान कर मानसून के दौरान श्रेष्ठ वर्षा करने की प्रार्थना की जाएगी। यज्ञ का संचालन गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के विद्वानों की टोली संपन्न कराएगी। यज्ञ से पूर्व आराध्य देव गोविंददेवजी, मां गायत्री और गुरुसत्ता का सोडशोपचार पूजन किया जाएगा। अग्नि प्रज्जवलन से पूर्व युग निर्माण सत्संकल्प का सामूहिक पाठ कराया जाएगा। इस मौके पर भारतीय संस्कृति से जन्मदिन और विवाह दिवस संस्कार मनाने वालों से विशेष पूजन कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि गोविंददेवजी मंदिर प्रबंधन की ओर से पाश्चात्य संस्कृति के बजाय भारतीय संस्कृति के अनुसार जन्मदिन यज्ञ के साथ मनाने की परंपरा शुरू की गई है। जिन लोगों का जन्मदिन 8 जून को है वे यज्ञ के साथ निशुल्क अपना जन्मदिन मंदिर में मना सकते हैं। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं और आशीर्वाद की व्यवस्था मंदिर प्रबंधन और गायत्री परिवार की ओर से की गई है। यज्ञ के समापन पर लोगों को ज्ञान प्रसाद के रूप में प्रेरक युग साहित्य की पुस्तक प्रदान की जाएगी।

**पर्व** | महिलाएं, पुरुष व बच्चे अपनी जरूरत व पसंद का सामान लेने बाजारों में उमड़े

# ईदगाह में होगी ईद उल अजहा की मुख्य नमाज, बकरामंडी में उमड़े खरीदार

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुस्लिम धर्मावलंबी शनिवार को कुर्बानी का पर्व ईद उल अजहा मनाएंगे। अकीदतमंद अपने मोहल्ले की मस्जिद में नमाज अदा कर दिल्ली रोड स्थित ईदगाह पहुंचेंगे। यहां मुख्य नमाज होगी। जौहरी बाजार स्थित जामा मस्जिद में ईद उल अजहा की नमाज सुबह साढ़े छह बजे होगी।

ईद से एक दिन पूर्व शुक्रवार को अकीदतमंदों ने कपड़े खरीदे। रामगंज बाजार और घाटगेट में कुर्ता-पायजामा, इत्र सहित अन्य सामान की बिक्री जोरों पर रही। इसमें सबसे अधिक मांग पठानी कुर्ता की रही। कुछ युवाओं ने शेरवानी की खरीदारी की। मुस्लिम महिलाओं और युवतियों ने सैंडल, मैचिंग चूड़ियां, ईयर रिंग, झुमके, कंगन, जूते-चप्पल, आभूषण और सौंदर्य प्रसाधन सामग्री की खरीदारी की। दुकानदारों ने बकरीद को लेकर पहले से ही तरह-तरह के रंगों और डिजाइनों में तैयार कराकर कुर्ता-पायजामा मंगवाकर रखे थे।



### खुले में ना दें कुर्बानी-वीडियो नहीं करें वायरल

वहीं दिल्ली रोड पर लगी बकरों की मंडी में हजारों की संख्या में बकरों की खरीद-फरोख्त हुई। देश के अलग-अलग हिस्सों से लाए गए उम्दा नस्लों के बकरे 20 से 40 हजार से तक में बिके। सबसे ज्यादा वजन का बकरा करीब एक से 2 क्विंटल का रहा। प्रशासन ने कुर्बानी खुले में या सार्वजनिक रास्तों पर ना करके इसे चारदीवारी या पर्दे में करने की सलाह दी है। कुर्बानी के दौरान कुछ विशेष नियमों का पालन करने को कहा है। अवशेषों को इधर-उधर न फेंककर जमीन में दफनाने की हिदायत दी है। स्थान की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने को कहा है। कुर्बानी के समय भीड़ एकत्र न करने और न ही फोटो या वीडियो बनाने की हिदायत दी है। सोशल मीडिया पर इससे संबंधित कोई सामग्री अपलोड न करने की सलाह दी है।

### कुर्बानी तक सीमित नहीं है बकरीद

इस्लामिक मान्यता के अनुसार हजरत इब्राहीम हजरत इस्माइल को इसी दिन खुदा के हुक्म पर कुर्बान करने जा रहे थे, तो अल्लाह ने उनके पुत्र को जीवनदान दे दिया। जिसकी याद में यह पर्व मनाया जाता है। मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना सैफुल्लाह खां अस्दकी ने बताया कि ईद-उल-अजहा की रूह सिर्फ कुर्बानी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मा की पाकीजगी और समाज की सेवा का संदेश भी देती है।

# सेना को सियासत में न घसीटें!

## पाकिस्तानी राग अलापना बंद करें भारत के विपक्षी दलों के नेता

**जब** देश युद्ध के हालातों का सामना कर रहा हो ऐसे समय में अपने ही सैन्यबलों का मनोबल गिराने की कोई भी कुचेष्टा ऐसा अक्षम्य अपराध माना जाता है जिसके लिए कोई क्षमायाचना स्वीकार नहीं हो सकती है। इस यथार्थ को जानते हुए भी देश के विपक्षी दल सरकार पर सवालिया निशान उठाने के साथ ही हमारी सेना और अन्य सैन्य बलों को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं तो इससे ज्यादा शर्मनाक कृत्य दूसरा कोई नहीं हो सकता है। ऐसा करके विद्रुप मानसिकता वाले नेता न केवल दुश्मन देश की मदद कर रहे हैं अपितु राष्ट्रविरोधी ताकतों को संबल प्रदान कर रहे हैं। सर्जिकल स्ट्राइक और एअर स्ट्राइक के सबूत मांगने वालों के लिए चूंकि 'ऑपरेशन सिंदूर' के वीडियो पहले दिन से ही सार्वजनिक रूप से मौजूद थे, इसलिए राहुल गांधी ने पूरे ऑपरेशन की सफलता पर ही सवाल उठा दिए हैं। राहुल गांधी का आत्मसमर्पण वाला बयान उस दौरान आया जब भारत के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल दुनिया के 33 देशों की यात्रा के दौरान वहां की सरकारों को आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति से अवगत कराते हुए स्पष्ट कर रहे थे कि अगर हमारी धरती पर आतंकवादी हमले होते हैं तो हम आतंकवादियों और उन्हें प्रायोजित करने वालों को दंडित करना जारी रखेंगे। ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि कहीं राहुल गांधी ने भारत के इस कूटनीतिक अभियान को क्षति पहुंचाने के मकसद से तो यह बयान नहीं दिया! सवाल यह भी उठता है कि प्रतिनिधिमंडलों में शामिल विपक्षी नेता जिस तरह भारत का पक्ष दृढ़ता से रख रहे थे कहीं उसको देखकर तो राहुल का गुस्सा नहीं भड़क गया है... सवाल यह भी उठता है कि विदेश दौरों पर भारत की सरकार और संवैधानिक संस्थानों पर सवाल उठाने वाले राहुल गांधी को कहीं विदेशों में भारत की सरकार की बढ़ती स्वीकार्यता तो नहीं चुभ रही थी! 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर सवाल उठाने वाले राहुल गांधी समेत तमाम नेताओं को यह समझना होगा कि किसी भी सूरत में सेना के मनोबल को गिराने का काम कतई नहीं करना चाहिए। ऐसे नेताओं को सरकार की बात पर यकीन नहीं है तो उन्हें सेना की बात सुननी चाहिए जोकि 'ऑपरेशन सिंदूर' की शुरुआत से ही सारी बातें देश को बता रही है। स्वयं सीडीएस भी इस बारे में विस्तार से जानकारी दे चुके हैं। एक दिन पहले पुणे में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने और जानकारी देते हुए बताया है कि पाकिस्तान ने 10 मई की सुबह कई हमले किए, जिनका उद्देश्य भारत को 48 घंटे में शिकस्त देने का था, लेकिन खुद उसने आठ घंटे में ही घुटने टेक दिए थे और शत्रुता समाप्त करने के लिए उसे नई दिल्ली से संपर्क करना पड़ा था। जनरल चौहान ने कहा था कि पहलगाम आतंकवादी हमले पर भारत की कार्रवाई सीमा पार आतंकवाद के प्रति 'सहनशक्ति की हद' निर्धारित करने के साथ ही इस्लामाबाद के परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करने की थी। सीडीएस ने कहा कि युद्ध में यदि नुकसान भी होता है, तो आपको अपना मनोबल बनाए रखना होता है। उन्होंने कहा कि नुकसान महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण हैं। जनरल चौहान ने अभियान में जुड़े जोखिमों के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, 'आप हर तरह की आकस्मिकता के लिए 100 प्रतिशत तैयार नहीं हो सकते और आपके पास उसके बारे में 100 प्रतिशत जानकारी नहीं हो सकती। हर सैन्य अभियान में जोखिम का तत्व शामिल होता है। बस एक बात यह है कि इसके बारे में एक अनुमान होना चाहिए।'भारत के सैन्य हमलों के बारे में उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तानी ठिकानों पर बहुत सोच-समझकर सटीक हमले किए। नई दिल्ली के समग्र दृष्टिकोण के बारे में उन्होंने कहा, 'हमने मानदंड बढ़ा दिए हैं; हमने आतंकवाद को पानी से जोड़ा है, हमने आतंकवाद के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की नई रेखा खींच दी है।' ध्यान रहे, 'ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। यह जारी है। यह शत्रुता में एक अस्थाई विराम है। हमें सतर्क रहने की आवश्यकता है।' जनरल चौहान ने यह भी याद दिलाया कि किस प्रकार पाकिस्तानी नेता भारत के खिलाफ नफरत फैलाते रहे हैं। उन्होंने कहा, 'वर्ष 1965 में जुल्फिकार अली भुट्टो ने भारत के खिलाफ एक हजार साल के युद्ध की बात कही थी। पहलगाम हमले से ठीक दो दिन पहले पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने हिंदुओं के खिलाफ भड़काऊ टिप्पणी की थी।' बहरहाल, हमें यह भी याद रहना चाहिए कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने राफेल विमान के मॉडल में नींबू मिर्च टांग कर भारतीय वायुसेना की खिल्ली उड़ाई थी। उनका वह वीडियो पाकिस्तान में काफी वायरल हो गया था। इसी तरह भारत के आत्मसमर्पण का दावा करके राहुल गांधी पाकिस्तानी मीडिया में छा गए हैं। वहां के समाचार-पत्रों में तो उनके बयान को अच्छी खासी कवरेज मिली ही है। पाकिस्तानी टीवी समाचार चैनल भी इसी बात को लेकर चर्चा कर रहे हैं और संघर्ष में पाकिस्तान की जीत के दावे कर रहे हैं। इसे दुखद क्षसदी ही कहा जाएगा कि भारतीय शूरवीरों से बुरी तरह से मात खाने के बाद पाकिस्तान के हुकमरान और वहां के सेनाध्यक्ष जनरल मुनीर बंकरों में जाकर छिप गए और महज दो ही दिन में साष्टांग करते हुए अपने आका अमेरिका के सामने भारत को मनाने की मिन्नतें करने लगे। ऐसे समय में हमारे देश के विरोधी दलों के नेताओं ने बुरी तरह मार खाए पाकिस्तान को संजीवनी देने का काम किया। उनके अतार्किक बयानों के कारण ही पाकिस्तान सहानुभूति हासिल करने के उपक्रम में लग गया। इतना ही नहीं भारत से करारी शिकस्त खाने के बाद भी वहां की सेना अपने देश में ऐसा छद्म वातावरण की जुगत में लग गई कि हमने भारत के हमले का करारा जवाब दिया और उसके सैन्य ठिकानों को नष्ट करते हुए युद्धक विमानों को काफी नुकसान पहुंचाया। उनके पास यह आत्मबल हमारे बयानवीर नेताओं के देशविरोधी बयानों के बाद ही आया। अतः अब देश की जनता भी यह अच्छी तरह समझ चुकी है कि इस तरह का घटिया आचरण करके ऐसे नेता किसको फायदा पहुंचाने की जुगत में लगे हुए हैं। लेकिन उन्हें यह भी ध्यान में रहना चाहिए कि भारत का जनमानस अब राष्ट्र के खिलाफ कोई भी शरारतपूर्ण हरकत बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है।



> **राहुल गांधी का आत्मसमर्पण वाला बयान उस दौरान आया जब भारत के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल दुनिया के 33 देशों की यात्रा के दौरान वहां की सरकारों को आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति से अवगत कराते हुए स्पष्ट कर रहे थे कि अगर हमारी धरती पर आतंकवादी हमले होते हैं तो हम आतंकवादियों और उन्हें प्रायोजित करने वालों को दंडित करना जारी रखेंगे। ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि कहीं राहुल गांधी ने भारत के इस कूटनीतिक अभियान को क्षति पहुंचाने के मकसद से तो यह बयान नहीं दिया! सवाल यह भी उठता है कि प्रतिनिधिमंडलों में शामिल विपक्षी नेता जिस तरह भारत का पक्ष दृढ़ता से रख रहे थे कहीं उसको देखकर तो राहुल का गुस्सा नहीं भड़क गया है...उन्हें कहीं विदेशों में भारत की सरकार की बढ़ती स्वीकार्यता तो नहीं चुभ रही थी!**

# पूर्वोत्तरः भारत के समावेशी विकास का प्रतीक

**कभी** सुदूर सीमा के रूप में देखा जाने वाला पूर्वोत्तर भारत अब प्रगति, शांति और क्षमता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने हाल ही में उत्तर पूर्व को 'अष्ट लक्ष्मी' कहा, इस क्षेत्र के लिए आठ गुना वृद्धि पर प्रकाश डाला। पिछले ग्यारह वर्षों में, सरकार ने समावेशी विकास के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण का अनुसरण किया है, जिसमें ऐतिहासिक रूप से नजरअंदाज किए गए क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है। इनमें से, उत्तर पूर्वी क्षेत्र ने अभूतपूर्व विकास और राष्ट्रीय मुख्यधारा में एकीकरण देखा है। प्रधानमंत्री के मंत्र 'एक्ट ईस्ट' और 'परिवहन द्वारा परिवर्तन' से निर्देशित, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (एमडोनर) परिवर्तन के एक महत्वपूर्ण चालक के रूप में उभरा है। पिछले 11 वर्षों में, निरंतर नीतिगत ध्यान, बुनियादी ढांचा निवेश और रणनीतिक योजना ने भारत के उत्तर पूर्व के विकासात्मक परिदृश्य को नया रूप दिया है।

**बजटीय संसाधनों का उपयोगः** क्षेत्र में कनेक्टिविटी में सुधार करने के उद्देश्य से मंत्रालय द्वारा बिजली, जलापूर्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि क्षेत्रों में विभिन्न परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। बजटीय संसाधनों के आवंटन और प्रभावी उपयोग ने न केवल बुनियादी ढांचे और बुनियादी सेवाओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, बल्कि शांति और स्थिरता के लिए अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा में निवेश के माध्यम से बेहतर कनेक्टिविटी ने लंबे समय से चली आ रही विकास संबंधी कमियों को दूर किया है। इन विकासात्मक कदमों ने सरकार की सुरक्षा पहलों को पूरक बनाया है, जिससे एक ऐसा चक्र बना है जहां विकास स्थिरता को बढ़ावा देता है और शांति आगे की प्रगति को सक्षम बनाती है।

**शांति और सुरक्षा पहलः** पूर्वोत्तर क्षेत्र को दशकों से गंभीर आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था। सरकार द्वारा उठाए गए प्रभावी कदमों के कारण पूर्वोत्तर में सुरक्षा स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 2014 से चरमपंथी घटनाओं और उसके परिणामस्वरूप सुरक्षाकर्मियों और नागरिकों की मौतों में भारी कमी आई है। शांति समझौतों पर हस्ताक्षर करने से क्षेत्र में शांति आई है और हिंसा में कमी आई है। इन प्रयासों ने क्षेत्र में एएफएसपीए कवरेज को कम करने का मार्ग प्रशस्त किया है। पूर्वोत्तर के राज्यों के बीच लंबे समय से लंबित विवाद इस क्षेत्र में एक बड़ी चिंता का विषय रहे हैं। सरकार के सक्रिय प्रयासों से कई दशकों से चले आ रहे विवाद हल हुए। **अवसंरचना पूर्वोत्तर विशेष अवसंरचना विकास योजना (एनईएसआईडीएस):** इसे 2017-18 में एक नई केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में अनुमोदित किया गया था और व्यय वित्त समिति (ईएफसी) की सिफारिश और सरकार की मंजूरी के अनुसार सड़क क्षेत्र के संबंध में क्षेत्रीय ओवरलैप को रोकने के लिए 2022-23 में दो घटकों अर्थात एनईएसआईडीएस (सड़क) और एनईएसआईडीएस (सड़क अवसंरचना के अलावा अन्य) में पुनर्गठित किया गया था। इस योजना को 2026 तक बढ़ा दिया गया है। **पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन):** पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) की घोषणा केंद्रीय बजट 2022-23 में एक नई केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में की गई थी, जिसमें 2022 से 2025 तक की 4 साल की अवधि के लिए 6,600 करोड़ रुपए का परिव्यय है। पीएम-डिवाइन का उद्देश्य एमडीओएनईआर के समग्र दृष्टिकोण को दर्शाता है, यानी 'विकास के माध्यम से पूर्वोत्तर क्षेत्र को त्वरित और टिकाऊ तरीके से बदलना,अपने सभी नागरिकों को जीवनयापन में आसानी प्रदान करना'।

**इस प्रकार, ' पीएम-डिवाइन' के व्यापक उद्देश्य हैं-:** 1.पीएम गतिशक्ति की तरह बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाएं 2. क्षेत्र की आवश्यक जरूरतों के आधार पर सामाजिक विकास परियोजनाएं 3. क्षेत्र के युवाओं और महिलाओं के लिए आजीविका गतिविधियों को बढ़ाना 4. विभिन्न क्षेत्रों में विकास संबंधी अंतराल को भरना। सरकार ने हमेशा समावेशी विकास को प्राथमिकता दी है और सरकार की पूर्वोत्तर नीति इस क्षेत्र को मुख्यधारा में लाने के लिए उसके प्रयास को दर्शाती है। अपनी पूर्वोत्तर नीति के माध्यम से, इसने आर्थिक विकास, आंतरिक सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्र की सांस्कृतिक विविधता के संरक्षण और संवर्धन पर ध्यान केंद्रित किया है। भौतिक संपर्क की कमी और खराब बुनियादी ढांचे ने कई दशकों तक क्षेत्र को अलग-थलग कर दिया था। लंबे समय से लंबित असंख्य बुनियादी ढांचा परियोजनाएं पूरी की गईं।

**जल विद्युत परियोजनाओं का विकासः** जल विद्युत परियोजनाओं के विकास के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र की राज्य सरकारों द्वारा इक्विटी भागीदारी के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता को अगस्त 2024 में मंजूरी दी गई थी। इस योजना का परिव्यय 4136 करोड़ रुपए है और इसे वित्त वर्ष 2024-25 से वित्त वर्ष 2031-32 तक लागू किया जाएगा। योजना के तहत 15000 मेगावाट की संचयी जलविद्युत क्षमता का समर्थन किया जाएगा। इस योजना को विद्युत मंत्रालय के कुल परिव्यय से पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए 10 सकल बजटीय सहायता के माध्यम से वित्त पोषित किया जाएगा।

**बोगीबील ब्रिजः** परियोजनाओं की लंबी सूची में बोगीबील ब्रिज जैसी प्रतिष्ठित परियोजनाएं शामिल हैं, जिसका उद्घाटन पीएम मोदी ने 2018 में किया था, वाजपेयी सरकार की घोषणा के 16 साल बाद, रेलवे नेटवर्क का विस्तार, आजादी के बाद पहली बार मिजोरम में यात्री ट्रेन का ट्रायल रन किया गया। रोल-ऑन और रोल-ऑफ ('रो-रो') जलमार्ग परियोजनाओं में रो-रो जहाज शामिल हैं, जिन्हें पहिएदार माल जैसे कार, ट्रक, सेमी-ट्रेलर ट्रक, ट्रेलर और रेलरोड कारों को ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है, जिन्हें उनके पहियों पर या प्लेटफॉर्म वाहन का उपयोग करके जहाज पर चढ़ाया और उतारा जाता है। इसमें संबंधित पोर्ट टर्मिनल और एप्रोच कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ जेटी भी शामिल हैं।

**विकास को गति देनाः** बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाएं (ईएपी): डीओएनईआर ने 2017 से अगस्त, 2023 तक 1,35,487.85 करोड़ रुपए की 126 बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं को समर्थन दिया है और आर्थिक मामलों के विभाग ने इस अवधि के दौरान बाह्य वित्तपोषण के लिए 1,26,645.82 करोड़ रुपए की 124 परियोजनाओं की सिफारिश की है। इससे क्षेत्र में सामाजिक और बुनियादी ढांचे के विकास में सुधार करने में मदद मिली है। आर्थिक विकास पिछले 11 वर्षों में पूर्वोत्तर के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण निवेश किया गया है। पिछले 10 वर्षों के दौरान कई परियोजनाएं पूरी की गई हैं। पूर्वोत्तर विशेष अवसंरचना विकास योजना (एनईएसआईडीएस ) के तहत 974 औद्योगिक इकाइयां पंजीकृत हैं। 31.03.2025 तक 1010.99 करोड़ रुपए वितरित किए गए; पूर्वोत्तर क्षेत्र में विकास पैकेजों के लिए 2024-25 में 400 करोड़ रुपए वितरित किए।



> भारत को दुनिया का सबसे विविधतापूर्ण राष्ट्र माना जाता है, और हमारा पूर्वोत्तर इस विविधतापूर्ण राष्ट्र का सबसे विविध हिस्सा है। व्यापार से लेकर परंपरा तक, वस्त्र से लेकर पर्यटन तक, पूर्वोत्तर की विविधता इसकी सबसे बड़ी ताकत है।'
> **-प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी**

**राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिटः** प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटित 23-24 मई, 2025 को आयोजित इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र को अवसरों की भूमि के रूप में उजागर करना, वैश्विक और घरेलू निवेश को आकर्षित करना और प्रमुख हितधारकों, निवेशकों और नीति निर्माताओं को एक मंच पर लाना है। इस कार्यक्रम में 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधिमंडलों का स्वागत किया गया। शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में, प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पिछले एक दशक में पूर्वोत्तर के शिक्षा क्षेत्र में 21,000 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। शिखर सम्मेलन के समापन के बाद, इस आयोजन में अभूतपूर्व 4.3 लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ, जिससे पूर्वोत्तर के लिए भारत की अगली आर्थिक महाशक्ति बनने का मंच तैयार हो गया। **पूर्वोत्तर क्षेत्र में क्षेत्रीय विकास के लिए कई उच्च स्तरीय टास्क फोर्सः** एचएलटीएफ निम्नलिखित विषयों पर हैं: उत्तर पूर्व आर्थिक गलियारा, पूर्वोत्तर क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देना, पूर्वोत्तर क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देना, पूर्वोत्तर क्षेत्र में बुनियादी ढांचा और कनेक्टिविटी, पूर्वोत्तर क्षेत्र में हथकरघा और हस्तशिल्प, पूर्वोत्तर क्षेत्र में दूध, अंडे, मछली और मांस उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना, मूल्य श्रृंखलाओं और बाजार संपर्क में अंतर को दूर करने के लिए कृषि और बागवानी, पूर्वोत्तर क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देना। कृषि और खेती पूर्वोत्तर, भारत के खाद्य तेल उत्पादन के विस्तार को आकार देगा। इस क्षेत्र को जैविक खेती के लिए एक वैश्विक केंद्र में तब्दील किया जा रहा है। वन धन विकास योजना ने 3.3 लाख संग्रहकर्ताओं और 19,155 स्वयं सहायता समूहों की मदद की। बांस को घास घोषित करने के ऐतिहासिक निर्णय और राष्ट्रीय बांस मिशन के शुभारंभ ने क्षेत्र में बांस आधारित उत्पादों के उत्पादन को एक नई गति दी। कई अवसरों पर, प्रधानमंत्री ने जैविक खेती को बढ़ावा देने और दुनिया का पहला 100 फीसदी जैविक राज्य बनने में सिक्किम की सफलता पर प्रकाश डाला है।

**एनईआरएएमएसी (उत्तर पूर्वी क्षेत्रीय कृषि विपणन निगम लिमिटेड): कृषि-मूल्य श्रृंखलाओं को सशक्त बनानाः** पूर्वोत्तर क्षेत्र के 13 कृषि-बागवानी उत्पादों का भौगोलिक संकेत (जीआई) पंजीकरणः एनईआर के लिए मिशन ऑर्गेनिक वैल्यू चेन डेवलपमेंटः 434 एफपीसी (किसान उत्पादक कंपनियां) बनाई गई हैं, जो 1.73 लाख हेक्टेयर को कवर करती हैं और 2.19 लाख किसानों को लाभान्वित करती हैं।

**एनईआरएएमएसी की उत्पाद टोकरी को 38 से बढ़ाकर 75+ किया गयाः** एनईआरएएमएसी ने वर्ष 2021 में प्रसंस्कृत और मूल्यवर्धित कृषि-उत्पादों की अपनी सीमा को 38 से बढ़ाकर 78 कर दिया। ऑर्गेनिक टी बॉक्स, सुमैक बेरी पाउडर, आउटेंगा जूस सेफ्टी स्प्रे, बांस के तने में चाय जैसे अभिनव उत्पाद पेश किए।

**वन धन विकास योजनाः** इस योजना का उद्देश्य आदिवासी संग्रहकर्ताओं को उद्यमी बनाकर उनके लिए आजीविका के अवसर पैदा करना है। इस योजना ने 3.3 लाख संग्रहकर्ताओं और 19,155 एसएचजी (स्वयं सहायता समूह) की मदद की है। **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय (एमओएफडब्ल्यू) के 10000 एफपीओ के गठन एवं संवर्धन' के अंतर्गत 54 एफपीओ का गठनः** पूर्वोत्तर क्षेत्र में एफपीओ के गठन एवं संवर्धन के लिए एमओएफडब्ल्यू द्वारा एनईआरएएमएसी को अतिरिक्त कार्यान्वयनकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया है। वित्त वर्ष 2020-21 में आवंटित 55 एफपीओ क्रियाशील हो गए तथा 220 एफपीओ का एक और समूह 40,895 लाभार्थियों को कवर कर रहा है (26 मई,2025 तक)।

**कौशल विकास प्रशिक्षणः** एनईआरएएमएसी ने क्षेत्र के किसानों और छोटे उद्यमियों के लाभ के लिए कृषि, रबर, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में कई कौशल विकास प्रशिक्षण प्रयासों का आयोजन शुरू किया है।

**नॉर्थ ईस्टर्न सेंटर फॉर टेक्नोलॉजी एंड एनरिच (नेक्टर) के तहत मधुमक्खी पालन परियोजनाः** नेक्टर के सहयोग से परियोजना के तहत, एनईआरएएमएसी ने एक कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में, नागालैंड, असम (बीटीसी) और मेघालय के मधुमक्खी पालकों के बीच 1000 मधुमक्खी बक्से और सहायक उपकरण वितरित किए हैं। **सुगंधित सौभाग्य-अगरवुडः** उत्तर पूर्व क्षेत्र में अगरवुड क्षेत्र के रोडमैप के कार्यान्वयन को आगे बढ़ाने और निगरानी करने के लिए, एक अगरवुड स्टीयरिंग ग्रुप का गठन किया गया। जनवरी 2025 में डीजीएफटी (विदेश व्यापार महानिदेशालय) द्वारा अगरवुड चिप्स के लिए निर्यात कोटा 25,000 किलोग्राम से 1,51,080 किलोग्राम और अगरवुड तेल के लिए 1,050 किलोग्राम से 7,050 किलोग्राम, लगभग 6 गुना से अधिक की वृद्धि की गई है। अगरवुड के निर्यात की अनुमति प्राप्त करने की प्रक्रिया का सरलीकरण शुरू किया गया है। क्लस्टर दृष्टिकोण का उपयोग करके असम और त्रिपुरा में अगरवुड मूल्य श्रृंखला विकास को बढ़ाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है।

**सामाजिक विकासः स्वास्थ्य सेवाः** असम में 15 अस्पतालों के साथ दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा कैंसर देखभाल नेटवर्क होगा। 8 अस्पतालों का उद्घाटन पहले ही हो चुका है तथा 7 और निर्माणाधीन हैं। परियोजना के चरण 1 में डिब्रूगढ़, कोकराझार, बारपेटा, दरांग, तेजपुर, लखीमपुर, जोरहाट और ईटानगर में आठ कैंसर अस्पताल बनाए जा रहे हैं। परियोजना के चरण 2 के तहत, धुबरी, नलबाड़ी, गोलपारा, नागांव, शिवसागर, तिनसुकिया और गोलाघाट में सात नए कैंसर अस्पताल बनाए जाएंगे। अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में भी एक कैंसर अस्पताल बनाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, असम में 15 मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं।

**मिजोरम ने पूर्ण कार्यात्मक साक्षरता हासिल कीः** 20 मई, 2025 को, मिजारोम को आधिकारिक तौर पर पूर्ण साक्षर राज्य घोषित किया गया, जो राज्य की शैक्षिक यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इस उपलब्धि के साथ, मिजोरम भारत में पूर्ण साक्षरता प्राप्त करने वाला पहला राज्य बन गया है। 20 फरवरी, 1987 को राज्य का दर्जा प्राप्त करने वाला मिजोरम 21,081 वर्ग किमी (8,139 वर्ग मील) के भौगोलिक क्षेत्र में फैला हुआ है। 2011 की जनगणना के अनुसार, इसने 91.33 साक्षरता दर दर्ज की, जो भारत में तीसरे स्थान पर है। इस मजबूत नींव पर निर्माण करते हुए, शेष गैर-साक्षर व्यक्ति यों की पहचान करने और उन्हें शिक्षित करने के लिए उल्लास- नव भारत साक्षरता कार्यक्रम (न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम) को लागू किया गया।

**उत्तर पूर्व जिला एसडीजी सूचकांकः** नीति आयोग के सहयोग से एमडीओएनईआर ने यूएनडीपी इंडिया के तकनीकी सहयोग से उत्तर पूर्वी क्षेत्र जिला एसडीजी सूचकांक और डैशबोर्ड 2021-22 तैयार किया है। यह पहली बार है जब देश में जिलावार एसडीजी सूचकांक तैयार किया गया है। यह विकास के सामाजिक, मानवीय, आर्थिक, अवसंरचनात्मक और पर्यावरणीय आयामों पर 8 पूर्वोत्तर राज्यों के 120 जिलों में से 103 जिलों को मापता है और उनकी रैंकिंग करता है। जिला एसडीजी सूचकांक का उपयोग योजनाओं के बेहतर कार्यान्वयन के लिए नियमित मूल्यांकन और सलाह के लिए किया जा रहा है।

**संस्कृति और विरासत का संरक्षणः असम के मोइदमः** पिछले कुछ वर्षों में भारत ने विश्व धरोहर सूची में अपनी उपस्थिति का लगातार विस्तार किया है। जुलाई 2024 में, असम से सांस्कृतिक संपत्ति के रूप में 'मोइदमः अहोम राजवंश की टीला-दफन प्रणाली' के शिलालेख के साथ एक गौरवपूर्ण वृद्धि की गई। पूर्वी असम में पटकाई पर्वतमाला की तलहटी में स्थित इस संपत्ति में ताई-अहोम का शाही कब्रिस्तान है। 600 वर्षों तक, ताई-अहोम ने पहाड़ियों, जंगलों और पानी की प्राकृतिक स्थलाकृति को उभारने के लिए मोइदम (दफन टीले) बनाए, इस प्रकार एक पवित्र स्थलाकृति का निर्माण किया। बरगद के पेड़ और ताबूत और छाल पांडुलिपियों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले पेड़ लगाए गए और जल निकाय बनाए गए। साइट के भीतर विभिन्न आकारों के नब्बे मोइदम - ईंट, पत्थर या मिट्टी से बने खोखले तहखाने - पाए जाते हैं।

**संस्कृति और विरासत का संरक्षणः** मणिपुर में रानी गाइदिन्ल्यू आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय की स्थापना की गई। असम में शिवसागर को एक प्रतिष्ठित स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें एक ऑन साइट संग्रहालय भी होगा। **प्रतिष्ठित पर्यटन स्थल विकास (8 पूर्वोत्तर राज्य):** पूर्वोत्तर राज्यों में से प्रत्येक में एक पर्यटन स्थल की पहचान की जा रही है, जिसे केंद्र सरकार/राज्य सरकार और पीपीपी भागीदारों द्वारा विकसित करने की योजना बनाई जा रही है। **लचित बोरफुकन की 400वीं जयंतीः** प्रधानमंत्री का यह निरंतर प्रयास रहा है कि गुमनाम नायकों को उचित तरीके से सम्मानित किया जाए। इसी के अनुरूप, देश ने 2022 को लचित बोरफुकन की 400वीं जयंती के रूप में मनाया। लचित बोरफुकन (24 नवंबर, 1622 - 25 अप्रेल, 1672) असम के अहोम साम्राज्य की शाही सेना के प्रसिद्ध जनरल थे, जिन्होंने मुगलों को हराया और औरंगजेब के अधीन मुगलों की लगातार बढ़ती महत्वाकांक्षाओं को सफलतापूर्वक रोका। उन्होंने 1671 में लड़ी गई सरायघाट की लड़ाई में असमिया सैनिकों को प्रेरित किया और मुगलों को करारी और अपमानजनक हार दी। **हथकरघा एवं हस्तशिल्प को पुनर्जीवित करनाः** 28 जुलाई, 2021 को ई-कॉमर्स पोर्टल- पूरबश्री.कॉम लॉन्च किया। नेचर वीव, एक इन-हाउस डिजाइन और उत्पादन केंद्र की स्थापना की। पूरबश्री ऑन व्हील्स'- एक मोबाइल बिक्री आउटलेट। गुवाहाटी के गरचुक में एक कपड़ा परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना की। हाथ से बुने हुए वस्त्र की फिनिशिंग के लिए एक कैलेंडरिंग इकाई की स्थापना की। विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों द्वारा प्रशिक्षण भागीदार, कौशल केंद्र, उत्कृष्टता केंद्र, आजीविका व्यवसाय इनक्यूबेटर (एसपीआईआरई) के रूप में नामित किया गया। दिसंबर 2025 तक अतिरिक्त सुविधाएं स्थापित करने की दिशा में काम किया जा रहा है। अष्टलक्ष्मी महोत्सव (6-8 दिसंबर, 2024), पूर्वोत्तर के वस्त्र,पर्यटन, जीआई-टैग किए गए उत्पाद और शिल्प का प्रदर्शन किया गया। (पीआईबी से साभार)

## राशिफल

**आज दिनांक 7 जून, 2025, शनिवार, विक्रम संवत् 2082, ज्येष्ठ माह, शुक्ल पक्ष द्वादशी, चित्रा नक्षत्र, बव करण, वरीयान योग, राहुकालः सुबह 10:45 से 12.25 बजे तक, सूर्योदय सुबह 5:44 बजे, सूर्यास्त सायं 7:06 बजे, चंद्रोदय दोपहर 3.02 बजे, चंद्रास्त रात 2:29 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:58 बजे से 12:52 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:08 से 4:56 बजे तक, चंद्रमा कन्या राशि में संचार करेगा।**




आज का दिन बहुत बढ़िया रहने वाला है। आप किसी तीसरे के बहकावे में आएंगे। प्यार में साथी का मन बदलता नजर आने वाला है। आपका दिन काम काज को लेकर उठापटक वाला रहेगा। कहीं निवेश करना चाहते हैं तो बहुत अच्छा समय है। पैतृक संपत्ति का लाभ मिलेगा। बाहर के लोगों से संपर्क कम रखेंगे तो अच्छा रहेगा।




आज काम धंधे को लेकर व्यस्त रहेंगे। किसी मित्र की मदद करेंगे। प्यार में साथी का नजरअंदाज रवैया आपको तकलीफ देगा। आपके निजी रिश्ते की पोल भी खुल सकती है। सेहत अच्छा रहेगी। शेयर मार्केट में धन लगाने के लिए सचेत रहें।




आज का दिन लाभ हानि में फंस कर बीतेगा। दोस्तों से मुलाकात रिफ्रेशमेंट का काम करेगी। नौकरी में उन्नति के योग बन रहे हैं। विदेश जाने की योजना सफल होगी। घर पर मेहमान आएंगे। व्यवसाय में लाभ मिलेगा। आग और बिजली से दूर रहें। आज का दिन पढ़ाई करने वाले जातकों के लिए अच्छा गुजरेगा।




आज का दिन किसी के लिए दिल धड़केगा। किसी से इजहार के लिए समय उत्तम है। बिजनेस में नई योजना बनाएंगे। सेहत का ख्याल रखें। अपने से बड़ों की रिस्पेक्ट करें। कारोबार में लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, कोरोना संक्रमण हो सकता है।




आज के दिन बच्चों का ख्याल रखें। मौसम बदलने से तबीयत खराब होगी। आज प्रेम से बात बनाने की कोशिश करें। आपका साथी आपको धोखा दे रहा है इसका अहसास होगा। संयम से काम लें। किसी काम में फायदा होगा। रिसर्च में आपका नाम होने वाला है। आज का दिन फायदेमंद रहेगा, अगर समझदारी से काम लेते हैं।




आज आपको महसूस होगा, जो दे रहा है सब ईश्वर है। अध्यात्म पर आपका झुकाव रहेगा। आपकी वजह से आज सब प्रसन्न रहेंगे। लेकिन काम में कमी आपको बर्दाश्त नहीं होगी। फायदेमंद सौदा करेंगे, किसी को धोखा नहीं देंगे। आज के दिन उतार-चढ़ाव रहेगा। आज नौकरी छोड़ने का मन बना लेंगे जो सही रहेगा।




सेहत का ध्यान रखें, कोरोना दस्तक दे रहा है, लेकिन आप अपनी सुरक्षा खुद तय करें। किसी से बेवजह संपर्क न करें। बिजनेस को लेकर बड़ी डील संभव है। पड़ोसी से मतभेद संभव है। बच्चों की सेहत को लेकर सतर्क रहें, अन्यथा परेशान होंगे।




प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। परिवार के मांगलिक आयोजन में जाएंगे। प्यार करने वालों के लिए अच्छा है। बस फ्लर्ट करने से बचें। वरना रिश्ते खराब हो जाएंगे। लालच न करें वरना जो पास है वो भी चला जायेगा। लेन-देन और क्रय-विक्रय से लाभ मिलेगा।




आज जातक की उलझने बढ़ने वाली है। दोस्तों से दूर रहें। वरना नुकसान तय है। किसी पार्टी का हिस्सा बनने से बचें। आज नशा और तामसिक चीजों से दूर रहें। प्यार आपके लिए नहीं है ऐसा महसूस करेंगे। आज नौकरी की तलाश जारी रहेगी।




बिजनेस के सिलसिले में यात्रा संभव है। मां का ख्याल रखें। पत्नी के लिए कुछ करें वरना संबंधों में दूरी हो जाएगी। अनाज की खेती और व्यवसाय में लाभ मिलेगा। खान-पान पर ध्यान देंगे तो सेहत बढ़िया रहेगी।




आज का दिन कहासुनी में बीतने वाला है। अतः विवाद से दूर रहने में भलाई है, नकल में अकल की जरूरत है तो इससे दूर रहें। आप कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। आज काम कम और मस्ती ज्यादा करेंगे। कारोबार पर लक्ष्मी मेहरबान रहेगी।




आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आ रहा है। आप दूसरों पर कम और खुद पर ज्यादा भरोसा करें। आज बिजनेस में सामान्य रहेगा, नौकरी में ट्रांसफर होगा। पत्नी के साथ नोक-झोंक रहेगी। चिंता और तनाव से भरा रहेगा। पैसे की कमी का असर व्यवसाय और जीवन पर दिखेगा। बच्चे घूमने की जिद्द करेंगे। संभलकर रहें।

## मनुष्य को त्याग से मिलती है संतुष्टि

**प्रेरक प्रसंग**

शुक्राचार्य के शाप से जब महाराज ययाति एकाएक बूढ़े हो गए, तो उन्होंने अपने पांच पुत्रों से उनकी युवावस्था मांगी। ज्येष्ठ पुत्रों यद्धु, तुर्वशु, द्रुहु और अनु ने उनका अनादर करते हुए अपनी युवावस्था देने से मना कर दिया, पर उनके छोटे पुत्र पुरु ने उनकी आज्ञा का पालन करते हुए उन्हें अपनी युवावस्था दान कर दी, और बदले में उनका बुढ़ापा ले लिया। बुजुर्ग ययाति युवा हो गए और युवा पुरु बुजुर्ग ! लंबे कालखंड तक समस्त सुखों को भोगने के पश्चात् एक दिन ययाति पुरु के पास आए और कहा, 'पुत्र ! अब तुम अपनी युवावस्था ले लो और मुझे मेरा बुढ़ापा दे दो। तुमने मेरी इच्छा का सम्मान करते हुए अपनी युवावस्था मुझे दे दी, सो मैं बहुत प्रसन्न हूं। अब से यह राज्य भी तुम्हारा है, तुम सुखपूर्वक इसका भोग करो। मैं अब वन में जाकर तपस्या करूंगा। अपने अंतिम समय भोग मनुष्य को कभी संतुष्टि नहीं दे पाते। मनुष्य जितना अधिक सुखों का भोग करता है, उसकी भोग लालसा उतनी ही तीव्र होती जाती है।' इस पर पुरु मुस्कुराए। पूछा, 'आपकी इच्छा का सम्मान करना मेरा धर्म था, किन्तु क्या आप संतुष्ट हैं पिता श्री ?' ययाति ने उत्तर दिया, 'नहीं! हजार वर्षों का विलास भी मुझे संतुष्ट नहीं कर पाया। किन्तु तुम्हे तुम्हारी वस्तु तो वापस करनी ही थी, सो चला आया हूं।' 'पिताश्री! यदि आप संतुष्ट नहीं हैं तो आगे भी मेरी युवावस्था रख सकते हैं। मुझे इसकी आवश्यकता नहीं है क्योंकि मैं अपनी अवस्था से संतुष्ट हूं। मुझे सुख का लोभ नहीं है, न ही मैं आपको अपनी युवावस्था देने के बदले आपसे राज्य लेना चाहता हूं।' पुरु ने प्रसन्नतापूर्वक कहा। ययाति ने आश्चर्य से देखा आपने साधु पुत्र की ओर, उसके मुख पर दिव्य कांति पसरी हुई थी। पुरु उनके भाव समझ गए। कहा, 'भोग मनुष्य को कभी संतुष्टि नहीं दे पाते पिताश्री! मनुष्य जितना ही अधिक सुखों का भोग करता उसकी भोग लालसा उतनी ही तीव्र होती जाती है। मनुष्य को संतुष्टि त्याग से मिलती है।' ययाति देर तक सोचते रहे। फिर कहा, 'तुमने ठीक कहा पुत्र ! भोगों से मुझे हजार वर्षों में भी संतुष्टि नहीं मिली, पर अब मैं संतुष्टि चाहता हूं। यह मुझे त्याग से ही मिलेगी। मैं अब यह युवावस्था त्यागना चाहता हूं, तुम इसे ले लो।' पुरु ने हंस कर स्वीकार कर लिया। वे युवा हो गए और ययाति बुजुर्ग! ययाति प्रसन्नतापूर्वक वन की ओर चले गए। किन्तु समय ने देखा, इस बार भी त्याग पुरु ने ही किया था।

## सुडोकु 2132

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 6 | 8 | 9 | | |
| 1 | | 8 | | | | 6 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 7 | | | 5 | |
| | | | 2 | 1 | | | 4 | 8 |
| | 4 | 2 | | | | | 7 | |
| 4 | 9 | | | | | | 2 | 1 |
| | 7 | | | 8 | | 5 | | |
| 8 | | 6 | | | | | | |

**संकेतः** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

### सुडोकु 2131 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 5 |
| 8 | 9 | 2 | 1 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 2 | 5 | 4 |
| 5 | 3 | 7 | 8 | 2 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 5 | 1 | 8 | 3 | 7 |
| 4 | 7 | 9 | 5 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 9 | 5 | 7 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 2 | 3 | 7 | 9 | 4 | 6 |

# लेग स्पिनर पीयूष चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास



महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारतीय लेग स्पिनर पीयूष चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी है। करीब दो दशक लंबे करियर के बाद उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इस फैसले की जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने अपने इस फैसले के बारे में ईएसपीएन क्रिकइंफो हिंदी से भी बात की।

चावला ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि दो दशक से ज्यादा समय तक मैदान पर रहने के बाद अब समय आ गया है कि मैं इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहूं। उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व करने, 2007 टी-20 वर्ल्ड कप और 2011 वनडे वर्ल्ड कप की विजेता टीम का हिस्सा बनने को अपने जीवन का सबसे बड़ा आशीर्वाद बताया और लिखा कि ये यादें हमेशा उनके दिल में बसी रहेंगी। उन्होंने कहा कि आईपीएल उनके करियर का एक बेहद खास अध्याय रहा है। पीयूष ने कहा कि मैं उन सभी फ्रेंचाइजियों का दिल से धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया। पंजाब किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस को मैं धन्यवाद देता हूं। इंडियन प्रीमियर लीग में खेला गया हर एक पल मैंने पूरी तरह जिया है।

अपने कोचों और परिवार को याद करते हुए चावला ने लिखा कि मैं अपने कोच केके गौतम और पंकज सरस्वत के प्रति गहरा आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने मुझे संवारकर वो खिलाड़ी बनाया, जो मैं बना। साथ ही उन्होंने अपने परिवार को अपनी ताकत का स्तंभ बताया और अपने दिवंगत पिता को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका मुझ पर विश्वास ही वह रौशनी थी जिसने मुझे राह दिखाई। चावला ने अपने कॅरियर को याद करते हुए कहा कि मैंने लगभग 20 साल क्रिकेट को दिए हैं। यह एक लंबा और यादगार सफर रहा है।

## राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं के मैचों में उच्च स्तरीय प्रदर्शन करने के लिए किया जाएगा पुरस्कृत

# खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए उत्साहित करेगा आरसीए

### राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता आज से

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आरसीए एडहॉक कमेटी के संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी के अनुसार आरसीए एडहॉक कमेटी राज्य के युवा खिलाड़ियों के हित में न केवल सभी निर्णय लेगी, बल्कि राजस्थान क्रिकेट संघ की ओर से घरेलू क्रिकेट सत्र 2025-26 के दौरान आयोजित की जाने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के मैचों में अपने जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए उच्च स्तरीय प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए पुरुस्कृत भी करेगी।

राजस्थान क्रिकेट संघ की ओर से शनिवार से श्रीगंगानगर और राज्य के विभिन्न जिला केंद्रों पर राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड का आयोजन किया जाएगा। श्रीगंगानगर में 7 जून से आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के प्लेट ग्रुप सी के मैच खेल जाएंगे, जिसमे धौलपुर, बीकानेर, डूंगरपुर, पाली, जैसलमेर जिला क्रिकेट संघो की टीमें भाग लेंगी। श्रीगंगानगर के बिहाणी क्रिकेट ग्राउंड में प्रातः 8:30 बजे प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्रीगंगानगर गौरव यादव होंगे। आरसीए ने जालोर जिला क्रिकेट संघ सचिव सतीश व्यास को श्रीगंगानगर जिले में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता का ऑब्जर्वर नियुक्त किया है।

### मैन ऑफ द मैच सहित सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, बल्लेबाज व गेंदबाज को दिए जाएंगे पुरस्कार

आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य विमल शर्मा ने बताया कि राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं के मैचों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को मैन ऑफ द मैच सहित प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज व सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के पुरुस्कार भी इस वर्ष से शुरू किए जा रहे हैं, जिससे न केवल खिलाड़ियों का हौसला बढ़ेगा, बल्कि खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी और वे अपने उच्च प्रदर्शन के दम पर राज्य के युवा खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन कर पाएंगे। विमल शर्मा के अनुसार आरसीए द्वारा राज्य के विभिन्न जिला केंद्रों पर आयोजित की जाने वाली राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। आरसीए एडहॉक कमेटी ने आरसीए कार्यालय कर्मचारियों को विशेष निर्देश दिए कि प्रतियोगिता व खेल गतिविधियों में भाग ले रही टीमों व खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो और खिलाड़ी प्रतियोगिता के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे पाएं, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

## सबालेंका पहली बार फ्रेंच ओपन के फाइनल में

**नई दिल्ली (मसं)।** वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने विमेंस सिगल्स के सेमीफाइनल मुकाबले में चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक को हराया। सबालेंका पहली बार इस ग्रैंड स्लैम के खिताबी मुकाबले में पहुंची हैं। वहीं, उनका कुल छठा ग्रैंड स्लैम फाइनल है। फाइनल में सबालेंका का सामना वर्ल्ड नंबर-2 अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ से होगा।

## राज्य स्तरीय मेहरा क्रिकेट लीग प्रतियोगिता आज से

**जयपुर (मसं)।** राज्य स्तरीय मेहरा क्रिकेट लीग प्रतियोगिता-2025 का आयोजन प्रदेश मेहरा, कहार, कश्यप महासंघ के तत्वावधान में शनिवार से नेक्सोन क्रिकेट एकेडमी भांकरोटा सीरसी में आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश मेहरा, कहार, कश्यप महासंघ प्रदेशाध्यक्ष राजूलाल मेहरा ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष राज्य स्तरीय मेहरा क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के आयोजन में समाज के होनहार बच्चों की टीम खेलेंगी।

# इंग्लैंड-भारत टेस्ट सीरीज का नाम होगा एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच प्रतिष्ठित प्रतिद्वंद्विता अब एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के नाम से जानी जाएगी। सीरीज का नाम इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम पर रखा गया है। यह सीरीज एंडरसन-तेंदुलकर सीरीज के नाम से जानी जाएगी।

आगामी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने यह निर्णय लिया है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार ट्रॉफी का आधिकारिक अनावरण तेंदुलकर और एंडरसन स्वयं 11 जून से शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान लॉर्ड्स में करेंगे। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब दोनों देश 20 जून से लीड्स के



हेडिंग्ले में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के साथ नए डब्ल्यूटीसी चक्र की शुरुआत करने की तैयारी कर रहे हैं।

टेस्ट इतिहास में 188 मैचों के साथ सबसे सफल तेज गेंदबाज के रूप में जेम्स एंडरसन ने जुलाई 2024 में संन्यास ले लिया था। तेंदुलकर, जिन्हें महानतम बल्लेबाजों में से एक माना जाता है, ने 200 टेस्ट मैचों के बाद 2013 में संन्यास लिया था। दोनों लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेले और टेस्ट फॉर्मेट को अपने खेल से रोमांचक बनाया।

अब तक भारत और इंग्लैंड मेजबान देश के आधार पर अलग-अलग ट्रॉफियों के लिए खेलते थे। इंग्लैंड में पटौदी ट्रॉफी दी जाती थी, जिसका नाम भारत के पूर्व कप्तान मंसूर अली खान पटौदी के नाम पर रखा गया था। भारत में, यह सीरीज एंथनी डी मेलो ट्रॉफी के लिए खेली जाती थी, जिसका नाम भारतीय क्रिकेट प्रशासन के संस्थापक व्यक्ति के नाम पर रखा गया था। नाम बदलने का चलन टेस्ट क्रिकेट में हाल में शुरू हुआ है, जिसमें महान खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाता है और सीरीज की निरंतरता बनाई जाती है। नवंबर 2024 में इंग्लैंड-न्यूजीलैंड टेस्ट के लिए क्रो-थोरपे ट्रॉफी की शुरुआत की गई।

## ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे भारत के 15 खिलाड़ी

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी गुकेश, अर्जुन एरिगैसी, आर प्रज्ञानंद, आर वैशाली और कोनेरू हम्पी समेत 15 भारतीय खिलाड़ियों ने उज्बेकिस्तान के समरकंद में 3 से 16 सितंबर तक होने वाले 2025 फिडे ग्रैंड स्विस और महिला ग्रैंड स्विस के लिए क्वालिफाई कर लिया है।

फिडे ग्रैंड स्विस ओपन में गुकेश, एरिगैसी और प्रज्ञानंद के अलावा 8 अन्य भारतीय हिस्सा ले रहे हैं, इनमें अरविंद चिदंबरम, विदित गुजराती, पेंटाला हरिकृष्णा, निहाल सरीन, रौनक साधवानी, मुरली कार्तिकेयन, अभिमन्यु पौराणिक और आर्यन चोपड़ा शामिल है। वैशाली और हम्पी के साथ महिला ग्रैंड स्विस में हरिका द्रोणावल्ली और दिव्या देशमुख भी शामिल होंगी।

# प्रदेश समाचार

## 'पर्यावरण को बचाने के लिए पौधरोपण ही धर्म व कर्तव्य'



महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस पर डूण्डलोद के दानवीर मार्ग पर रॉकस एण्ड डयूनस जांगिड़ फार्म हाउस परिसर में पौधारोपण की शुरु आत की गई।

कार्यक्रम में डॉ. दयाशंकर जांगिड़ ने कहा कि जांगिड़ फार्म हाउस में पिछले सात वर्षों में डॉ. मनीष व डॉ. मीनाक्षी के सहयोग से करीब हजारों पौधे लगाए जा चुके हैं, जो अब बड़े होकर छाया व ठंडक प्रदान कर रहे हैं। पौधे लगाना धरती को बचाने के लिए हमारा धर्म व कर्म है, इसलिए हम सभी को इस ओर हमेशा प्रयत्नशील रहना चाहिए। इस अवसर पर वृक्षमित्र सेवानिवृत्त शिक्षक श्रवण कुमार जाखड़ का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी वे 50 हजार पौधे वितरित करेंगे। कार्यक्रम में मुरली मनोहर चोबदार, सीताराम वर्मा, अखिलेश शर्मा, मांगीलाल उदावत, विनोद जाखड़, शेर सिंह धाबाई, गगाधर मील आदि उपस्थित थे।

# 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत बीएसएफ ने निकाली पदयात्रा

महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के तहत भारतीय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 38वीं वाहिनी ने शुक्रवार को 10 किलोमीटर लंबी प्रेरणादायक पद यात्रा का आयोजन किया।

यह यात्रा जैसलमेर स्थित वाहिनी मुख्यालय से शुरू होकर गड़ीसर झील होते हुए हनुमान चौराहा तक पहुंची। इस यात्रा का नेतृत्व कार्यवाहक कमांडेंट इंद्रेश कुमार यादव व क्षेत्रीय मुख्यालय जैसलमेर उत्तर के उप महानिरीक्षक योगेन्द्र सिंह राठौड़ ने किया। पदयात्रा में बीएसएफ के 100 से अधिक अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों व जवानों ने भाग लिया।

यात्रा के दौरान न केवल राष्ट्रभक्ति की भावना झलकी, बल्कि स्थानीय नागरिकों में भी विशेष उत्साह देखा गया। रास्ते में



जवानों का स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यवाहक कमांडेंट इंद्रेश कुमार यादव ने कहा कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। इसे वर्ष 2015 में आरंभ किया गया था।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश के विविध समाजों के बीच सांस्कृतिक एकता, आपसी समरसता और राष्ट्रीय अखंडता को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि यह पद यात्रा केवल एक प्रतीकात्मक आयोजन नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य स्थानीय लोगों में यह संदेश फैलाना है कि भारत की विविधता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। इस तरह की पहल न केवल सुरक्षा बलों और आम नागरिकों के बीच विश्वास व संवाद को मजबूत करती है, बल्कि एक सशक्त, समरस व जागरूक भारत के निर्माण की दिशा में भी अहम योगदान देती है।

# सूरवाल बांध पर श्रमदान कर दिया जल संरक्षण का संदेश

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत जनसहभागिता से जल स्रोतों के संरक्षण, संवर्धन व पुनर्जीवन की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जल संसाधन विभाग सवाई माधोपुर द्वारा सूरवाल बांध पर व्यापक जनजागरूकता व श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत जल पूजन से की गई। अधिशासी अभियंता जल संसाधन अरुण शर्मा ने कहा कि यह गतिविधियां वंदे गंगा जल संरक्षण



जन अभियान के तहत आयोजित की गई हैं, जिसका उद्देश्य केवल जल स्रोतों का भौतिक सुधार नहीं, बल्कि समाज में जल संरक्षण को लेकर दीर्घकालिक चेतना विकसित करना है। उन्होंने कहा कि 'जल ही जीवन है' यह वाक्य अब केवल कहने की बात नहीं रह गया है, बल्कि इसे व्यवहार में अपनाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस दौरान विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्रामीणों, नरेगा श्रमिकों व जल संसाधन विभाग के संवेदकों ने पारंपरिक रीति रिवाज से जल पूजन कर जल को जीवनदायिनी मानते हुए संरक्षण का संकल्प लिया। इसके बाद श्रमदान व साफ-सफाई अभियान आयोजित किया गया। प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से बांध परिसर की सफाई कर स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान सूरवाल बांध पर मरम्मत कार्य प्रारंभ किया गया, जिसके तहत नहर की मरम्मत, जल प्रवाह की बाधाएं दूर करना व जल संरचना को सुव्यवस्थित बनाए रखने आदि तकनीकी सुधार किए गए।

## पर्यावरण संरक्षण में अधिक से अधिक पौधरोपण करते रहने का आह्वान



महानगर संवाददाता

**नीमकाथाना।** शहरी क्षेत्र से जुड़े हर इलाके में जनजीवन सुखद, स्वस्थ व खुशहाल बना रहे, इसको लेकर जन जागरूकता मुहिम का आगाज कर नगर परिषद प्रशासनिक अधिकारियों व कार्मिकों ने पर्यावरण संरक्षण में अधिक से अधिक पौधरोपण करते रहने का आह्वान किया। इसको लेकर नगर परिषद द्वारा विकसित औद्योगिक क्षेत्र शाहपुरा रोड पर छायादार, फल व फूलदार, औषधि युक्त विभिन्न प्रजाति पौधों का रोपण किया गया और उनकी उचित देखरेख का संकल्प भी लिया। परिषद के कार्यवाहक प्रभारी कमिश्नर मामराज जाखड़ की प्रेरणा से परिषद प्लांटेशन पर बड़ी संख्या से सभी अधिकारियों व कार्मिकों का दल एकत्रित हुआ। इस मौके पर नगर परिषद अधिकारी डॉ. सतपाल जाखड़, कनिष्ठ अभियंता महेंद्र कुमार, मनीष शर्मा, गोविंद मीणा आदि ने पौधारोपण किया।

## श्रेष्ठ परिणाम देने पर विद्यार्थियों व अभिभावकों का किया सम्मान



महानगर संवाददाता

**नीमकाथाना।** बाल विकास सीनियर सेकंडरी स्कूल खादरा में कक्षा 10वीं व 12वीं में श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों व शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

इस समारोह की मुख्य आकर्षण कक्षा 10वीं की टॉपर तन्नू सैनी रही, जिसने 95 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय, अभिभावकों व गांव का नाम गौरवान्वित किया। इसी क्रम में टीना सैनी व अमित सैनी ने भी शानदार प्रदर्शन किया। आर्ट्स वर्ग में भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्टता दिखाई। समारोह में कक्षा 5वीं व 8वीं में ए व बी ग्रेड प्राप्त करने और 10वीं व 12वीं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को अभिभावकों सहित सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मूल चन्द सैनी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रकाश चन्द सैनी उपस्थित रहे। संस्था संरक्षक जगदीश प्रसाद ठेकेदार ने सभी सफल विद्यार्थियों को साधुवाद दिया और टॉपर्स को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अंत में संस्था निदेशक शास्त्री माडूराम सैनी ने सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## विश्व कल्याण के लिए विप्रजनों ने पंचकुंडीय गायत्री यज्ञ में दी आहुतियां

महानगर संवाददाता

**लालसोट।** वेदमाता गायत्री जयंती के अवसर पर ब्राह्मण समाज व भगवान परशुराम मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में शुक्रवार को भगवान परशुराम मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ पंचकुंडीय यज्ञ-हवन व कन्या भोज का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर वेद प्रकाश महरावण्ड, रामप्रसाद बुर्जा, लक्ष्मीनारायण भारद्वाज, संजय सालिगरामपुरा, मनोज डोब ने सपत्नीक और सभी विप्रजनों व संस्कार शिविर संभागियों ने विश्व मंगल की कामना के साथ हवन कुंड में आहुतियां दी। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ याज्ञिक



कार्यक्रम पं. कृपाचार्य रिवाली, पं. श्याम सुन्दर, पं. मुकेश डोब आदि ने सम्पन्न करवाया। इस अवसर पर परशुराम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पुरुषोत्तम जोशी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गोल, महासचिव जय प्रकाश महरावण्ड, कोषाध्यक्ष सुनील खारला, बालमुकुंद शर्मा, ललित चतुर्वेदी, पवन बिचपुरी, नवीन सुकार, गोविन्द बगड़ी, लक्ष्मीनारायण पुरोहित, राकेश सेडूलाई, अनुराग प्रिय शर्मा, नीरु वैष्णव, पार्थ एस कृष्णावत, अनमोल त्रिवेदी, कपीश शर्मा, अंश रिवाली, सिद्धम भारद्वाज, सियाराम शर्मा सहित कई विप्रजनों ने विश्व कल्याण की कामना के साथ आहुतियां दी।

## जमीन का हक दिलाने के लिए किसान संघर्ष समिति का गठन

महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** कस्बे के सैनी नगर में किसान संघर्स समिति अध्यक्ष हरिसिंह बुरड़क ने बताया कि वर्षों से मंदिर माफी जमीन से पीड़ित किसानों ने शुक्रवार को सैनी नगर गांव की महादास की ढाणी में शिवजी मन्दिर में एकत्रित होकर एक बैठक की और अपनी मांग सरकार से मंगवाने के लिए हरिसिंह बुरड़क व श्रीराम बुरड़क के नेतृत्व में गांव की संघर्ष समिति का गठन किया।

इस समिति में सैनीनगर के अध्यक्ष योगेश सैनी को अध्यक्ष, धर्मेंद्र मिटावा व घासी सैनी को उपाध्यक्ष, रामदेव कटारिया को महासचिव, मदन सैनी व सुल्तान



कटारिया को संयुक्त सचिव, रिछपाल किरोड़ीवाल को कोषाध्यक्ष, गणपत सैनी को संयोजक और रामनिवास सैनी, सागरमल सैनी, रामेश्वरलाल सैनी, मदनलाल सैनी, मनफूल सैनी, बनवारी लाल सैनी, सुभाष सैनी दुर्गाप्रसाद सैनी व मोहनलाल सैनी को स्थाई सदस्य मनोनीत किया गया। बिरोल कमेटी के अध्यक्ष सूबेदार रामलाल बुरड़क ने बताया कि जिन किसानों की पीढ़ियां वर्षों से अपनी जमीन पर रह रही हैं और कृषि कर रही है, उस जमीन को सरकार मंदिर माफी की जमीन का हवाला देकर किसानों को उनकी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रख रही है। इसे अब किसान किसी भी सूरत में बर्दाश नहीं करेंगे और समय रहते सरकार किसानों की मांग नहीं मानेगी तो किसान उग्र आंदोलन करेंगे।

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मास्टरमाइंड अरेस्ट

## पाकिस्तानी डॉन की मदद से भागा था विदेश

महानगर संवाददाता

जालंधर। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के मास्टरमाइंड जीशान अख्तर उर्फ जस्सी पुरेवाल को कनाडा की सरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि गिरफ्तारी किस केस में हुई है। 12 अक्टूबर 2024 की रात को बाबा सिद्दीकी की मुंबई में उनके बेटे जीशान सिद्दीकी के ऑफिस के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या की जिम्मेदारी गैंगस्टर लॉरेंस गैंग ने ली थी। गैंग ने दावा किया था कि बाबा सिद्दीकी बॉलीवुड स्टार सलमान खान के करीबियों में थे। इसी वजह से उसे मारा। पुलिस जांच में सामने आया था कि सिद्दीकी की हत्या का मास्टरमाइंड जालंधर का रहने वाला जीशान अख्तर है। जब शूटर्स ने सिद्दीकी को गोलियां मारी तो वह मौके पर मौजूद था। हत्या के बाद वह विदेश भाग गया था तब दावा किया गया था कि उसे भगाने में पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी ने मदद की थी। हाल ही में लॉरेंस गैंग ने जीशान से पल्ला झाड़ते हुए उसे मारने की धमकी दी थी।



### 9 मामलों में वांटेड, जेल में लॉरेंस गैंग से जुड़ा

जीशान जालंधर में नकोदर के शंकर गांव का रहने वाला है। वह पत्थर लगाने का काम करता था। वह टारगेट किलिंग, हत्या, डकैती सहित 9 मामलों में वांटेड है। आखिरी बार जालंधर में सीआईए स्टाफ के इंचार्ज सुरेंद्र सिंह कंबोज ने गिरफ्तार किया था। पुलिस ने तब 17 केस सॉल्व किए थे। जीशान से पूछताछ के बाद पुलिस ने लॉरेंस गैंग से जुड़े करीब 20 गुर्गों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इनसे 50 से ज्यादा हथियार बरामद किए थे।

### विदेश भागने के बाद जीशान ने वीडियो जारी किया था

पाकिस्तान के डॉन फारूख खोखर गैंग के प्रमुख मेंबर शहजाद भट्टी ने मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में वीडियो जारी कर अहम खुलासा किया था। वीडियो में भट्टी ने लॉरेंस को अपना भाई बताया था। जीशान अख्तर का साल 2025 की शुरुआत में एक वीडियो सामने आया था। इसमें जीशान कहा रहा था, मैं जीशान बोल रहा हूं। भारत में मुझ पर बाबा सिद्दीकी की हत्या किए जाने के आरोप हैं और अन्य कई केस चल रहे हैं। इस सारे केस में मेरा साथ दिया है, शहजाद भट्टी भाई ने। भट्टी हमारा बड़ा भाई है।

## डॉक्टर्स म्यूजिक प्रीमियर लीग : चतुर्थ संस्करण का आयोजन 25 जुलाई से

जयपुर (मसं)। डॉक्टर्स म्यूजिक प्रीमियर लीग (डीएमपीएल) का आयोजन किया जा रहा है। डीएमपीएल के संयोजक डॉ. संदीप निझावन ने बताया कि 25 से 27 जुलाई तक लीग के चौथे संस्करण के टीम इवेंट का आयोजन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में किया जाएगा। लीग चेयरमैन डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि करीब 200 डॉक्टर्स शाम को अपने सुरों का कौशल दिखाएंगे। प्रतियोगिता के चीफ कॉर्डिनेटर डॉ. हर्षुल टाक व डॉ. रवींद्र सिसोदिया ने बताया कि प्रतियोगिता में आठ फ्रेंचाइजी टीमें भाग ले रही हैं जो कि खुले ऑक्शन के माध्यम से डॉक्टर-गायकों का चयन कर अपनी-अपनी टीमें बनाएंगीं। टीमों का ऑक्शन 13 जुलाई को होगा।



## गीता गायत्री मंदिर में हुआ दशांश हवन, सजी झांकी



महानगर संवाददाता

जयपुर। गलता गेट स्थित मंदिर श्री गीता गायत्री जी में पं. राजकुमार चतुर्वेदी के सान्निध्य में गायत्री जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ। मंदिर प्रवक्ता नीतीश चैतन्य चतुर्वेदी ने बताया कि सुबह 41 ब्राह्मण विद्वानों ने सवा लक्ष गायत्री महामंत्र जाप का अनुष्ठान संपन्न कर पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में दशांश आहुतियां अर्पित की। इस मौके पर गायत्री माता को सुगंधित पुष्पों से शृंगार कर मनोरम झांकी सजाई गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ की परिक्रमा की।

## पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण

महानगर संवाददाता

जयपुर। भांकरोटा की गुरु रूपा कॉलोनी के जेडीए पार्क में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम हैप्पी टैलेंट फाउंडेशन की ओर से सचिव मनीष शर्मा के नेतृत्व में आयोजित हुआ। अभियान में बच्चे लक्ष्य जांगिड हैरल ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों और स्थानीय निवासियों ने मिलकर दर्जनों पौधे लगाए। इस अवसर पर राजेश भारद्वाज, सुनील, मंगल आदि उपस्थित रहे।

## सेशन कोर्ट में भी किया गया ठंडे पेय का वितरण



महानगर संवाददाता

जयपुर। निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर शुक्रवार को बनीपार्क सेशन कोर्ट के समस्त अधिवक्ताओं के सहयोग से नई बिल्डिंग के बाहर मिल्करोज का वितरण किया गया।

## शरबत का किया वितरण



महानगर संवाददाता

जयपुर। निर्जला एकादशी पर शरबत का वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व चिकित्सा मंत्री कालीचरण सराफ, पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष सुमन शर्मा, कार्यक्रम के आयोजक जय नायक, बाबू भाई, डिम्पी, खेम सिंह नेगी, पार्षद राम प्रसाद शर्मा, प्रवीण मेहता, सुनील परणामी, शक्ति सिंह, रामप्रसाद, शिवचरण, वीरेंद्र कुमार नायक, बोरीवाल, तन्मय चौधरी, अमिता शर्मा, प्रशांत सिंधी एवं पंकज चंदवानी उपस्थित रहे।

## एकादशी पर मिल्क रोज, शर्बत प्रसाद वितरण

### भक्तों को वितरित करेंगे परिंडे



महानगर संवाददाता

जयपुर। निर्जला एकादशी पर शनिवार को श्री अमरापुर स्थान जयपुर के बाहर निरंतर चल रहे अन्न क्षेत्र प्रसाद के साथ मिल्क रोज शर्बत प्रसादी का वितरण किया जाएगा। स्वामी टेऊंराम महाराज के चालीहा महोत्सव के उपलक्ष्य में संतों की ओर से भक्तों को बेजुबान पक्षियों के दाने पानी के लिए परिंडों का वितरण भी किया जाएगा।

## वृक्ष ही हैं जीवन का आधार, करें सार-संभाल : डॉ. हरसहाय मीणा



महानगर संवाददाता

जयपुर। बस्सी के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सेवापुरा में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ आरएएस अधिकारी डॉ. हरसहाय मीणा ने कहा कि वृक्ष ही जीवन का आधार है। वृक्ष नहीं होंगे तो जीवन नहीं हो सकता। इसलिए हमें इस सीजन में अधिकाधिक पेड़ पौधे लगाने चाहिए। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने कहा कि पेड़ पौधों के बिना जीवन का अस्तित्व नहीं है इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। श्री लक्ष्मीनारायण मीणा मेमोरियल ट्रस्ट की अध्यक्ष एवं पंचायत समिति सदस्य सुमन मीणा ने बताया कि पेड़-पौधे लगाने से जीवन में खुशहाली आती है। इस अवसर पर भामाशाह पुष्पेन्द्र मीणा, संस्था प्रधान पन्नालाल मीणा के साथ फूलचंद, मुरारीलाल, प्रहलाद, जगदीश, गोपाल, रोहिताश, रामकिशन, पूरणमल आदि उपस्थित रहे।

## सद्भावना के सिपाही संगठन की आम सभा आयोजित

### कैलाश शर्मा अध्यक्ष और अजय सक्सेना कार्यकारी अध्यक्ष निर्वाचित

महानगर संवाददाता

जयपुर। सद्भावना के सिपाही संगठन की जयपुर जिला इकाई की आम सभा शुक्रवार को आयोजित की गई। संगठन के राष्ट्रीय प्रमुख पूर्व राज्यमंत्री राजीव अरोड़ा के नेतृत्व में संचालित इस संगठन की बैठक में विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।



आम सभा में सर्वसम्मति से वरिष्ठ कांग्रेस नेता कैलाश शर्मा (गुरुजी) को जिला अध्यक्ष तथा एडवोकेट अजय सक्सेना को कार्यकारी अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने संगठन के संस्थापक स्व. सुनील दत्त की जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राजीव अरोड़ा ने नव निर्वाचित अध्यक्ष कैलाश शर्मा एवं कार्यकारी अध्यक्ष अजय सक्सेना को शुभकामनाएं दी।

## निर्जला एकादशी पर्व पर सामूहिक प्याऊ का आयोजन

महानगर संवाददाता

जयपुर। धर्मिक पर्व निर्जला एकादशी पर हेम सिक्योरिटीज लिमिटेड, जयपुर टॉवर (एम.आई. रोड) के सभी कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से सेवा कार्य करते हुए सामूहिक प्याऊ का आयोजन किया। इस प्याऊ में 1001 किलो दूध और गुलाब शरबत से बनी मिल्क रोज ठंडाई राहगीरों को वितरित की गई। आयोजन के



प्रमुख समन्वयक आनंद शर्मा जालूकी ने बताया कि सभी सहकर्मियों ने समय निकालकर प्रेमपूर्वक राहगीरों को ठंडाई पिलाई। आयोजन की सूत्रधार तनिषा रूमानी, नुपुर खंडेलवाल, प्रेमलता, दिव्या बड़ाया सहित कई महिला सदस्यों का सहयोग रहा। इस सेवा कार्य में मुकुट शर्मा, रोहित शर्मा, मिशित चपलोत, दारा सिंह समेत पूरे स्टाफ ने सहभागिता निभाई।

## पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लगाए परिंडे



महानगर संवाददाता

जयपुर। जगतपुरा, अक्षय पात्र मैन रोड पर श्री कल्याण फाऊंडेशन के तत्वावधान में निर्जला एकादशी पर राहगीरों को शीतल पेय, ठंडाई पिलाई गई। साथ ही बेजुबान पक्षियों को भी उनके दाना पानी की व्यवस्था करने के लिए निशुल्क परिंडे वितरण किए गए।

फाउंडेशन के संस्थापक श्याम बिहारी शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर जगदीश महाराज गोनेर मन्दिर एवं अक्षय पात्र मंदिर में आने जाने वाले दर्शनार्थियों एवं आमजन को भीषण गर्मी मे शीतल पेय, ठंडाई, शर्बत पिलाई गई। राहगीरों को निशुल्क परिंडे का वितरण कर निस्वार्थ सेवादान किया। इस दौरान भगवान सिंह, धर्मेंद्र शर्मा, माया देवी, अनीता शर्मा, रामावतार, मनोहर आदि मौजूद रहे।

## प्लास्टिक का बहिष्कार कर मिट्टी की बोतल का किया वितरण



महानगर संवाददाता

जयपुर। नव जन जागृति मंच व अन्नपूर्णा नारी संगठन की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पर निवारू रोड, जागृति प्रांगण पर पौधारोपण व प्लास्टिक का बहिष्कार कर मिट्टी की बोतल का वितरण किया गया।

इस अवसर पर राजेंद्र शर्मा, रमाशंकर शर्मा, विप्र कल्याण बोर्ड की पूर्व उपाध्यक्ष मंजू शर्मा, नमिता अग्रवाल, डॉ. सुरभि सिंह, शीला शर्मा, मनीषा शर्मा, ममता शर्मा, प्रभा शर्मा, अर्चना शर्मा, पूर्वी साईवाल, अनिता श्रीवास, नीरज चौधरी आदि मौजूद रही।

## 'नवीन तकनीक अपनाकर वैज्ञानिक तरीके से खेती करें किसान'

महानगर संवाददाता

जयपुर। शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल ने शुक्रवार को जयपुर के बसेड़ी, बस्सी झाझड़ा, गुढ़ा कुमावतान क्षेत्रों का भ्रमण किया। उन्होंने राजस्थान सरकार द्वारा संचालित हाईटेक हॉर्टिकल्चर मॉडल कलस्टर बस्सी झाझड़ा में किसान अशोक निठारवाल के खेत पर स्थापित ग्रीन हाउस, फार्म पोंड, ड्रिप संयंत्र तथा अन्य उद्यानिकी गतिविधियों का निरीक्षण किया। शासन सचिव ने हाईटेक हॉर्टिकल्चर मॉडल कलस्टर बस्सी झाझड़ा क्षेत्र के चयनित किसानों के साथ कृषक गोष्ठी का आयोजन कर उनसे संवाद किया। किसानों द्वारा उद्यानिकी विकास की गतिविधियों के लाभ के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने किसानों को ग्रीन हाउस में फसल विविधिकरण के तहत खीरा फसल के अलावा शिमला मिर्च, कटफ्लोवर (डचरोज), ब्लैकबेरी आदि फसलें लेने के लिए प्रेरित किया, ताकि किसानों को अधिक आर्थिक लाभ हो। गोष्ठी में किसानों से ग्रीन हाउस के आर्थिक मूल्यांकन पर भी चर्चा की गई। विशाल ने कृषक भैरूंराम थाकण द्वारा गर्मी में बोए गए खीरे के खेत एवं कटफ्लोवर (डचरोज) के खेत का भ्रमण किया और कटफ्लोवर के विपणन के बारे में किसानों को स्थानीय होटल व्यवसायियों से संपर्क करने की सलाह दी। कृषक भैरूंराम थाकण के ग्राम बसेड़ी के खेत पर स्थापित पीएम कुसुम कम्पोनेन्ट 'बी' के तहत सौर ऊर्जा पंप संयंत्र का निरीक्षण किया। शासन सचिव ने सभी किसानों को संरक्षित खेती के तहत उत्तरोत्तर वृद्धि किए जाने के लिए उद्यानिकी की नवीनतम तकनीक अपनाकर वैज्ञानिक तरीके से खेती करने को प्रेरित किया। किसानों ने डचरोज को लंबे समय तक संरक्षित रखने के लिए कोल्ड स्टोरेज व रेफ्रीजरेटेड वैन पर अनुदान दिए जाने की मांग की। इस पर शासन सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनांतर्गत कोल्ड स्टोरेज व रेफ्रीजरेटेड वैन पर अनुदान दिए जाने का प्रावधान है। अतः किसान इसके लिए आवेदन कर अनुदान का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान संयुक्त निदेशक उद्यान प्रदीप कुमार अग्रवाल, संयुक्त निदेशक उद्यान दानवीर वर्मा एवं उप निदेशक उद्यान दुर्गापुरा जयपुर हरलाल सिंह बिजारनियां मौजूद रहे।



## कोच केयर कॉम्प्लेक्स में हुआ पौधरोपण कार्यक्रम



महानगर संवाददाता

जयपुर। विश्व पर्यावरण दिवस पर कोच केयर कॉम्प्लेक्स जयपुर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान वरिष्ठ कोचिंग डिपो अधिकारी गौरव गुप्ता, सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता राहुल मीना, मंडल विद्युत अभियंता बनवारी लाल मीणा, डिपो इंचार्ज दीपा राम परिहार ने पौधे लगा कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के मंडल प्रवता अनिल चौधरी ने बताया कि लगाए गए सभी पौधों को समय पर पानी और खाद मिलता रहे इसके लिए प्रति पौधा व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की गई है। कार्यक्रम में अर्जुन लाल कुमावत, उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के मंडल मीडिया प्रभारी महेश शर्मा, पृथ्वी सिंह यादव, पुराराम बॉस, चांदमल भाम्बी, कृष्ण कुमार, रामजीलाल नोदल, आदित्य निठारवाल, सचिन मीना, संजीव मीना, मिथलेश मीना, सपना यादव, पूजा गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

### कार्यालय नगर पालिका मण्डल चाकसू, जिला जयपुर ग्रामीण (राज.)

क्रमांकः न.पा.चा./2025/1773 दिनांक : 5.6.2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गिरधारीलालपुरा से शक्करखावदा रोड की और वर्तमान में कच्चा रास्ता मौजूद है जो राजस्व ग्राम नैनवा की ढाणी पटवारी हल्का शक्करखावदा, भू.अभि.नि. क्षेत्र छान्देलकलां, तहसील चाकसू, जिला-जयपुर के खसरा संख्या 164, 163, 155, 156, 148 आदि की भूमि से होकर गुजर रहा है। उक्त रास्ते का मार्गाधिकार निर्धारित नहीं किया हुआ है, जिससे इस रास्ते पर भूमि रूपान्तरण की कार्यवाही लम्बित है। अतः नविवि की अधिसूचना दिनांक 10.08.2020 की पालना में इस रास्ते की चौड़ाई 60 फीट निर्धारित की जानी है। अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या कोई सुझाव प्रस्तुत करना चाहे तो 10 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। 10 दिवस पश्चात प्रस्तुत गुणावगुण के आधार पर आपत्ति या सुझावों (प्राप्त होने की स्थिति में) का निस्तारण करके एवं आपत्ति या सुझाव प्राप्त नहीं होने की स्थिति में सीधे ही इस कच्चे रास्ते का मार्गाधिकार 60 फीट निर्धारित कर दिया जावेगा एवं तद्नुसार भविष्य में मास्टर प्लान में शामिल कर लिया जावेगा। साथ ही इस रास्ते पर वर्तमान में लंबित तथा भविष्य में प्राप्त हेतु वाले प्रकरणों का निपटारा इस मार्ग को 60 फीट मानते हुए ही किया जावेगा। सूचित हो।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका चाकसू

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

www.jda.rajasthan.gov.in

क्रमांकः जविप्रा/उपा.जोन-8/2025/डी-153 दिनांकः 3.6.25

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती आकांक्षा गुप्ता पत्नी श्री विजय कुमार गुप्ता द्वारा निजी खातेदारी की योजना भास्कर एनक्लेव-द्वितीय के आवासीय भूखण्ड संख्या बी-32 क्षेत्रफल 200 व.ग. का लीजहोल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया है। आवेदित भूखण्ड का लीजहोल्ड पट्टा क्रमांक 54 दिनांक 11.02.2010 के द्वारा श्रीमती पूनम अग्रवाल पत्नी श्री राजीव अग्रवाल के नाम जारी किया गया था। लीजधारक द्वारा आवेदित भूखण्ड को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 07.06.2011 के माध्यम से श्रीमती वन्दना श्रोत्रिय पत्नी श्री गजेन्द्र शंकर श्रोत्रिय को विक्रय किया गया है। तत्पश्चात क्रेता द्वारा आवेदित भूखण्ड को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 26.07.2024 के माध्यम से श्रीमती आकांक्षा गुप्ता पत्नी श्री विजय कुमार गुप्ता को विक्रय किया गया है। अतः उपरोक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड संख्या बी-32 क्षेत्रफल 200 व.ग. का लीजहोल्ड से फ्री होल्ड पट्टा दिये जाने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/हितधारी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा समय सीमा पश्चात आवेदिका के पक्ष में फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। समय सीमा पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। सूचित रहें।

उपायुक्त जोन- 8, जविप्रा, जयपुर

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फ्लैट नम्बर 05 (Front Side), सैकिण्ड फ्लोर, स्थित प्लाट नम्बर 153, योजना विवेक विहार, न्यू सांगानेर रोड, सोडाला, जयपुर में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 900 वर्गफीट है। यह कि उक्त वर्णित प्लाट नम्बर 153, कुल क्षेत्रफल 248 वर्गगज सर्वप्रथम खुदाबादी सोनारा कॉ-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड, जयपुर द्वारा श्री अतुल आर. श्रीवास्तव को जरिये आवंटन पत्र दिनांक 30.04. 1999 के द्वारा आवंटित किया गया था। तत्पश्चात श्री अतुल आर. श्रीवास्तव ने उक्त वर्णित सम्पूर्ण प्लाट बाबत जरिये पंजीकृत मुख्त्यारनामा आम लिखा हुआ दिनांक 13.03. 2007 के द्वारा श्री संजीव सिंघल को मुख्त्यारआम नियुक्त कर दिया। तत्पश्चात श्री संजीव सिंघल बहैसियत मुख्त्यारआम श्री अतुल आर. श्रीवास्तव ने उक्त वर्णित प्लाट में से फ्लैट नम्बर 05 को जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 13.08.2007 के द्वारा श्रीमती पुष्पा शर्मा को विक्रय कर दिया। तत्पश्चात श्रीमती पुष्पा शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 29.07.2020 को हो गया एवं उनके पति श्री रेवती रमण शर्मा का स्वर्गवास भी पूर्व में दिनांक 03.01.2011 को हो गया। श्रीमती पुष्पा शर्मा एवं श्री रेवती रमण शर्मा के स्वर्गवास के पश्चात उनकी एकमात्र वारिस उनकी पुत्री श्रीमती स्वाती शर्मा द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति का विक्रय श्री आकाश भालिया को किया जा रहा है एवं श्री आकाश भालिया द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति पर मेरी अभिभाष्या चोलामण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड से ऋण प्राप्त किया जा रहा है। उक्त ऋण एवं सम्पत्ति के बाबत एवं स्व. पुष्पा शर्मा के वारिसान बाबत किसी भी व्यक्ति, वारिसान, संस्था, बैंक या अन्य किसी को भी किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 07 दिवस मय साक्ष्य सम्पर्क करे अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति विधिनुसार शून्य होगी।

गिर्राज शर्मा, एडवोकेट
204, सैकिण्ड फ्लोर, जवाहर टावर, गायत्री मार्ग, बनीपार्क, जयपुर मो. 9828126100, रजि. 2115/2014

### कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय

राजस्थान आवान मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर

क्रमांकः DHC-II/389 दिनांक : 6.6.2025

**जाहिर आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 31/57/12, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 9.170 वर्ग मीटर / वर्ग गज का आवंटन श्री देवी सहाय मित्तल पुत्र श्री बुलाखी राम मित्तल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र कमांक 3399 दिनांक 27.02.1987 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 26.03.1987 को प्राप्त कर लिया गया था। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र कमांक 335 दिनांक 20.04.2010 के द्वारा श्री जसवन्त सिंह मील पुत्र श्री जयमल राम मील के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 18.03.2011 को करवाया गया। श्री जसवन्त सिंह मील के द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र के श्री बनवारी लाल स्वामी पुत्र श्री त्रिलोक चन्द स्वामी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 18.03.2011 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री बनवारी लाल स्वामी की मृत्यु दिनांक 20.03.2024 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री रमेश कुमार स्वामी पुत्र स्व. श्री बनवारी लाल स्वामी के द्वारा मृत्यु पश्चात् नाम एवं लीजडीड हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री रमेश कुमार स्वामी पुत्र स्व. श्री बनवारी लाल स्वामी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

सम्पदा प्रबन्धक
वृत्त द्वितीय, जयपुर

### प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21) राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बरः DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/314

चूंकि प्रार्थी श्री MUKESH KUMAR BHARGAVA, 53/95, SARYU MARG, MADHYAM MARG, MANSAROVAR, JAIPUR-302020 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास जयपुर भार्गव सभा (रजि) जयपुर, MAHRISHI BHRIGU SADAN, SUNDAR MARG, TILAK NAGAR, JAIPUR-302004 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 30-05-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 04/08/2025

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांकः ज.वि.प्रा./जोन-2/2025/डी-776 दिनांकः 02.06.2025

**विज्ञप्ति** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दी कृष्णा कॉ-आपरेटिव हाउसिंग सोसायटी की योजना हरी नगर के भूखण्ड संख्या डी-2 क्षेत्रफल 319.03 वर्गगज मे से अपने खरीदशुदा क्षेत्रफल 155.93 वर्गगज का श्रीमति शहनाज बानो मोहम्मद इस्लाम के द्वारा उपविभाजन हेतु आवेदन क्रमांक 217552 द्वारा आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड की लीज डीड दिनांक 31/05/2013 को कुल क्षेत्रफल 319.03 वर्गगज की सुश्री वर्षा सिंह चौधरी के पक्ष में जारी की गई थी। जिसका पंजीयन उप पंजीयक चतुर्थ के यहाँ दिनांक 27.06.2013 को हुआ है। जिसकी सत्यापित प्रति प्रार्थी द्वारा अपलोड की गई है। प्रार्थी द्वारा दस्तावेजात गुमशुदगी के संबंध में पुलिस थाना विद्याधर नगर में एलआर नम्बर-2484605/2024 दिनांक 12.03.2024 को दर्ज करवाई गई, जिसका खोया पाया के संबंध में विज्ञप्ति दिनांक 09.04.2025 राजस्थान पत्रिका समाचार पत्र में दी हुई है। जिसके पश्चात सुश्री वर्षा चौधरी के द्वारा साईट प्लान में एरिया संशोधन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिस पर उक्त भूखण्ड का नवीन साईट प्लान कुल क्षेत्रफल 327.59 का जारी किया गया। जिसके पश्चात सुश्री वर्षा चौधरी के द्वारा उक्त प्लाट के कुल क्षेत्रफल 327.69 वर्गगज में से 155.93 वर्गगज का बेचान जरिये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 27.03.2025 के द्वारा श्रीमति शहनाज बानो को किया गया। प्रार्थी द्वारा अपलोड दस्तावेजो में मूल लीजडीड की गुमशुदगी दर्ज करवाई हुई है। जिसके सम्बन्ध में ऑनलाईन एफआईआर, सामाचार पत्र मे खोया पाया, वाद विवाद का शपथ पत्र, रजि. विक्रय पत्र आदि दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/हितधारी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष कमरा नम्बर पीबी-एसएफ-205, द्वितीय तल, पार्किंग स्थल, जयपुर में आपत्ति/सुझाव प्रस्तुत कर दें, अन्यथा बाद-मियाद आवेदक के पक्ष में नाम हस्तान्तरण एवं फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। बाद मियाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

उपायुक्त जोन-2, ज.वि.प्रा., जयपुर

### प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21) कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को (नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

**मुकदमा नम्बर 298/ 2024**

चूंकि श्री रविन्द्र नाथ पुत्र श्री आर. एल. गुप्ता निवासी डी-138, बसंत मार्ग बनीपार्क जयपुर 302016 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत सुनीता गुप्ता वेलफेयर ट्रस्ट कार्यालय पता डी-138-ए, सुमित्रा पथ, गुलाब उद्यान के पास, बनीपार्क, जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 26/5/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 30/7/25

सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

मोहर 2209 26-5-25

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

पृथ्वीराज नगर (उत्तर), कार्यालय, चित्रकूट स्टेडियम, वैशाली नगर

क्रमांकः जविप्रा/उपा./पीआरएन-उत्तर(द्वितीय)/2025/डी-329 दिनांक : 6.6.25

**सार्वजनिक सूचना**

भैरव गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर की योजना-केशर नगर, के भूखण्ड संख्या 4 (क्षेत्रफल 321.32 वर्गगज) की लीजडीड हेतु श्री राजेन्द्र सिंह पूनियां पुत्र श्री जगदीश पूनियां ने आवेदन प्रस्तुत किया है। जविप्रा की प्रमाणित सदस्यता सूची में आवेदक का नाम व भूखण्ड संख्या अंकित नहीं है। यदि उक्त भूखण्ड के स्वामित्व के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस की अवधि में कार्यालय को आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा आवेदक के पक्ष में उक्त भूखण्ड की लीजडीड जारी कर दि जावेगी।

उपायुक्त पीआरएन-उत्तर-II
जविप्रा, जयपुर

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

www. jda.ajastha.gov.in

क्रमांकः ज.वि.प्रा./उपा./जोन-4/2025/डी-5567 दिनांक : 2.6.25

**सार्वजनिक सूचना/विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्री हुकुम चन्द जैन पुत्र स्व. रतनलाल जैन एवं श्री नीरज जैन पुत्र श्री हुकुम चन्द जैन द्वारा न्यू पिंकसटी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना श्रीजी नगर के भूखण्ड संख्या 113 का लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड पटटे जारी करने हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में पूर्व में इस कार्यालय द्वारा न्यू पिंकसटी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना श्रीजी नगर के भूखण्ड संख्या 113, क्षेत्रफल 145.87 वर्गगज का पटटा श्रीमती तारामणी पत्नी श्री हुकम चन्द जैन के पक्ष में क्रमांक 2932/2001 को जारी किया गया, जिसे सब रजिस्टार-जयपुर-द्वितीय के यहां दिनांक 10.01.2001 को जारी किया गया। श्रीमती तारामणी जैन की मृत्यु दिनांक 10.12.2018 को हो चुकी है। उक्त संबंध में आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र एवं दस्तावेजों के आधार पर आवेदकगण के पक्ष में उक्त भूखण्ड का लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड पटटा जारी करने की कार्यवाही करने के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, हितधारी, संस्था को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को इस सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिवस में प्रस्तुत कर देवें। नियत अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदकगण के पक्ष में नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

उपायुक्त जोन-4
जविप्रा, जयपुर

### राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय

जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर 0141-4901853

क्रमांक : 1770 दिनांक : 5.06.2025

**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा नाम प्रतिस्थापन आदेश क्रमांक 2183 दिनांक 17.05.2024 जारी कर फ्लैट संख्या-4/627 (GF) जवाहर नगर, जयपुर, क्षेत्रफल 71.00 वर्ग मीटर का प्रतिस्थापन श्रीमती मनजीत कौर जुनेजा पत्नी स्व. श्री करतार सिंह जुनेजा के पक्ष में किया गया था। श्रीमती मनजीत कौर जुनेजा की मृत्यु दिनांक 25.11.2024 को जाने के कारण श्री गुरप्रीत सिंह पुत्र स्व.श्री करतार सिंह के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा प्रशासनिक शुल्क की छाया प्रति, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, स्वयं एवं गवाह के पहचान पत्र की छाया प्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति एवं रजिस्टर्ड त्याग पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट का प्रतिस्थापन अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त फ्लैट के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति / बैंक / संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री गुरप्रीत सिंह पुत्र स्व.श्री करतार सिंह के पक्ष में उक्त फ्लैट के प्रतिस्थापन की कार्यवाही करदी जावेंगी।

सम्पदा प्रबंधक
वृत तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर

### कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय

राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर

क्रमांक : DHC-II/387 दिनांक : 06.06.2025

**जाहिर आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 06/346, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 112.50 वर्ग मीटर / वर्ग गज का आवंटन श्री धर्मचन्द गोलेछा पुत्र श्री पूनमचन्द गोलेछा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3832 दिनांक 11.12.1989 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 08.02.1990 को प्राप्त कर लिया गया था। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 1484 दिनांक 14.03.1995 के द्वारा श्री धर्मचन्द गोलेछा पुत्र श्री पूनमचन्द गोलेछा के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 23.03.1995 को करवा लिया गया। इसके पश्चात श्री धर्मचन्द गोलेछा की मृत्यु दिनांक 01.04.2007 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती स्नेहलता गोलेछा पत्नी स्व. श्री धर्मचन्द गोलेछा ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती स्नेहलता गोलेछा पत्नी स्व. श्री धर्मचन्द गोलेछा के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

सम्पदा प्रबन्धक
वृत्त द्वितीय, जयपुर

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

www.jda.urban.rajasthan.gov.i

क्रमांकः एफ ()जविप्रा/उपा/जोन-11/2025/डी 5870 दिनांक : 27.5.25

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम आवेदक श्रीमती प्रियंका यादव पत्नी श्री पवन कुमार यादव व श्रीमती गीता यादव पत्नी श्री भरत यादव द्वारा सेज पुनर्वास योजना ग्राम खटवाडा के व्यावसायिक भूखण्ड संख्या एस 248 क्षेत्रफल 200 वर्गमीटर की लीज होल्ड से फ्री-होल्ड लीजडीड हेतु आवेदन किया गया है। उपलब्ध रिकॉर्ड अनुसार सेज पुनर्वास योजना ग्राम खटवाडा के व्यावसायिक भूखण्ड संख्या एस 248 क्षेत्रफल 200 वर्गमीटर की लीजडीड क्रमांक 6533 दिनांक 12.4.2017 को श्रीमती साधना शर्मा पत्नी एन. के. शर्मा के पक्ष में जारी की गई थी। श्रीमती साधना शर्मा पत्नी एन. के. शर्मा ने सेज पुनर्वास योजना ग्राम खटवाडा के व्यावसायिक भूखण्ड संख्या एस-248 क्षेत्रफल 200 वर्गमीटर को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 12.7.2019 से श्रीमती एकता गोयल पत्नी श्री भाविन मनीष मेहता पुत्री श्री गंगाराम गोयल को विक्रय किये जाने पर नाम हस्तांतरण पत्र क्रमांक 36 दिनांक 7.2.2022 को जारी किया गया है। (1) श्रीमती एकता गोयल पत्नी श्री भाविन मनीष मेहता पुत्री श्री गंगाराम गोयल द्वारा सेज पुनर्वास योजना ग्राम खटवाडा के व्यावसायिक भूखण्ड संख्या एस-248 क्षेत्रफल 200 वर्गमीटर भूमि जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से श्री देवकरण जांगिड पुत्र श्री प्रभुदयाल जांगिड को विक्रय कर दी गई। (2) श्री देवकरण जांगिड पुत्र श्री प्रभुदयाल जांगिड द्वारा सेज पुनर्वास योजना ग्राम खटवाडा के व्यावसायिक भूखण्ड संख्या एस 248 क्षेत्रफल 200 वर्गमीटर भूमि जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 202503021101550 दिनांक 22.01.2025 से श्रीमती प्रियंका यादव पत्नी श्री पवन कुमार यादव व श्रीमती गीता यादव पत्नी श्री भरत यादव को विक्रय कर दी गई है। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड के नाम हस्तांतरण / लीजडीड किये जाने के संबंध में किसी व्यक्ति/फर्म/ कम्पनी/संस्था एवं अन्य को आपत्ति हो तो यह सूचना जारी होने के 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

उपायुक्त जोन-11
जविप्रा, जयपुर

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

www.jda.rajasthan.gov.in

क्रमांकः जविप्रा/उपा. जोन-9/2025/डी-1990 दिनांक : 04.06.2025

**सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी श्री रमेश कुमार गोयल द्वारा लक्ष्मी नगर गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना शिवराम योजना के भूखण्ड संख्या 25 का नाम हस्तान्तरण हेतु ऑन लाईन आवेदन पंजीयन संख्या 222686 दिनांक 16.05.2025 द्वारा निवेदन किया गया है। लक्ष्मी नगर गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना शिवराम योजना के भूखण्ड संख्या 25 क्षेत्रफल 200 व. ग. की लीज डीड दिनांक 08.03.2002 को श्री कमल चंद जैन पुत्र श्री घेवर चंद जैन के पक्ष में जारी किया गया। श्री कमल चंद जैन द्वारा मैसर्स जतिन बिल्डएस्टेट जरिये प्रो0 श्री लालचन्द लालवानी पुत्र श्री केवलराम लालवानी एवं श्री विनय गुप्ता पुत्र श्री श्याम बाबु गुप्ता को भूखण्ड संख्या 25 क्षेत्रफल 200 व.ग. में से भूखण्ड संख्या 25 उत्तरी हिस्सा क्षेत्रफल 100 व.ग. का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 26.07.2023 के द्वारा किया गया है। श्री कमल चंद जैन द्वारा मैसर्स जतिन बिल्डएस्टेट जरिये प्रो. श्री लालचन्द लालवानी पुत्र श्री केवलराम लालवानी एवं श्री विनय गुप्ता पुत्र श्री श्याम बाबु गुप्ता को भूखण्ड संख्या 25 क्षेत्रफल 200 व.ग. में से भूखण्ड संख्या 25ए दक्षिणी हिस्सा क्षेत्रफल 100 व.ग. का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 26.07.2023 के द्वारा किया गया है। मैसर्स जतिन बिल्डएस्टेट जरिये प्रो. श्री लालचन्द लालवानी पुत्र श्री केवलराम लालवानी एवं श्री विनय गुप्ता पुत्र श्री श्याम बाबु गुप्ता द्वारा श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी श्री रमेश कुमार गोयल को भूखण्ड संख्या 25 उत्तरी हिस्सा क्षेत्रफल 100 व.ग. एवं भूखण्ड संख्या 25ए दक्षिणी हिस्सा क्षेत्रफल 100 व.ग. का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 01.09.2023 के द्वारा किया गया है इत्यादि अपलोड किये गये है। उक्त भूखण्ड के स्वामित्व के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य इस कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

उपायुक्त जोन-9
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

www.jda.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक : एफ ()जविप्रा/उपा/जोन-11/2025/डी-5970 दिनांक : 6.6.25

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदित श्री सुरेन्द्र शर्मा पुत्र श्री प्रकाश चन्द शर्मा, जाति ब्राहमण, ग्राम भम्भोरिया, तहसील सांगानेर जिला जयपुर राजस्थान 302026 के द्वारा सेज पुनर्वास योजना ग्राम भम्भोरिया के आवासीय भूखण्ड संख्या 665 क्षेत्रफल 60 वर्गमीटर के आवंटन पत्र हेतु आवेदन किया गया है। सेज पुनर्वास योजना ग्राम भम्भोरिया के आवासीय भूखण्ड संख्या 189 क्षेत्रफल 600 वर्गमीटर भूमि में से आवंटन से शेष क्षेत्रफल 60 वर्गमीटर भूमि की एवज में लॉटरी दिनांक 12.08.2024 से सेज पुनर्वास योजना ग्राम भम्भोरिया के आवासीय भूखण्ड संख्या 665 क्षेत्रफल 60 वर्गमीटर का आवंटन श्रीमती नीति हजेला पत्नी श्री देवेन्द्र कुमार हजेला को किया गया है। (1) श्रीमती नीति हजेला पत्नी श्री देवेन्द्र कुमार हजेला द्वारा उक्त भूखण्ड में से शेष बची 60 वर्गमीटर भूमि जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 27.02.2023 से श्री अंशुल शर्मा पुत्र श्री मुकेश कुमार शर्मा को विक्रय कर दी गई। (2) श्री अंशुल शर्मा पुत्र श्री मुकेश कुमार शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड में से शेष बची 60 वर्गमीटर भूमि जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से श्री पार्थ माहेश्वरी पुत्र श्री मनोज हरकुट को विक्रय कर दी गई है। (3) श्री पार्थ माहेश्वरी पुत्र श्री मनोज हरकुट द्वारा उक्त भूखण्ड में से शेष बची 60 वर्गमीटर भूमि की एवज में आवंटित सेज पुनर्वास योजना ग्राम भम्भोरिया के आवासीय भूखण्ड संख्या 665 क्षेत्रफल 60 वर्गमीटर जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 16.04.2025 से श्री शम्भुदयाल शर्मा पुत्र श्री सत्यनारायण शर्मा को विक्रय कर दी गई है। (4) श्री शम्भुदयाल शर्मा पुत्र श्री सत्यनारायण शर्मा द्वारा सेज पुनर्वास योजना ग्राम भम्भोरिया के आवासीय भूखण्ड संख्या 665 क्षेत्रफल 60 वर्गमीटर जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 202503021109229 दिनांक 24.04.2025 से श्री सुरेन्द्र शर्मा पुत्र श्री प्रकाश चन्द शर्मा को विक्रय कर दी गई है। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड के नाम हस्तांतरण/लीजडीड किये जाने के संबंध में किसी व्यक्ति / फर्म/ कम्पनी / संस्था एवं अन्य को आपत्ति हो तो यह सूचना जारी होने के 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

उपायुक्त जोन-11
जविप्रा, जयपुर

# चीन ने कीमती-धातुओं की सप्लाई रोकी, स्विफ्ट का रुका प्रोडक्शन

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** चीन की ओर से कीमती धातुओं (रेयर अर्थ मटेरियल) के एक्सपोर्ट पर पाबंदी लगाने का सीधा असर दुनिया की ऑटो इंडस्ट्री पर दिखने लगा है। मारुति सुजुकी की पैरेंट कंपनी सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन को जापान में अपने पॉपुलर मॉडल स्विफ्ट का प्रोडक्शन रोकना पड़ा है।

वहीं, यूरोप की भी कुछ ऑटो कंपनियों ने प्रोडक्शन रोक दिया है। इसमें फोर्ड, निसान, बीएमडब्ल्यू और मर्सिडीज जैसी कंपनियां शामिल हैं। चीन की पाबंदी का असर भारतीय ऑटोमोबाइल सेक्टर पर भी पड़ेगा। इसलिए अगले हफ्ते एक भारतीय दल चीन जाएगा। रॉयटर्स एशिया की रिपोर्ट के अनुसार स्विफ्ट के प्रोडक्शन पर रोक 26 मई से शुरू हुई थी। हालांकि, इसके स्पोर्ट मॉडल का प्रोडक्शन जारी है। सुजुकी ने



ऑफिशियल तौर पर इसके पीछे कोई कारण नहीं बताया है, लेकिन रिपोर्ट से पता चला है कि कंपनी ने यह कदम चीन की ओर से कीमती धातुओं पर लगाए गए प्रतिबंध के कारण उठाया है। निसान ने कहा है कि वो जापानी सरकार के साथ मिलकर स्थिति से निपटने के उपाय तलाश रहा है। निसान के सीईओ इवान एस्पिनोसा ने कहा, हमें भविष्य के लिए सप्लाई सोर्स के ऑप्शन खोजने होंगे और फ्लेक्सिबिलिटी बनाए रखनी होगी।

### चीन की पाबंदियां बनी रहीं, तो महंगी होंगी ईवी

अगर चीन की पाबंदियां बनी रहीं, तो ग्लोबल लेवल पर इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने वाली कंपनियों पर इसका असर देखने को मिलेगा। कच्चे माल की कीमतें बढ़ेंगी, जिससे गाड़ियों के दाम भी ऊपर जा सकते हैं। भारत सहित सभी बाजारों में भी इसका असर धीरे-धीरे दिखेगा। भारत में विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि चीन से इम्पोर्ट जल्द शुरू न हुआ तो इलेक्ट्रिक और आईसीई वाहनों के कारखानों का प्रोडक्शन रुक सकता है।

### अगले हफ्ते चीन जाएगा भारतीय डेलिगेशन

भारत अगले हफ्ते चीन में ऑटो इंडस्ट्री का एक हाई लेवल डेलिगेशन भेजेगा, जिसमें सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह दल चीन के अधिकारियों से रेयर अर्थ मटेरियल के शिपमेंट के लिए तेजी से मंजूरी देने के लिए बातचीत करेगा, जो ऑटोमोटिव इंडस्ट्री के लिए जरूरी हैं। वहीं, भारतीय विदेश मंत्रालय बीजिंग में भारतीय दूतावास के जरिए सप्लाई की समस्याओं को हल करने में जुटे हैं।

यूरोपीय ऑटोमोटिव सप्लायर्स एसोसिएशन के अनुसार, फोर्ड ने मई के अंत में एक्सप्लोरर एसयूवी के लिए अपनी शिकागो असेंबली लाइन को अस्थायी रूप से बंद कर दिया था और यूरोपीय पार्ट्स सप्लायर्स ने भी अपना ऑपरेशन बंद करना शुरू कर दिया है।मर्सिडीज-बेंज के प्रोडक्शन प्रमुख जॉर्ग बर्जर ने कहा, वह सप्लायर्स के साथ लगातार बातचीत कर रहे हैं और प्रमुख कंपोनेंट्स को स्टॉक करने पर विचार कर रहे हैं। बीएमडब्ल्यू ने माना है कि उसकी कुछ सप्लाई चेन पहले से ही प्रभावित हो रही हैं।

# क्रिसिल की रिपोर्ट: आम आदमी की थाली 6 फीसदी हुई सस्ती

## सब्जियों और चिकन की कीमतें घटने से मिली राहत

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** सब्जियों और चिकन की कीमतें घटने से घर में पकाई जाने वाली आम आदमी की थाली 6 फीसदी तक सस्ती हो गई है। क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, शाकाहारी थाली की कीमत मई, 2024 के 27.80 रुपए से कम होकर इस साल मई में 26.20 रुपए रह गई। चिकन के भाव घटने से मांसाहारी थाली भी 55.9 रुपए से घटकर 52.6 रुपए रह गई। रिपोर्ट के अनुसार, मासिक आधार पर शाकाहारी थाली की कीमत करीब स्थिर रही है। हालांकि,



मांसाहारी थाली की कीमत दो फीसदी घटी है। दरअसल, सब्जियों की हालिया घटी कीमत ने शाकाहारी थाली के दाम घटाने में मदद की। टमाटर की कीमतें 33 रुपए प्रति किलोग्राम से 29 फीसदी गिरकर 23 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गईं। बता दें कि पिछले साल पश्चिम बंगाल में फसल को हुए नुकसान और बेमौसम बारिश के कारण प्याज और आलू की कीमतों में क्रमशः 15 फीसदी और 16 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई थी। आयात शुल्क में बढ़ोतरी के कारण वनस्पति तेल की कीमतों में 19 फीसदी की वार्षिक वृद्धि और गैस सिलेंडर की कीमत में 6 फीसदी की सालाना वृद्धि ने थाली की लागत में और गिरावट को रोक दिया। मांसाहारी थाली के दाम तय करने में चिकन की कीमतों का 50 फीसदी योगदान होता है।

इस बार फॉर्म 16 में हुए कई बड़े बदलाव

## अब टैक्स फाइलिंग पहले से और आसान व पारदर्शी

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** हर साल की तरह इस साल भी अभी देश में इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने का दौर चल रहा है। लेकिन इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने के लिए नौकरीपेशा कर्मचारियों के लिए सबसे जरूरी डॉक्यूमेंट है फॉर्म 16 इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए फॉर्म 16 में कुछ अहम बदलाव किए गए हैं, जो टैक्सपेयर्स को उनकी टैक्स फाइलिंग में मदद करेंगे। ये बदलाव जुलाई 2024 के बजट में किए गए ऐलानों का ही हिस्सा हैं, जिनका मकसद लोगों के लिए टैक्स सिस्टम को और पारदर्शी व आसान बनाना है।

फॉर्म 16 एक ऐसा डॉक्यूमेंट है, जो हर सैलरीड कर्मचारी को उसका एम्प्लॉयर देता है। ये एक तरह का सर्टिफिकेट है, जिसमें आपकी सैलरी, उस पर काटा गया टैक्स और दूसरी जरूरी टैक्स-संबंधी सभी जानकारी का पूरा हिसाब किताब होता है। इसे इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के नियमों के तहत हर साल 15 जून तक कर्मचारियों को देना जरूरी होता है।

# एलन मस्क और ट्रंप के विवाद से टेस्ला का नुकसान निवेशक सहमे तो कंपनी के शेयर 14 फीसदी गिरे

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप के बीच विवाद की खबरों के बीच इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी टेस्ला को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। कंपनी के शेयरों में गुरुवार को भारी गिरावट दर्ज की गई। एलन मस्क कंपनी के सीईओ हैं। यह गिरावट निवेशकों के बीच यह डर बढ़ने के कारण आई है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनके विवाद से कंपनी को नुकसान झेलना पड़ेगा। अमेरिका के राष्ट्रपति की ओर से प्रस्तावित बजट बिल पर मस्क की असहमति और मस्क-ट्रंप के जुबानी जंग के बीच टेस्ला के शेयर 14 फीसदी से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए। मस्क के यह कहने के बाद कि ट्रम्प उनकी मदद के बिना जीत नहीं पाते, ट्रम्प ने संकेत दिया कि वह संघीय सरकार को टेस्ला व स्पेसएक्स सहित मस्क की सभी कंपनियों के खिलाफ कर सकते हैं। ट्रंप ने अपनी सोशल मैसेजिंग सर्विस ट्रूथ सोशल पर लिखा,



हमारे बजट, अरबों-खरबों डॉलर में पैसे बचाने का सबसे आसान तरीका एलन की सरकारी सब्सिडी और अनुबंधों को खत्म करना है। मुझे हमेशा आश्चर्य होता था कि बाइडन ने ऐसा क्यों नहीं किया।

### 152 अरब डॉलर घट गया टेस्ला का मार्केट कैप

टेस्ला के शेयरों में गुरुवार को आई तेज गिरावट से कंपनी का मार्केट कैपिटलाइजेशन 152 अरब डॉलर घट गया। कंपनी का मार्केट कैप 1 ट्रिलियन डॉलर के नीचे 916 अरब डॉलर पर पहुंच गया। टेस्ला के मार्केट कैप में एक दिन में आई यह सबसे बड़ी गिरावट है। टेस्ला के शेयरों में आई गिरावट से एलन मस्क की दौलत 34 अरब डॉलर घट गई है। ट्रंप से निवेशकों को डर है कि ट्रम्प शायद अमेरिका में स्वचालित कारों के भविष्य की शुरुआत करने में इतनी जल्दी में नहीं हैं, और इससे टेस्ला को नुकसान हो सकता है, वेडबश सिक्योरिटीज के विश्लेषक डैन इव्स ने कहा, डर है कि ट्रंप स्वायत्तता के मामले में मिस्टर नाइस गाइ की भूमिका नहीं निभाएंगे। रोबोटैक्सिस का पूरा लक्ष्य अगले साल 20 या 25 शहरों में रोबोटैक्सिस को लाना है। सरकारी अनुबंधों में कटौती करने की ट्रंप की धमकी मस्क के दूसरे कारोबार स्पेसएक्स पर ज्यादा लक्षित लगती है, जो उनकी निजी स्वामित्व वाली रॉकेट कंपनी है। इसे अंतरिक्ष यात्रियों और कार्गो को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजने, सैटेलाइट लॉन्चिंग और नासा के लिए अन्य काम करने के लिए अरबों डॉलर मिले हैं। कंपनी वर्तमान में अंतरिक्ष एजेंसी के लिए एक मेगा रॉकेट विकसित करने की दौड़ में है, ताकि अगले साल अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर भेजा जा सके।

## सेंसेक्स 747 अंक उछला, निफ्टी 25000 के पार

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** रेपो रेट और सीआरआर में कटौती जैसे फैसलों ने बाजार में निवेशकों को आकर्षित किया।

आरबीआई गवर्नर के ऐलान के बाद उनकी ओर से मजबूत खरीदारी की गई जिसका पॉजिटिव असर प्रमुख बेंचमार्क सूचकांकों पर पड़ा। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स और निफ्टी लगातार तीसरे दिन हरे निशान पर बंद होने में सफल रहे। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 746.95 अंक या 0.92 प्रतिशत चढ़कर 82,188.99 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 252.15 अंक या 1.02 प्रतिशत बढ़कर 25,003.05 अंक पर आ गया। बैंक निफ्टी में भी मजबूती बढ़त दिखी और यह 817.55 अंक चढ़कर 56,578.40 के स्तर पर बंद हुआ।

# वित्त वर्ष 2026 के लिए जीडीपी अनुमान 6.5 पर बरकरार, एमपीसी के बाद बोले आरबीआई गवर्नर

## वैश्चिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार जून महीने की एमपीसी के फैसलों का एलान किया। इस दौरान केंद्रीय बैंक के मुखिया ने बताया कि चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि अनुमान को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती, स्थिरता और नए अवसरों की तस्वीर पेश करती है।

आरबीआई गवर्नर ने बताया कि वित्त वर्ष 2026 के विकास अनुमानों की तुलना वित्त वर्ष 2024-25 में दर्ज 6.5 प्रतिशत आर्थिक विकास से की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने जून तिमाही के लिए 6.5 प्रतिशत और सितंबर तिमाही के लिए 6.7 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान जताया है। वित्त वर्ष 26 की दिसंबर और मार्च तिमाहियों के लिए, जीडीपी वृद्धि क्रमशः 6.6 प्रतिशत और 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। एमपीसी ने शुक्रवार को बेंचमार्क



नीति दर में 50 आधार अंकों की कटौती कर इसे 5.5 प्रतिशत कर दिया और कहा कि ब्याज दरों में अग्रिम कटौती से आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा, चूंकि वैश्विक माहौल अनिश्चित बना हुआ है, इसलिए मूल्य स्थिरता के बीच घरेलू स्तर पर विकास पर ध्यान देना और भी महत्वपूर्ण हो गया है। इसे देखते हुए, आज के फैसले को विकास को नए रास्ते पर ले जाने की दिशा में एक कदम के रूप में देखा जाना चाहिए। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि पूंजी प्रवाह और विनिमय दरों में बढ़ती अस्थिरता के बीच, उभरते बाजारों के केंद्रीय बैंकों के पास वैश्विक चुनौतियों के खिलाफ अपनी अर्थव्यवस्थाओं को स्थिर रखने कठिन जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, इस वैश्विक परिवेश में, भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती, स्थिरता और अवसर की तस्वीर पेश करती है... बुनियादी बातों का यह मैट्रिक्स भारतीय अर्थव्यवस्था को तेज गति से बढ़ने के लिए आवश्यक ताकत प्रदान करता है।

# भगोड़े मेहुल चोकसी पर शिकंजा! कुर्क होंगे म्यूचुअल फंड अकाउंट्स

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने गीतांजलि



जेम्स के शेयरों में भेदिया कारोबार नियमों के उल्लंघन मामले में 2.1 करोड़ रुपए का बकाया वसूलने के लिए फरार हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के बैंक खातों, शेयरों एवं म्यूचुअल फंड को कुर्क करने का आदेश दिया है। सेबी ने यह कदम 15 मई को चोकसी को भेजे गए एक नोटिस के बाद उठाया गया है, जिसमें 15 दिन के भीतर भुगतान न करने पर संपत्ति के साथ बैंक खाते भी जब्त करने की चेतावनी दी गई थी। चोकसी ने गीतांजलि जेम्स लिमिटेड के शेयरों में भेदिया कारोबार नियमों के उल्लंघन मामले में जनवरी, 2022 में सेबी द्वारा लगाए गए जुर्माने का भुगतान नहीं किया था जिसके बाद यह नोटिस जारी किया गया था। चोकसी गीतांजलि जेम्स का चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक होने के साथ प्रवर्तक समूह का हिस्सा भी था। दोनों पर सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक से 14,000 करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप है। वर्ष 2018 की शुरुआत में पीएनबी घोटाला सामने आने के बाद चोकसी और मोदी दोनों ही भारत से भाग गए थे। भारतीय जांच एजेंसियों द्वारा प्रत्यर्पण अनुरोध के बाद अप्रेल में चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया था। वहीं नीरव मोदी को स्कॉटलैंड यार्ड पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वर्तमान में वह उस देश की जेल में है। सेबी ने चार जून, 2025 को जारी जब्ती नोटिस में कहा कि 2.1 करोड़ रुपए के लंबित बकाया में 1.5 करोड़ रुपए का शुरुआती जुर्माना और 60 लाख रुपए का ब्याज शामिल है।

इंडिया वेल्थ सर्वे | 43 फीसदी नहीं बचा पा रहे 20 फीसदी आय, सर्वे में सामने आई चौंकाने वाली हकीकत

# चिंताजनकः भारत के 40 फीसदी अमीर कर्ज में डूबे

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और शेयर बाजारों में उछाल के बावजूद बड़ी संख्या में देश के हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल (एचएनआई) यानी बेहद अमीर भी वित्तीय लक्ष्यों को हासिल करने में नाकाम हो रहे हैं। इन वित्तीय लक्ष्यों में बच्चों की पढ़ाई से लेकर सेवानिवृत्ति फंड जुटाना शामिल है। चिंताजनक बात है कि कमाई में तेज वृद्धि के बावजूद ज्यादातर एचएनआई पर्याप्त बचत नहीं कर पा रहे हैं और इनमें से 40 फीसदी भारी कर्ज से जूझ रहे हैं।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) नियंत्रित मार्सेलस इन्वेस्टमेंट और डन एंड ब्रैडस्ट्रीट की इंडिया वेल्थ सर्वे-2025 रिपोर्ट में कहा गया है कि सीमित



बचत, भारी कर्ज और अमीरों के बीच वित्तीय योजना की कमी चिंताजनक तस्वीर पेश करती है। शेयर बाजार में रिकॉर्डतोड़ तेजी के बावजूद भारतीय एचएनआई अपनी सीमित आर्थिक प्रगति से असंतुष्ट और निराश महसूस कर रहे हैं। करीब 43 फीसदी एचएनआई टैक्स चुकाने के बाद अपनी कमाई का 20 फीसदी हिस्सा भी नहीं बचा पा रहे हैं। 30 से 45 साल के अमीरों में यह समस्या और गंभीर है। कर्ज के मोर्चे पर रिपोर्ट में कहा गया है कि 30-45 साल के 50 फीसदी एचएनआई उधारी में डूबे हैं, जो उन्हें सेवानिवृत्ति फंड जुटाने, मकान खरीदने और बच्चों की शिक्षा जैसे बड़े वित्तीय लक्ष्य बनाने से रोक रहा है।

यह सर्वे देश के मेट्रो, टियर-1 और टियर-2 शहरों के 30 साल से अधिक उम्र के 465 लोगों पर किया गया है, जिनकी टैक्स चुकाने के बाद सालाना आय 20 लाख से ज्यादा है। एचएनआई का मतलब उस व्यक्ति से है, जिसके पास 5 करोड़ से अधिक की निवेश योग्य संपत्ति है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकतर एचएनआई की महत्वाकांक्षाएं बड़ी हैं। मसलन, 75 फीसदी अमीर अपने बच्चों की शिक्षा और शादी का खर्च उठाना चाहते हैं, जबकि 40 फीसदी की मकान खरीदने या व्यवसाय शुरू करने की योजना हैं। कई लोग जल्द सेवानिवृत्त होने का सपना भी देखते हैं, लेकिन इनमें से बहुत कम अमीरों के पास कोई ठोस वित्तीय योजना है।

**रियल एस्टेट सबसे पसंदीदा निवेश विकल्पः** रियल एस्टेट अब भी सबसे पसंदीदा निवेश विकल्प है। आधे से ज्यादा एचएनआई ने अपनी संपत्ति का 20 फीसदी से अधिक हिस्सा रियल एस्टेट में लगाया है। सिर्फ एक तिहाई ने शेयर बाजार में इतना निवेश किया है। 25 फीसदी को वैश्विक निवेश की जानकारी ही नहीं है।

### सुझावः समस्याओं से निजात के तीन समाधान

एचएनआई को इन परेशानियों से निजात दिलाने के लिए रिपोर्ट में तीन समाधान सुझाए गए हैं। इनमें निशुल्क व्यक्तिगत लक्ष्य नियोजन, परिसंपत्ति आवंटन व विविध पोर्टफोलियो (जिसमें वैश्विक शेयर शामिल हों) तक पहुंच व निवेश यात्रा के दौरान निरंतर समर्थन का प्रस्ताव शामिल हैं। रिपोर्ट से स्पष्ट संदेश मिलता है कि भारतीय अमीरों को ज्यादा बचत करनी होगी। सपनों को हकीकत में बदलने के लिए अपने निवेश को बेहतर तरीके से फैलाना होगा।

### वित्तीय सलाहकारों से भी नहीं हैं संतुष्ट

87 फीसदी एचएनआई बाहरी वित्तीय सलाहकारों की मदद लेते हैं, इनमें से दो-तिहाई लोग इनसे नाखुश हैं। सलाहकार कमीशन वाले उत्पाद बेचते हैं और उनकी जरूरतों को समझकर सलाह नहीं देते। 82 फीसदी अमीर मानते हैं कि बेहतर योजना से वे वित्तीय लक्ष्यों को हासिल कर सकते हैं।

आरबीआई की ब्याज दरों में कटौती का फोर्टी ने किया स्वागत

## कमर्शियल बैंक भी लोन की ब्याज दरों में करें कटौती : सुरेश अग्रवाल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति की बैठक में रेपो रेट में 0.5 प्रतिशत और सीआरआर में 1 प्रतिशत कम करने का फैसला किया है। फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) ने आरबीआई के फैसले का स्वागत किया है। फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल का कहना है कि आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को देखते हुए साहसी कदम उठाया है। रिजर्व बैंक की ओर से दरें कम करने से कमर्शियल बैंकों के पास वित्तीय उपलब्धता बढ़ेगी और इसका लाभ आम उपभोता, व्यापारी और नौकरीपेशा सभी को मिलेगा। कई बार देखा गया है कि आरबीआई की ओर से रेपो रेट कम करने पर भी कमर्शियल बैंक ब्याज दर में कटौती नहीं करते हैं। इसलिए फोर्टी की ओर से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से अपील है कि कमर्शियल बैंकों को इस ब्याज की दर कम करने के लिए गाइडलाइन दी जाए, ताकि उनके घर, कार और व्यावसायिक लोन की ईएमआई कम होने से आरबीआई की पूरी राहत आम उपभोक्ताओं तक पहुंच सके।



## आरबीआई ने बदले नियम : अब गोल्ड पर मिलेगा ज्यादा लोन

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने गोल्ड लोन के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। रिजर्व बैंक ने 2.5 लाख रुपए तक के गोल्ड लोन पर लोन-टू-वैल्यू रेश्यो 75 फीसदी से बढ़ाकर 85 फीसदी कर दिया है। इस फैसले से गोल्ड लोन देने वाली कंपनियों के शेयरों में तेजी देखने को मिली है। इस फैसले के बाद मुथूट फाइनेंस, मणपुरम फाइनेंस और आईआईएफएल फाइनेंस के शेयरों में 2 फीसदी से 7 फीसदी तक की तेजी देखी गई। अब 1 लाख रुपए की गोल्ड वैल्यू पर 85,000 रुपए तक लोन मिल सकेगा, पहले यह सीमा 75,000 रुपए थी। 2.5 लाख रुपए तक के छोटे गोल्ड लोन पर क्रेडिट अप्रेजल की जरूरत नहीं होगी, यानी कागजी कार्रवाई कम होगी और लोन जल्दी मिलेगा। इससे छोटे कर्जदार खासकर ग्रामीण और छोटे शहर वाले इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए के लिए लोन लेना और आसान हो जाएगा।

**7 फीसदी तक चढ़े गोल्ड लोन देने वाली कंपनियों के शेयर :** आरबीआई के नए फैसले से गोल्ड लोन देने वाली कंपनी मुथूट फाइनेंस के शेयर में 7 फीसदी की तेजी रही। शेयर 2,454 रुपए के के स्तर पर बंद हुआ है। इसके अलावा मणप्पुरम फाइनेंस का शेयर 5.64 फीसदी बढ़कर 247 रुपए तक पहुंच गया। आईआईएफएल फाइनेंस का शेयर भी 5.20 फीसदी चढ़कर 451 रुपए पर आ गया है।

**वित्त मंत्रालय ने आरबीआई को सुझाव दिया था :** इस पहले वित्त मंत्रालय ने आरबीआई को सुझाव दिया था कि 2 लाख रुपए तक के गोल्ड लोन को सख्त नियमों से छूट दी जाए, ताकि छोटे कर्जदारों को जल्दी लोन मिल सके। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा, नए नियमों से गोल्ड लोन सेक्टर में पारदर्शिता और लचीलापन आएगा। फाइनल गाइडलाइंस सोमवार तक जारी हो जाएगी।

## सर्राफा बाजार में तेजी : स्टैंडर्ड सोने की कीमत फिर एक लाख पार

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** वैश्विक बाजार में हो रहे बदलाव के बाद सोने और चांदी की कीमत में एक बार फिर तेजी का सिलसिला शुरू हो गया है। शुक्रवार को चांदी की कीमत अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ 1 लाख 7 हजार 800 रुपए के उच्चतम शिखर पर पहुंच गई है। वहीं, स्टैंडर्ड सोने की कीमत भी फिर एक बार लाख रुपए को पार कर गई है। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार आने वाले दिनों में सोने और चांदी दोनों की कीमत में और तेजी आ सकती है।

जयपुर सर्राफा कमेटी की ओर से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत एक लाख हजार 100 रुपए पर आ गई है। 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत 93 हजार 800 रुपए पहुंच गई है। सोना 18 कैरेट 79 हजार 600 रुपए प्रति दस ग्राम और 14 कैरट 62 हजार 700 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी रिफाइन की कीमत एक लाख 7 हजार 800 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है।

सर्राफा व्यापारी भवानी सिंह ने बताया कि दुनियाभर के बाजार में जारी अस्थिरता की वजह से फिलहाल चांदी की कीमत में रिकॉर्ड तेजी आई है। जिसके बाद चांदी की कीमत ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए है। ऐसे में अगले कुछ दिनों में चांदी की कीमत बढ़ाकर एक लाख 10 हजार रुपए जबकि सोने की कीमत फिर से एक लाख 3 हजार रुपए को पार जा सकती है। ऐसे में जो लोग सोने और चांदी में निवेश करना चाहते हैं। फिलहाल उन्हें थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है।

## सीआरआर में भी कटौती, बैंकिंग सिस्टम में आएंगे 2.5 लाख करोड़

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** सीआरआर वह हिस्सा है जो हर बैंक को अपनी कुल राशि का हिस्सा कैश के रुप में आरबीआई के पास रखना होता है। इससे आरबीआई को यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि बैंकिंग सिस्टम में ज्यादा पैसा एक साथ बाहर न निकले, जिससे वित्तीय स्थिरता बनी रहे। 6 जून को एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आरबीआई ने सीआरआर में 100 आधार अंकों की कटौती की घोषणा की, जो 4 फीसदी से घटकर 3 फीसदी हो गया, जिसे 25 आधार अंकों की चार किस्तों में लागू किया जाएगा। इस कदम से बैंकिंग सिस्टम में 2.5 लाख करोड़ रुपए आने की उम्मीद है, जिससे लिक्विडिटी बढ़ेगी और लोन फ्लो को समर्थन मिलेगा। गवर्नर ने कहा कि सीआरआर में कटौती 6 सितंबर, 4 अक्टूबर, 1 नवंबर और 29 नवंबर 2025 से शुरू होने वाले पखवाड़े से शुरू होगी।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube



# तेज रफ्तार थार ने बाइक सवार युवक को उड़ाया, मौत



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** चाकसू थाना इलाके में नेशनल हाईवे-52 के टिगरिया चौराहे पर तेज रफ्तार थार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक सवार उछलकर 200 मीटर दूर जा गिरा, जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बेकाबू होकर थार डिवाइडर पर चढ़ गई। थार का ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि थार का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें थार की टक्कर से बाइक सवार उछलता नजर आ रहा है। एसएचओ मनोहर लाल ने बताया कि बाइक सवार युवक चाकसू से मंडालिया रोड की तरफ जाने के लिए हाईवे क्रॉस कर रहा था। इस दौरान जयपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार थार ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार दूर जाकर गिरा, जबकि थार बेकाबू होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे के बाद लोगों ने चाकसू पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। बाइक सवार को एंबुलेंस से उपजिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हुई है। पुलिस ने थार को जब्त कर लिया है। ड्राइवर की तलाश कर रही है।

## शादी का झांसा देकर दोस्त 2 साल तक करता रहा देहशोषण

**जयपुर (मसं)।** मुहाना थाना इलाके में दोस्ती कर एक युवती से रेप का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपी दोस्त ने शादी करने का वादा किया। पिछले दो साल तक शादी करने का झांसा देकर देहशोषण करता रहा। इस पर पीड़ित युवती ने मुहाना थाने में आरोपी दोस्त के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसएचओ मुहाना कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि मुहाना की रहने वाली 20 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि करीब दो साल पहले उसकी मुलाकात आरोपी से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने उससे दोस्ती कर ली। दोस्ती कर आरोपी ने उससे मिलना-जुलना शुरू कर दिया। आरोप है कि मिलने के बहाने आरोपी ने उसे बुलाया। मिलने जाने पर अकेला पाकर आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर शादी करने का वादा कर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी पिछले दो साल तक शादी करने का झांसा देकर उसका देहशोषण करता रहा। शादी करने का दबाव बनाने पर आरोपी ने मना कर दिया। धोखे का एहसास होने पर पीड़िता ने आरोपी दोस्त के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

## विद्युत पोल से भिड़ी बाइक, करंट से लगी आग, युवक जिंदा जला

महानगर संवाददाता

**श्रीगंगानगर।** जिले में करंट लगने से बाइक समेत युवक जिंदा जल गया। युवक बाइक लेकर 31 बीबी गांव से निकल रहा था। इस दौरान अचानक उसकी बाइक फिसल गई और बिजली के पोल से टकरा गई। बिजली के पोल में करंट आने से बाइक में आग लग गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत बिजली विभाग को सूचना देकर बिजली सप्लाई बंद करवाई, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। आग में युवक जिंदा जल गया। हादसे की सूचना पर गजसिंहपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका-मुआयना किया। थानाधिकारी सिर कौर ने बताया कि मरने वाला जगदीप सिंह पुत्र बलविंदर सिंह पदमपुर का रहने वाला था। पोल में करंट होने के कारण युवक और बाइक करंट की चपेट में आ गए। बाइक में आग लगने से युवक जिंदा जल गया। ग्रामीणों का कहना है कि युवक सब्जी बेचने का काम करता था और रोजाना गांव में फेरी लगाने आता था। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली के पोल में करंट आने की वजह शॉर्ट सर्किट या पोल की खराब वायरिंग है। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग की लापरवाही के कारण हादसा होने की बात कही।

## युवक ने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर किया सुसाइड

महानगर संवाददाता

**माउंट आबू।** माउंट आबू के मांचगांव क्षेत्र में एक युवक ने पंखे से लटककर सुसाइड कर लिया। युवक की पहचान तौशिक बैरवा पुत्र दिनेश चंद्र बैरवा के रूप में हुई है। युवक की बहन जयश्री के अनुसार तौशिक उससे बात करने के बाद अपने कमरे में गया और दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। माउंट आबू थानाधिकारी प्रदीप डांगा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नीचे उतारा। अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. नवीन शर्मा ने पोस्टमॉर्टम के बाद पुष्टि की कि मौत का कारण फंदे से लटकने से दम घुटना था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### जयपुर-अजमेर हाईवे पर करीब 10 मिनट तक होता रहा रिसाव, पुलिस ने रोका ट्रैफिक, बड़ा हादसा टला

# ट्रक का वॉल टूटने से सीएनजी गैस लीक, दहशत का माहौल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर-अजमेर हाईवे पर देर रात एक बड़ा हादसा होने से टल गया। भांकरोटा इलाके में टोरेंट कंपनी के कॅरियर ट्रक के मैन पाइप का वॉल टूटने से सीएनजी गैस लीक हो गई। लीकेज के कारण करीब 10 मिनट तक सीएनजी गैस का रिसाव होता रहा, जिससे इलाके में दहशत का माहौल रहा। भांकरोटा थाना पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर ट्रैफिक को रुकवाया। समय रहते हाईवे से करियर ट्रक को बाईपास पर सुनसान जगह ले जाया गया। यहां सीएनजी गैस रिसाव रोकने के बाद पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली। चीफ फायर ऑफिसर गौतम लाल ने बताया कि हादसा देर रात करीब 1.15 बजे जयपुर-अजमेर हाईवे पर भांकरोटा में ओल्ड कार शोरुम के सामने हुआ। सीएनजी गैस के सिलेंडरों से भरा एक ट्रक भांकरोटा की ओर जा रहा था। इसी दौरान कार शोरुम के सामने से जाते समय सिलेंडर का वॉल लीक हो गया। इसके कारण सीएनजी गैस का रिसाव होने लगा। गैस रिसाव का पता चलने पर ड्राइवर ने तुरंत ट्रक को सड़क किनारे रोक लिया।



### ड्राइवर ने कपड़े से लीकेज कम करने का किया प्रयास

गैस लीक होने पर ड्राइवर ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही हाईवे पर मौजूद ट्रक ड्राइवरों की मदद से दोनों ओर का ट्रैफिक रुकवाया। पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस भी मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंचने पर ट्रक में कई सारे सीएनजी गैस सिलेंडर भरे हुए मिले। ट्रक ले जाते समय रास्ते में मैन पाइप का वॉल टूटने से सीएनजी गैस लीक होने के चलते रिसाव हो रहा था। ड्राइवर ने सूझबूझ के चलते कपड़े से गैस के लीकेज को कम करने का प्रयास किया।

### ट्रक को बाईपास पर सुनसान जगह ले गई पुलिस

हाईवे पर करीब 10 मिनट तक सीएनजी गैस का रिसाव होता रहा। पुलिस व फायर बिग्रेड के कर्मचारी हाईवे से करियर ट्रक को बाईपास स्थित सुनसान जगह ले गए। वहां लीकेज पाइप लाइन को मशक्कत कर सही कर गैस रिसाव को रोका गया। इसके बाद पुलिस-प्रशासन सहित मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। रिसाव से निकली सीएनजी गैस के हवा में आसनी से घुल जाने के कारण बड़ा हादसा होने से टल गया।

### एमबीबीएस के लिए जोधपुर एम्स में हुआ एडमिशन, दो डॉक्टरों समेत तीन गिरफ्तार

# नीट यूजी में 60 लाख में डमी कैंडिडेट बैठाकर बना डॉक्टर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** चौमूं थाना इलाके में नीट यूजी में डमी कैंडिडेट बैठाकर एग्जाम पास कराने के मामले में दो डॉक्टर और एक मेडिकल स्टूडेंट को गिरफ्तार किया है। इन्होंने एग्जाम पास कराने के लिए 60 लाख रुपए में सौदा किया था। डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि फर्जीवाड़े की सूचना मिलने पर एफआईआर दर्ज कर एसीपी चौमूं अशोक चौहान ने जांच शुरू की थी। इसके बाद पुलिस ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए डॉक्टर सुभाष सैनी निवासी जैतपुरा चौमूं, सचिन गोरा पुत्र हरदेव गोरा व अजीत गोरा पुत्र रामपाल गोरा निवासी लक्ष्मी विहार कचौलिया चौमूं को अरेस्ट किया। आरोपी सचिन गोरा वर्तमान में एमबीबीएस फाइनल ईयर एम्स जोधपुर का स्टूडेंट है। अजीत गोरा जगन्नाथ पहाड़िया मेडिकल कॉलेज भरतपुर से एमबीबीएस करने के बाद इंटर्नशिप कर रहा है। वहीं डॉक्टर सुभाष सैनी कॉमन हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) के पद पर घाटवा कुचामन नागौर में पोस्टेड है।



### डमी कैंडिडेट ने एग्जाम में हासिल किए 667 अंक

डमी कैंडिडेट के रूप में बैठे अजीत गोरा एग्जाम में 667 अंक हासिल किए थे। इसके लिए नीट यूजी में सचिन गोरा की जगह अजीत गोरा की फोटो लगाकर आवेदन किया गया था। सचिन गोरा का एमबीबीएस के लिए जोधपुर एम्स में दाखिला हो गया था। सचिन गोरा ने कभी नीट दिया ही नहीं था। फिलहाल पकड़े गए दो डॉक्टरों और एक मेडिकल स्टूडेंट से पूछताछ जारी है।

### सचिन की जगह अजीत ने दिया था एग्जाम

डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि सचिन गोरा ने साल-2020 में आयोजित नीट यूजी को पास करने के लिए डॉक्टर सुभाष सैनी से कॉन्टैक्ट किया। डॉक्टर सुभाष सैनी के जरिए 60 लाख रुपए में एग्जाम पास करवाने का सौदा किया गया। जांच में सामने आया कि सचिन की जगह अजीत गोरा ने डमी कैंडिडेट के रूप में बैठकर एग्जाम दिया था।

## अवैध संबंधों के चलते हत्यारे देवर और भाभी को भेजा जेल



महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** अपने ही पति की हत्या करने के मामले में पकड़ी गई पत्नी और मृतक के चचेरे भाई को कोर्ट ने जेल भेज दिया। दोनों ने मिलकर कुल्हाड़ी से वार कर हरदानराम की हत्या कर दी थी। दरअसल यशोदा पत्नी हरदानराम और हरदान के चचेरे भाई कालूराम में अवैध संबंध थे और दोनों बाड़मेर छोड़कर जैसलमेर के एक गांव में सालभर से साथ रह रहे थे। हरदान राम ने जब इसका विरोध किया, तब दोनों ने मिलकर हरदान राम की हत्या कर दी। सदर थाना पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट न दोनों को जेल भेज दिया। जैसलमेर एसपी सुधीर चौधरी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि भंवराराम पुत्र पूनमाराम जाट निवासी बाड़मेर ने एक रिपोर्ट सदर थाने में देकर अपने भाई की हत्या होने की बात कही। उसने बताया कि जैसलमेर जिले की सरहद चांपला गांव में एक ट्यूबवैल पर मेरे बड़े भाई हरदान राम की पत्नी यशोदा देवी व कालूराम पुत्र देवाराम दोनों ने मिलकर भाई हरदान राम के सिर में धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। हत्या की घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी सुधीर चौधरी के आदेशानुसार सदर थाना प्रभारी के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए हत्या के मामले का खुलासा किया। पुलिस टीम ने कालूराम व यशोदा देवी को पूछताछ कर गिरफ्तार किया गया। जांच के बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

## कांग्रेस की महिला नेता से अभद्रता करने पर डॉक्टर एपीओ

### सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए आई थी महिला



महानगर संवाददाता

**पाली।** जिला कांग्रेस की महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष रेखा परिहार के साथ अभद्र व्यवहार करने के मामले में बूसी के सरकारी अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रमेशचंद्र को सीएमएचओ डॉक्टर विकास मारवाल ने एक आदेश जारी कर शुक्रवार को एपीओ कर दिया। दरअसल कांग्रेस की पूर्व महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष रेखा परिहार को बीपी की तकलीफ हुई तो वह अपने भाई और अन्य रिश्तेदार के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बूसी में गुरुवार रात को पहुंचीं थीं। यहां कार्यरत डॉ. रमेश चन्द्र, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी व नर्सिंगकर्मी ने उसके साथ अभद्र व्यवहार व गाली-गलौज की और इलाज करने से मना कर दिया। डॉक्टर व कांग्रेस नेता के बीच विवाद का एक वीडियो भी सामने आया है। विवाद इतना गहराया कि पुलिस को भी बुलाना पड़ा। रात को रानी थाना पुलिस ने उनकी गाड़ी दिलवाई, तब जाकर वे इलाज के लिए पाली पहुंचे। पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा कांग्रेस रेखा परिहार का इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलने पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अजीज दर्द, कांग्रेस नेता चुन्नीलाल चाड़वास, पीसीसी सदस्य महावीर सिंह सुकरलाई आदि ने मामले में शुक्रवार को जिला कलेक्टर एलएन मंत्री को ज्ञापन सौंपा और दोषी डॉक्टर व नर्सिंगकर्मी के खिलाफ कार्रवाई को लेकर ज्ञापन दिया।

## ट्रक ने टैंकर को मारी टक्कर, चालक की मौत

महानगर संवाददा

**जयपुर।** पलवल में केएमपी एक्सप्रेस-वे पर हादसे में टैंकर चालक की मौत हो गई। युवक नोएडा जा रहा था। इस दौरान महेशपुर गांव के पास उसका टैंकर एक ट्रक से टकरा गया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मृतक मनोज जयपुर के प्रागपुरा का रहने वाला है। नोएडा जाते समय एक ट्रक ने टैंकर को टक्कर मार दी। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने एम्बुलेंस बुलाकर घायल चालक को जिला नागरिक अस्पताल पलवल पहुंचाया। चोटों की गंभीरता के कारण डॉक्टरों ने मनोज को मृत घोषित कर दिया। मृतक के बड़े भाई मोहन लाल की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

# भागने की कोशिश में रिटायर एएसआई के बेटे के हत्यारों के टूटे पैर

### पुलिस ने घटना स्थल की कराई तस्दीक, फरार अन्य आरोपियों तलाश जारी

महानगर संवाददाता

**चित्तौड़गढ़।** रिटायर्ड एएसआई के बेटे की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को जैसलमेर से गिरफ्तार किया है। पुलिस शुक्रवार को आरोपियों को उसी होटल में लेकर गई, जहां पूरी घटना हुई थी। जब आरोपियों को होटल में लाया गया था तो उनके पैरों में प्लास्टर बंधा था। डीएसपी शहर विनय चौधरी ने बताया कि जैसलमेर से लाते समय गंगरार के पास तीनों आरोपियों ने भागने की कोशिश की थी। पहले एक आरोपी टॉयलेट का बहाना कर भागा तो उसे पकड़ने के लिए 2 पुलिसकर्मी पीछे भागे। इस दौरान मौका पाकर 2 अन्य आरोपी भी भागने लगे। डीएसपी ने बताया कि एक आरोपी डिवाइडर पर लगी जाली को कूदकर भाग रहा था, लेकिन नाली में गिर गया। दूसरा आरोपी एक पुलिया से नीचे कूदा, इसके कारण उसका पैर फ्रैक्चर हो गया। तीसरे आरोपी का पैर भागते समय मुड़ गया। तीनों को पकड़कर जिला हॉस्पिटल में इलाज करवाया। फरार अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। एडिशनल एसपी सरिता सिंह ने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया कि हत्या बजरी परिवहन को लेकर चल रहे पुराने के विवाद के कारण की गई थी। दोनों पक्षों में पहले से तनातनी थी। उन्होंने बताया कि आरोपी घटना के बाद फरार हो गए थे। सूचना पर पुलिस ने जैसलमेर में ठिकानों पर दबिश देकर 2 नामजद आरोपी राशमी निवासी हर्षवर्धन सिंह व भीलवाड़ा निवासी मनोज चौधरी को पकड़ लिया।



### दो हिस्ट्रीशीटर समेत 10 आरोपियों की तलाश

मामले में कुल 13 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अब गंगरार निवासी ईश्वर सिंह चौहान, राजपाल सिंह, भैरू सिंह गुर्जर, गोपाल गुर्जर, कमल सिंह, विक्रम सिंह, भगवान सिंह, डगला का खेड़ा निवासी मोंटी सिंह उर्फ सत्यवीर सिंह, अजमेर निवासी राहुल, चंदेरिया निवासी कुलदीप सिंह, कपासन निवासी डिग्गी राज सिंह फरार है। पुलिस के अनुसार हमले में शामिल भैरूसिंह गुर्जर गंगरार थाने का हिस्ट्रीशीटर है। इसके अलावा ईश्वर सिंह भी हिस्ट्रीशीटर है।

# शराबी पति को छोड़ सहेली के साथ जिंदगी बिताएगी विवाहिता

### दोनों ने हमेशा साथ रहने का लिया फैसला, शादी के बारे में अभी नहीं किया विचार

महानगर संवददाता

**झुंझुनूं।** जिले के गुढ़ागौड़जी थाना इलाके के मैनपुरा गांव में 25 साल की विवाहिता अपने बेटे को लेकर 23 साल की सहेली अंजू के घर पहुंच गई। उसने आरोप लगाया कि पति शराब के नशे में मारपीट करता है। अंजू ने कहा कि दोनों ने हमेशा साथ रहने का फैसला लिया है। शादी के बारे में बाद में सोचेंगे। अंजू ने बताया कि दोनों जॉब की तलाश में 15 दिन के लिए बेंगलुरु भी जाकर आई हैं। पुलिस का कहना है कि दोनों बालिग हैं, साथ रहने का फैसला उनकी मर्जी पर निर्भर है। अंजू मैनपुरा की रहने वाली है। दोनों सहेलियां अंजू व रेणु फिलहाल मैनपुरा गांव में अंजू के घर ही रह रही हैं। रेणु के पीहर वालों ने 10 दिन पहले गोठड़ा थाने में बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लगाया कि एक सहेली उसे भगाकर ले गई है। इधर अंजू के गांव के लोगों ने गुढ़ागौड़जी पुलिस को सूचना दी कि दो लड़कियां साथ रह रही हैं। पुलिस मैनपुरा पहुंची तो दोनों ने कहा कि हमने साथ रहने का फैसला किया है। ऐसे में पुलिस और ससुराल वालों को बैरंग लौटना पड़ा।





### शादी के बाद शराब पीकर पीटने लगा पति

इस मामले में रेणु ने बताया कि उसका पीहर कोठी की ढाणी गांव में है। शादी करीब 5 साल पहले कालोटा गांव में हुई है। उसके 4 साल का बेटा है, जो उसके साथ ही है। शादी के कुछ समय बाद पति शराब पीकर पीटने लगा। वह शराब पीने का आदी है। वह उसके साथ नहीं रहना चाहती। पिछले महीने मैं अपने ससुराल से बेटे को लेकर भागकर अंजू के पास मैनपुरा गांव आ गई थी। अब अंजू के साथ ही रह रही हूं। न तो अपने पीहर जाना चाहती हूं और न ससुराल। हमने हमेशा साथ रहने का इरादा किया है। शादी के बारे में बाद में सोचेंगे। ससुराल वाले जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

### शादी समारोह में हुई दोस्ती प्यार में बदली

सहेली अंजू ने बताया कि हम दोनों 7-8 महीने से दोस्त हैं। कालोटा गांव में रिश्तेदारी में एक शादी समारोह में हम मिले थे, तब दोस्ती हुई थी। इसके बाद हम फोन पर बात करने लगे। हम दोनों में प्यार हो गया। अब जिंदगीभर साथ रहना है। घरवालों को भी रेणु के यहां रहने पर कोई आपत्ति नहीं है। अभी शादी के लिए बारे में नहीं सोचा है। शादी के बारे में बाद में सोचेंगे। यहां जान का खतरा है। इसलिए बाहर कहीं सेटल होने की सोच रहे हैं। हम 15 दिन के लिए जॉब की तलाश में बेंगलुरु भी जाकर आ चुके हैं।

### दोनों बालिग, कानून नहीं कर सकता अलग

इस मामले में गुढ़ागौड़जी थाने के हैड कांस्टेबल किशन ने बताया कि रेणु के ससुराल वालों को पता चला कि रेणु अपनी सहेली के घर मैनपुरा में है तो वे थाने पहुंचे। पुलिस टीम के साथ हम रेणु को लेने अंजू के घर पहुंचे, लेकिन रेणु ने ससुराल या पीहर जाने से साफ मना कर दिया। दोनों लड़कियां बालिग हैं। आपसी सहमति से साथ रहना चाहती हैं। इसमें कानून कुछ नहीं कर सकता। बाकी परिजन समझाइश में लगे हुए हैं। दोनों सहेलिया थाने पहुंचीं और बयान दर्ज कराए। यहां भी रेणु ने कहा कि वह अपनी सहेली के साथ रहना चाहती है।

## हाईवे पर खड़े ट्रेलर में घुसी तेज रफ्तार कार, 3 की मौत

### खाटूश्यामजी से दर्शन कर वापस लौट रहे थे घर

महानगर संवाददाता

**नीमराना।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले में नेशनल हाईवे-48 पर हुए कार एक्सीडेंट में 3 लोगों की मौत हो गई। इनमें 2 लोग हरियाणा के और एक उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। तीनों आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार कार सवार खाटूश्यामजी से दर्शन कर वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान शुक्रवार सुबह 3 बजे उनकी कार हाईवे किनारे खड़े ट्रेलर में घुस गई। नीमराना थाने के हैड कांस्टेबल सुरेश कुमार ने बताया कि एक्सीडेंट में सतीश गौड़ निवासी खांडसा गुरुग्राम, अंकुश सिंह निवासी सहारनपुर व गुरमीत सिंह निवासी अंबाला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, घायल वीरेंद्र शर्मा निवासी खांडसा गुरुग्राम का गुरुग्राम के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए नीमराना सीएचसी में रखवाया है। जानकारी के अनुसार तीनों मृतक गुरुग्राम की ही कंपनी में काम करते थे। हैड कांस्टेबल ने बताया कि हादसा इतना तेज था कि कार ट्रेलर में पूरी तरह फंस गई थी। जिसको क्रेन की मदद से खींच कर शवों को बाहर निकाला गया था। वहीं, हादसे के बाद करीब आधे घंटे की तक हाईवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को एक साइड कराकर यातायात सुचारू रूप से चालू करवाया।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


खुली जनसुनवाई में 182 से अधिक मामले सुने, कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर परिवादियों को दी राहत

# छाए रहे पेयजल, अतिक्रमण, पेंशन, स्थानांतरण जैसे मुद्दे

### पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश

महानगर संवाददाता

**बारां।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को जिला परिषद भवन बारां के प्रथम तल स्थित हॉल में खुली जनसुनवाई कर आमजन को मौके पर ही राहत प्रदान की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या टालमटोल रवैये को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता के काम समय पर होने चाहिए। जनसुनवाई के दौरान सभी ग्राम पंचायतों में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉ. ललित मीणा, कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर, पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी एवं सीईओ राजवीर सिंह चौधरी सहित सभी जिलास्तरीय विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री दिलावर ने एक-एक व्यक्ति की बात ध्यानपूर्वक सुनी और अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश देकर त्वरित कार्रवाई करने के आदेश दिए। जनसुनवाई के दौरान पेयजल संकट, रास्ता खोलने, अतिक्रमण हटाने, बिजली की आपूर्ति, पेंशन में विलंब, शिक्षा विभाग में स्थानांतरण, अवैध कब्जा, साफ-सफाई जैसे विषयों पर कुल 182 आवेदन प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त कई नागरिक बिना आवेदन के ही सीधे शिविर स्थल पर उपस्थित होकर अपनी समस्याएं बताने पहुंचे। मंत्री ने सभी मामलों को गंभीरता से लिया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में महिलाओं, बुजुर्गों और किसानों की भी विशेष भागीदारी देखने को मिली।

#### 'जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध सरकार'

मंत्री दिलावर ने कहा कि राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और जनसुनवाई जैसी व्यवस्थाएं जनता और शासन के बीच सेतु का कार्य करती हैं। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त आवेदनों की मॉनिटरिंग करते हुए समुचित फॉलोअप सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को राहत मिल सके। जनसुनवाई के दौरान कई मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जिससे उपस्थित नागरिकों में संतोष और विश्वास का माहौल दिखाई दिया।

---

फर्जी पीएम किसान एप से साइबर ठगी का नया जाल, बैंक खातों पर भी नजर

## एपीके फाइल डाउनलोड करते ही हैक हो रहा मोबाइल

### राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने जारी की एडवाइजरी, सतर्क रहने की अपील

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना के नाम पर इन दिनों सोशल मीडिया पर एक नया साइबर जाल फैलाया जा रहा है। साइबर अपराधी सोशल मीडिया पर किसान सम्मान निधि योजना की मोबाइल एप्लीकेशन होने का दावा करने वाला एक फर्जी लिंक या एपीके फाइल शेयर कर लोगों को फंसा रहे हैं। राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन को इस संबंध में सतर्क करते हुए एडवाइजरी संख्या 11/2025 जारी की है।

एसपी साइबर क्राइम शांतनु कुमार ने बताया कि एडवाइजरी के अनुसार पीएम किसान रजिस्ट्रेशन एवं पीएम किसान योजना की फर्जी एपीके फाइल व्हाट्सएप ग्रुप्स व अन्य माध्यमों से शेयर की जा रही है। दावा किया जा रहा है कि इस एप के जरिए किसान योजना में घर बैठे रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं और तुरंत लाभ पा सकते हैं। एसपी कुमार ने बताया कि लेकिन पुलिस जांच में सामने आया है कि इस फर्जी एपीके फाइल के जरिए बैकडोर मैलवेयर मोबाइल में इंस्टॉल हो जाता है। इससे मोबाइल का नियंत्रण साइबर अपराधियों के पास चला जाता है। अपराधी फिर मोबाइल स्क्रीन रिकॉर्डिंग, ओटीपी, बैंकिंग एप्स व अन्य संवेदनशील जानकारी हासिल कर बैंक खातों से अवैध रूप से धन निकाल रहे हैं।



#### 'सजगता व जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव'

साइबर क्राइम शाखा ने आमजन, विशेषकर किसानों और ई-मित्र संचालकों से अपील की है कि किसी भी फर्जी लिंक या एप से सावधान रहें। यदि ऐसी किसी गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, https://cybercrime.gov.in पोर्टल या निकटतम पुलिस थाना, साइबर थाना पर सूचना दें। पुलिस ने कहा कि समय-समय पर साइबर अपराधी अपनी रणनीति बदल रहे हैं। ऐसे में सजगता व जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है।

साइबर क्राइम शाखा ने स्पष्ट किया है कि पीएम किसान योजना में रजिस्ट्रेशन सिर्फ तहसील स्तर के कृषि कार्यालय, केंद्र सरकार के पोर्टल या सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) के माध्यम से ही किया जाता है। इस योजना की आधिकारिक वेबसाइट https://pmkisan.gov.in है। यदि मोबाइल एप डाउनलोड करनी हो तो केवल गूगल प्ले स्टोर से आधिकारिक एप ही डाउनलोड करें।

---

राज्यपाल ने सिरोही में जिलास्तरीय अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

## प्रत्येक पात्र व्यक्ति जनकल्याणकारी योजनाओं से हो लाभान्वित : बागडे

राज्यपाल ने संबंधित अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर सिरोही पहुंचे। उन्होंने जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में राज्यपाल ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति के लिए शिक्षा की स्थिति का उत्कृष्ट होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग बच्चों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाने का कार्य करे और उन्हें तर्क करना सिखाए। शिक्षक भी सिर्फ टेक्स्ट बुक तक सीमित नहीं होकर टेक्स्ट बुक से बाहर का ज्ञान भी विद्यार्थियों को दें। उन्होंने नन्हें बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के लिए शैक्षिक गतिविधियों में रोचकता जोड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में खेल खेलने की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया जाए, ताकि बच्चों की मानसिक और शारीरिक क्षमता दोनों का ही विकास हो। उन्होंने भिक्षावृत्ति से जुड़े बच्चों को भी विशेष प्रयास कर शिक्षा से जोड़ने की बात कही। साथ ही शिक्षा एवं महिला अधिकारिता विभाग के समन्वय से बालिकाओं को स्कूल से जोड़ने और कोई भी लड़की शिक्षा से ना छूटे, इसके लिए अधिक से अधिक प्रयास करने के निर्देश दिए।

#### 'जितने पौधे लगाएं, उनकी संभाल भी जरूरी'

राज्यपाल बागडे ने हरियालो राजस्थान की समीक्षा करते हुए कहा कि जितने पौधे लगाएं जाएं, उनकी सार-संभाल भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी कम करने के लिए आवश्यक है कि अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले में अब तक लाभान्वित लाभार्थियों के बारे में बताए जाने पर राज्यपाल ने अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के लाभार्थियों की जानकारी ली और प्रत्येक पात्र को लाभान्वित करने की बात कही।

#### राजीविका द्वारा उत्पादित वस्तुओं की ली जानकारी

राज्यपाल बागडे ने कहा कि जिले में राजीविका के समूह द्वारा उत्पादित वस्तुओं की अधिक से अधिक मार्केटिंग की जाए एवं प्रत्येक को व्यवसाय के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने इस दौरान समूह द्वारा किए गए व्यापार की लागत व नफा आदि की भी जानकारी जुटाने की बात कही। साथ ही उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में कचरा निस्तारण प्रक्रिया की भी समीक्षा कर निस्तारण की सटीक प्रक्रिया अपनाने, खाद बनाकर काश्तकारों को लाभाविन्त करने की बात कही।

#### 'सड़क से वंचित ना रहे जिले का कोई भी गांव'

राज्यपाल ने जिले में सड़कों की स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा कि जिले में कोई भी गांव सड़क से वंचित ना रहे, इसके प्रयास किए जाएं। उन्होंने जिले में हर घर में शौचालय की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामसेवकों द्वारा सर्वे करवाया जाए कि हर घर में शौचालय है या नहीं। इस दौरान सामुदायिक शौचालयों की उपयोगिता, निर्माण एवं सारसंभाल पर भी बात की। उन्होंने कहा कि किसी भी योजना की सफल क्रियान्विति तभी प्रासंगिक है जब उसके माध्यम से समस्या का पूर्ण समाधान हो।

---

## जेडीए ने जोन-12 में आम रास्ते से हटाए अतिक्रमण





महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जोन-9 जगतपुरा महादेव नगर के प्लॉट नं. 197 में व्यावसायिक प्रयोजन के लिए किए गए अवैध निर्माण को हटाया। वहीं जोन-12 में ग्राम शेरावतपुरा मुंडोता में गैर मुमकिन सरकारी आम रास्ते को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चंद्र विश्नोई ने बताया कि जोन-9 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित जगतपुरा महादेव नगर के प्लॉट नं. 197 में तृतीय फ्लोर के पर व्यावसायिक प्रयोजन के लिए टीनशेडनुमा, एल्यूमिनियम के स्ट्रेक्चर का अवैध निर्माण किए जाने की सूचना प्राप्त होने पर जोन-9 के राजस्व व तकनीकी स्टाफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते ने मजदूरों की सहायता से निर्माण को हटवाया। इसके अलावा जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम शेरावतपुरा मुंडोता में गैर मुमकिन सरकारी आम रास्ते पर कब्जा-अतिक्रमण कर मिट्टी की डोल बनाकर, झाड़ियां डालकर, लोहे के एंगल लगाकर, तारबंदी कर रास्ता अवरुद्ध कर रखा था, जिससे स्थानीय लोगों एवं आमजन को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा था।

इसकी सूचना मिलने पर राजस्व व तकनीकी स्टाफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से निर्माण हटवाकर सरकारी आम रास्ते को खुलवाया। ये कार्रवाई मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-तृतीय, चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन-9, 12 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाब्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टाफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते ने संपादित की। गौरतलब है कि प्रवर्तन प्रकोष्ठ वर्ष 2024 में 23 और वर्ष 2025 में 15 सहित अब तक कुल 38 सरकारी आम रास्तों को अतिक्रमण मुक्त करवा चुका है।

---

## वनशक्ति राष्ट्रीय सम्मेलन में एसीएफ प्राची चौधरी ने किया राजस्थान का प्रतिनिधित्व



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** महाराष्ट्र की चंद्रपुर वन अकादमी में 5 और 6 जून को आयोजित 'वनशक्ति-2025' राष्ट्रीय महिला वन अधिकारियों के दो दिवसीय सम्मेलन का समापन हुआ। महाराष्ट्र के वन मंत्री गणेश नाइक की अध्यक्षता में हुए महत्वपूर्ण आयोजन में देशभर से महिला वन अधिकारियों ने शिरकत की, जिसमें राजस्थान वन विभाग का प्रतिनिधित्व सहायक वन संरक्षक (एसीएफ) प्राची चौधरी ने किया। सम्मेलन की महत्ता पर बात करते हुए एसीएफ प्राची चौधरी ने इसे 'महिलाओं को सशक्त बनाने और हमारी हरित विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक सफल कदम' बताया। उन्होंने जोर दिया कि यह सम्मेलन देश में महिला वन अधिकारियों की भूमिका को और मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा। इस दौरान महिला अधिकारियों ने अपने अनुभव और विचारों का आदान-प्रदान किया, जिससे वानिकी क्षेत्र में महिलाओं के योगदान को नई दिशा मिली है।

---

## प्राध्यापक (संस्कृत शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा में पात्रता जांच एवं सत्यापन 9 से

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा आयोजित प्राध्यापक (संस्कृत शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2024 में विचारित सूची में चयनित अभ्यर्थियों को संस्कृत शिक्षा विभाग द्वारा पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के लिए 9 से 11 जून तक राजकीय आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, गांधी सर्किल के पास, महात्मा गांधी रोड, गांधीनगर, जयपुर में आमंत्रित किया गया है। संस्कृत शिक्षा विभाग आयुक्त प्रियंका जोधावत ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम एवं अन्य संबंधित दस्तावेज व प्रारूपों की विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट (https://education.rajasthan.gov.in./sanskrit/#/home/dptHom) पर देखी जा सकती है।

---

## रोजगार कार्यालय और घर की ली तलाशी, पाक में मिलने वाले लोगों की जांच

### जासूस शकूर खान को जांच के लिए लाए जैसलमेर

महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** पिछले दिनों पकड़े गए जासूस शकूर खान को गुरुवार को जैसलमेर लाया गया। इसके बाद मंगलियों की ढाणी स्थित उसके घर व रोजगार कार्यालय में तलाशी ली गई। गौरतलब है कि गत 28 मई को जासूसी के संदेह में पकड़े गए शकूर खान के खिलाफ सबूत मिलने पर उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया था। इसके बाद कोर्ट ने उसे 10 जून तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। बाद में पुलिस शकूर से पूछताछ कर जांच में जुटी हुई है। गुरुवार को शकूर खान को घर लाकर तस्दीक की गई। इसके बाद पुलिस जैसलमेर के सीआईडी ऑफिस ले गई।



#### 10 जून तक पुलिस रिमांड पर है शकूर

राजस्थान इंटेलिजेंस और अन्य जांच एजेंसियां शकूर के मूवमेंट, संपर्कों और पाकिस्तान में उससे मिलने वाले लोगों की गहन जांच कर रही हैं। गत 28 मई को शकूर को जैसलमेर से डिटेन किया गया था। शकूर के मोबाइल डेटा और नंबरों के आधार पर अन्य संभावित संदिग्धों की तलाश जारी है। जांच एजेंसियां शकूर खान की विभागीय छुट्टियों और विदेश यात्राओं के रिकॉर्ड को भी खंगाल रही हैं। गौरतलब है कि साल 2000 में उसने एक चपरासी के तौर पर सरकारी सेवा शुरू की थी और बाद में प्रमोशन पाकर सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद तक पहुंचा था।

---

## सीकर में खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर 7 को

महानगर संवाददाता

**सीकर।** राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 7 जून को सीकर शहर के दीवानजी की धर्मशाला, जाट बाजार सीकर में खाद्य लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में सभी प्रकार के खाद्य कारोबारी अपना खाद्य लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन बनवा सकते हैं। सीएमएचओ डॉ. अशोक महरिया ने बताया कि शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी फूलसिंह बाजिया व विभाग की टीम आवेदन करने वाले व्यापारियों को मौके पर ही लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन जारी करेगी। शिविर में खाद्य व्यापारी अपना लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन रिनुअल भी करवा सकते हैं। शिविर में खाद्य कारोबारियों को मानक अधिनियम 2006 व विनियम 2011 की जानकारी दी जाएगी। एमएफटीएल वाहन द्वारा मौके पर ही खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की जाएगी।



---

खानधारकों को बड़ी राहत : खान विभाग का लीज इन्फॉर्मेशन सिस्टम व डिमांड सिस्टम हुआ ऑनलाइन

# लीजधारकों के समय और धन की होगी बचत : रविकांत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश के खानधारक अब एक क्लिक पर अपनी लीज प्रोफाइल ऑनलाइन देख सकेंगे, वहीं डिमांड राशि की स्वयं जानकारी लेकर राशि जमा करा सकेंगे। खान विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत ने बताया है कि प्रदेश के लीज इन्फॉर्मेशन सिस्टम और डिमांड सिस्टम की संपूर्ण प्रक्रिया अब ऑनलाइन कर दी गई है। नई व्यवस्था के तहत अब खनिज अभियंता, सहायक खनिज अभियंता समस्त दस्तावेज का ऑनलाइन सत्यापन कर सकेंगे और संबंधित लीजधारक भी अपनी लीज संबंधी जानकारी देख सकेंगे। लीजधारक द्वारा सरकार को देय राशि की जानकारी भी ऑनलाइन मिल सकेगी। वहीं लीजधारक देय राशि की स्वयं जानकारी लेकर राशि जमा करा सकेंगे।



टी. रविकांत ने बताया कि एलआईएस सिस्टम के ऑनलाइन होने से लीज जारी होने से लेकर संपूर्ण जानकारी यथा कंसेट टू ऑपरेट, अनुमोदित माइनिंग प्लान, डेडरेंट, खनिज खनन आदि सभी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध होगी। संबंधित एमई-एएमई द्वारा ऑनलाइन रिकार्ड का सत्यापन किया जाएगा। लीजधारक भी अपनी लीज से संबंधित जानकारी ऑनलाइन देख सकेंगे। उन्होंने बताया कि खान विभाग के पारदर्शी और सरलीकृत व्यवस्था की दिशा में बढ़ता हुआ यह और एक कदम है। इससे प्रदेश के हजारों लीजधारक लाभान्वित हो सकेंगे। इससे समय व धन बचेगा, वहीं विभागीय व्यवस्था और अधिक प्रभावी हो सकेगी।

#### सीएम ने जताई थी आवश्यकता

मुख्यमंत्री एवं खान मंत्री भजनलाल शर्मा ने खनिज प्रक्रिया को पारदर्शी और सरलीकृत बनाने की समय-समय पर आवश्यकता प्रतिपादित की है। इन निर्देशों के क्रम में विभागीय प्रक्रिया को ऑनलाइन करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ा जा रहा है। पिछले दिनों विभाग द्वारा माइनिंग प्लान अनुमोदन की संपूर्ण प्रक्रिया को भी पूरी तरह से ऑनलाइन कर दिया है।

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25